वर्ष- 12 अंक - 161
लखनऊ, गुरुवार 30 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



हर मतदाता से संपर्क व संवाद जरूरी : धर्मपाल सिंह 03

गोल्डेन कार्ड की प्रगति न मिलने पर डीएम नाराज 04

## जेपीसी ने वक्फ पर विधेयक के संशोधित प्रारूप को दी मंजूरी

एजेंसी

**संशोधित विधेयक अपनाए जाने की विपक्ष ने की कड़ी आलोचना**

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संसद की संयुक्त समिति ने बुधवार को इससे जुड़ी रिपोर्ट और मसौदा विधेयक के संशोधित प्रारूप को बहुमत के वोट के आधार पर मंजूरी प्रदान कर दी। समिति ने 15 बनाम 11 मतों से इसे स्वीकार किया है। समिति की ओर से विधेयक में 14 खंडों में संशोधनों को अपनाया गया है।

समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने आज जेपीसी की बैठक के बाद पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कल लोकसभा अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। दूसरी ओर संशोधित विधेयक अपनाए जाने की विपक्षी सदस्यों ने कड़ी आलोचना की है।

विपक्ष का कहना है कि यह पूरी तरह से असंवैधानिक है और इससे वक्फ बोर्ड यानी मुसलमान के धार्मिक मसले में सरकारी हस्तक्षेप को अनुमति मिल जाएगी। दूसरी ओर समिति के अध्यक्ष का कहना है कि विपक्ष की ओर से उठाए गए कई मसलों और चिंताओं का संशोधित स्वरूप में ध्यान रखा गया है।

## नेविगेशन सैटेलाइट के प्रक्षेपण के साथ इसरो ने पूरा किया 100वां मिशन

### दक्षिण भारत के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया गया (जीएसएलवी एफ-15) का सफल प्रक्षेपण, देशभर से मिल रहे बधाई संदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बुधवार को इसरो ने अपने 100वें मिशन के तहत एक नया नेविगेशन सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजा। यह प्रक्षेपण दक्षिण भारत के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया गया।

इस मिशन के तहत जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी-एफ15) को सुबह 6.23 बजे प्रक्षेपित किया गया। यह सैटेलाइट भारत के नेविगेशन सिस्टम को और मजबूत करेगा। खास बात यह रही कि यह इसरो के नए अध्यक्ष वी. नारायणन के नेतृत्व में पहला प्रक्षेपण था, जिन्होंने हाल ही में पदभार संभाला है। इस सफलता के बाद इसरो को देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसरो को बधाई देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। टीम इसरो ने एक बार फिर भारत को गौरवान्वित किया है। विक्रम साराभाई और सतीश धवन की दूरदृष्टि से शुरू हुई यात्रा आज नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है। यह प्रक्षेपण भारत के नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन सिस्टम का हिस्सा है। यह एक स्वदेशी नेविगेशन प्रणाली है, जो भारत को विदेशी जीपीएस सेवाओं पर निर्भरता कम करने में मदद करेगी। इससे भारत के परिवहन, सैन्य, समुद्री, कृषि और संचार क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।



**ऐसे काम करेगा यह सैटेलाइट**

एनवीएस–02 उपग्रह कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है। यह ज़मीन, हवा और समुद्र में नेविगेशन में मदद करेगा। इसके अलावा, सटीक कृषि, बेड़े प्रबंधन (फ्लीट मैनेजमेंट) और मोबाइल लोकेशन सर्विसेज में भी अहम भूमिका निभाएगा। इसरो का कहना है कि उपग्रह इंटरनेट–ऑफ–थिंग्स और आपातकालीन सेवाओं में भी मदद करेगा। इस मिशन की सफलता इसरो को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत बनाएगी। हाल के वर्षों में इसरो ने कई महत्वपूर्ण मिशन पूरे किए हैं, जिनमें चंद्रयान, मंगल मिशन और विदेशी उपग्रहों के प्रक्षेपण शामिल हैं। यह मिशन भारत को वैश्विक अंतरिक्ष दौड़ में आगे रखने में मदद करेगा। यह लॉन्च सिर्फ एक मिशन नहीं, बल्कि इसरो की वर्षों की मेहनत और तकनीकी प्रगति का प्रमाण है। इस सफलता ने इसरो को दुनिया की शीर्ष अंतरिक्ष एजेंसियों की सूची में और मजबूत कर दिया है।



प्रधानमंत्री मोदी ने इसरो को ऐतिहासिक 100वें प्रक्षेपण पर बधाई दी। उन्होंने इसे एक अविश्वसनीय मील का पत्थर बताया जो देश के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की दूरदर्शिता, समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा में निजी क्षेत्र की बढ़ती भूमिका पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्र अंतरिक्ष अन्वेषण में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करना जारी रखेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सूचना आयुक्त की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**लखनऊ ।** लखनऊ हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। जनहित याचिका में कहा था कि उनकी नियुक्ति सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 15(6) का उल्लंघन करती है। जो किसी भी पेशे को जारी रखने पर रोक लगाती है। गुप्ता की नियुक्ति को बरकरार रखा गया है। सुनवाई न्यायमूर्ति अताउर रहमान मसूदी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ में हुई। याचिकाकर्ता ने अपनी बात खुद रखी। जबकि सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल ने पक्ष रखा। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका को खारिज कर दिया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 13 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने 13 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इन पर श्रीलंका के समुद्री जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप जड़ा गया है। इनको जापना के पास कांकेसंथुराई में 28 जनवरी को पकड़कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इनकी न्यायिक हिरासत अवधि 10 फरवरी को पूरी होगी। एक नौसेना अधिकारी ने 27 जनवरी को कांकेसंतुरई पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि श्रीलंकाई जल क्षेत्र में भारतीय मछुआरे अनधिकृत रूप से मछली पकड़ने की गतिविधियों में संलिप्त हैं।

### कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र, पक्की नौकरी का वादा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये घोषणापत्र जारी किया और दिल्लीवासियों से वादा किया कि अगर वह सत्ता में आती है, तो जातिगत सर्वेक्षण करवाकर गरीबों का उत्थान करने का काम करेगी और छह महीने के भीतर मजबूत लोकपाल विधेयक पारित करवायेगी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने कहा, हम चाहते थे कि जनता तक ये संदेश जाये कि कांग्रेस जो कहती है, वह करती है। ये गारंटी सिर्फ पार्टी की नहीं है, बल्कि ये जनता का हक है।

### दिल्ली में प्रदूषण बढ़ा, ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया है। बुधवार को औसत वायु एक्यूआई शाम चार बजे 365 दर्ज किया गया। इसको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने आपात बैठक बुलाई और ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) तीन की पाबंदियां लागू करने के आदेश दिए।

**आवश्यकता**

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ- 226001,**
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833

# महाकुंभ भगदड़ में 30 की मौत

### मरने वालों में यूपी के सबसे ज्यादा 19 श्रद्धालु, कर्नाटक के चार, गुजरात व असम के एक-एक श्रद्धालु की मौत

**60 लोग हुए घायल 25 शवों की पहचान**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट मंगलवार और बुधवार की आधी रात को हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई। हादसे के 17 घंटे बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 लोगों की मौत की पुष्टि की। शाम 6.30 बजे मेला अधिकारी विजय किरण आनंद और डीआईजी वैभव कृष्णा ने 3 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस की। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा- भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। 60 लोग घायल हैं। 25 शवों की पहचान कर ली गई है।

उन्होंने कहा कि भगदड़ में मरने वालों में यूपी के सबसे ज्यादा 19, कर्नाटक के 4, गुजरात और असम के एक-एक श्रद्धालु की मौत हुई है। उन्होंने कहा- घाट पर कुछ बैरिकेड्स टूट गए थे, जिसकी वजह से कुछ लोग जमीन पर सो रहे कुछ श्रद्धालुओं पर चढ़ गए। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि मेले में कोई वीआईपी प्रोटोकाल नहीं होगा। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने कहा- जो श्रद्धालु महाकुंभ में आएं हैं, उन्हें वापस भेजने के लिए काम किया जा रहा है। जब हादसा हुआ, उस समय लोग संगम तट पर मौनी अमावस्या के स्नान के लिए इंतजार कर रहे थे।



**मौनी अमावस्या पर सायं सात करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी**

**नई दिल्ली।** सरकार ने इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा इथेनॉल की खरीद के लिए तंत्र को मंजूरी देते हुये इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024–25 के लिए इसकी कीमतों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुयी आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस कार्यक्रम के तहत 01 नवंबर, 2024 से 31 अक्टूबर 2025 तक इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024–25 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के लिए इथेनॉल खरीद मूल्य में संशोधन को मंजूरी दी गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये संवाददाताओं से कहा कि इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024–25 के लिए सी हैवी मोलासेस (सीएचएम) की प्रशासित एक्स–मिल कीमत 56.58 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर तय की गई है।

**भगदड़ हादसे की जांच करेगा न्यायिक आयोग**

**मृतक आश्रितों को मिलेगा 25–25 लाख का मुआवजा**

**महाकुम्भ नगर।** मौनी अमावस्या स्नान के अवसर पर संगम नोज पर हुए हादसे की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है। पुलिस भी हादसे की जांच करेगी। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक गुरुवार को घटना स्थल का दौरा करेंगे। प्रदेश सरकार मृतकों के आश्रितों को 25–25 लाख रुपये की आर्थिक मदद देगी। इस हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार को बनाया गया है। पूर्व डीजीपी वी.के. गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस बी.के. सिंह आयोग के सदस्य हैं। न्यायिक आयोग इस पूरे मामले को देखकर एक समय सीमा के अंदर राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा। बुधवार को मेला अधिकारी विजय किरन आनन्द एवं डीआईजी मेला वैभव कृष्ण ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भारी भीड़ के दबाव में बैरिकेड्स टूटने से यह हादसा हुआ।



महाकुंभ भगदड़ में 30 लोगों की मौत पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा, घटना अत्यंत दुखद है, मृतकों के प्रति मेरी विनम्र श्रद्धांजलि है। जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। इस घटना की पूरी जांच करवा करके हम इसकी तह में जाएंगे। न्यायिक आयोग इस पूरे मामले को देखकर एक समय सीमा के अंदर राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा। इस घटना की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री भावुक हो गए। **सीएम योगी**

## सेना के लिए स्वदेशी पिनाका रॉकेट लॉन्चर खरीदने को मिली मंजूरी

एजेंसी

**10 हजार करोड़ की लागत से खरीदी जाएगी मल्टी बैरल हथियार प्रणाली**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को 10 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली स्वदेशी पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट-लॉन्चर हथियार प्रणाली की खरीद को मंजूरी दे दी। सेना अब स्वदेशी पिनाका मल्टी-लॉन्च आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम पर पूरा जोर दे रही है और भारत अन्य देशों को भी इन प्रणालियों का निर्यात कर रहा है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिनाका रॉकेट और लॉन्चरों का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सेना ने चार पिनाका रेजिमेंट को शामिल किया है, जिनमें से कुछ लॉन्चर चीन के साथ उत्तरी सीमाओं के साथ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी तैनात किए गए हैं। सरकार ने देश की उत्तरी और पूर्वी सीमाओं पर छह पिनाका रॉकेट रेजिमेंट बनाने का फैसला किया है। लम्बी दूरी तक मार करने के लिए फ्री फ्लाइट आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम की मारक क्षमता 45 किलोमीटर है, जबकि हवाई हथियारों को 37.5 किमी. की दूरी तक लॉन्च किया जा सकता है। इसका लॉन्चर सिर्फ 44 सेकेंड में 12 पिनाका रॉकेट्स दागने में सक्षम है। डीआरडीओ ने पिनाका के लिए कई प्रकार के गोला-बारूद विकसित किए हैं, जिनमें निर्देशित विस्तारित रेंज वाले रॉकेट शामिल हैं। पिनाका सिस्टम की एक बैटरी में छह लॉन्च व्हीकल होते हैं और साथ ही लोडर सिस्टम, रडार और नेटवर्क सिस्टम से जुड़ी एक कमांड पोस्ट होती है। एक बैटरी के जरिए एक गुणा एक किलोमीटर एरिया को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सकता है। मार्क-आई की रेंज करीब 37.5 किलोमीटर है जबकि मार्क-आई से 75 किलोमीटर दूर तक निशाना साधा जा सकता है। छह पिनाकारेजिमेंटों में 114 लॉन्चर तैनात होंगे। इसके लिए ऑटोमेटिक गन ऐमिंग एंड पोजिशनिंग सिस्टम और 45 कमांड पोस्ट्स टाटा पावर कंपनी लिमिटेड (टीपीसीएल) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) से खरीदे जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक पर दर्ज मुकदमों का केंद्र सरकार से मांगा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत प्रतिबंधित तीन तलाक के जरिए तलाक के मामलों में मुस्लिम पुरुषों के खिलाफ दर्ज मुकदमे और दाखिल आरोप पत्र की संख्या का आंकड़ा पेश करने का बुधवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने तीन तलाक को अपराध बनाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा, अब सभी मुकदमे केंद्रीकृत हो गए हैं। अब हमें बताएं कि कितने मामले लंबित हैं।

## पूर्वोत्तर रेलवे ने कई ट्रेनों को किया निरस्त, वाहन की आवाजाही रुकी

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी-प्रयागराज राजमार्ग पर वाहनों की लगी लम्बी कतार**

**वाराणसी।** प्रयागराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के पूर्व हुई भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत के बाद पूर्वोत्तर रेलवे ने बुधवार को कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया। रेलवे प्रशासन ने बताया कि अपरिहार्य परिचालनिक कारणों से इन ट्रेनों को निरस्त किया गया है। माना जा रहा है कि महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के भारी भीड़ के दबाब को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह के अनुसार बनारस से 29 जनवरी को चलने वाली 12559 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस निरस्त की गई है। इसी तरह बलिया से 29 जनवरी को चलने वाली 22581 बलिया-नई दिल्ली एक्सप्रेस और गोरखपुर से 29 जनवरी को चलने वाली 15004 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस निरस्त की गई है।

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि इसी क्रम में गोरखपुर से 29 जनवरी को चलने वाली 05004 गोरखपुर-झूसी कुम्भ विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 29 जनवरी को चलने वाली 05183 गोरखपुर-झूंसी कुम्भ विशेष गाड़ी निरस्त की गई है।

## हाईकोर्ट से कांग्रेस सांसद राठौर को झटका, अग्रिम जमानत देने से इनकार

**लखनऊ ।** इलाहबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने अग्रिम जमानत देने से मना करते हुए याचिका को किया निस्तरित। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने राकेश राठौर की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के पश्चात पारित किया। याची की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया की वादी ने यह मुकदमा 4 साल के पश्चात लिखवाया है। याची को इस मुकदमे में झूठा फसाया गया है। वादी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया की याची समाज का सम्मानित वा दबंग नेता है जिसके डर के कारण वादी ने मुकदमा देर से लिखवाया।

## राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहन देने के लिए 16,300 करोड़ रुपये के परिव्यय से राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को स्वीकृति दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के लिए 16300 करोड़ रुपए के परिव्यय का प्रावधान किया गया है, जबकि लोक उपक्रमों से 18,000 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिलेगी और उद्योगों को उच्च तकनीक की उपलब्धता बढ़ेगी। श्री वैष्णव ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता है। इसी के अनुरूप केंद्रीय वित्त मंत्री ने वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में क्रिटिकल मिनरल मिशन की स्थापना की घोषणा की। राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन खनिज खोज, खनन, मूल्यवर्धन, प्रसंस्करण और उपयोग-काल समाप्त होने वाले उत्पादों से पुन प्रयोग सहित मूल्य श्रृंखला के सभी चरणों को शामिल करेगा। मिशन देश के भीतर और इसके अपतटीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को तेज करेगा।



**म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना को भी मंजूरी**

**नई दिल्ली।** सरकार ने एमएसएमई के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना (एमसीजीएस–एमएसएमई) शुरू करने को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत उपकरण/मशीनरी की खरीद के लिए एमसीजीएस–एमएसएमई के तहत पात्र एमएसएमई को स्वीकृत 100 करोड़ रुपये तक की ऋण सुविधा के लिए राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड द्वारा सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को 60 प्रतिशत गारंटी कवरेज प्रदान किया जाएगा।

**जनसभा**

**पीएम मोदी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के करतारनगर क्षेत्र में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कहा**

## आप-कांग्रेस की मिलीभगत से 25 साल तक दिल्ली हुई बर्बाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस पर इस सदी के पहले 25 साल तक दिल्ली में सत्ता में रह कर राजधानी को को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुये बुधवार को कहा कि इस बार दिल्ली विधान सभा चुनाव में हार के डर से बौखलाई सत्तारूढ़ आप चाहती है कि जिस क्षेत्र में उसके प्रत्याशी न जीते, वहां कांग्रेस को जीत मिले, ताकि वे फिर मिल-जुल कर सरकार बना सकें।

श्री मोदी ने कहा कि अब दिल्ली के मतदाताओं के पास इस स्थिति को बदलने का मौका है और भापजा दिल्ली में सत्ता में आने पर इसे विकसित दुनिया के एक मॉल शहर के रूप में विकसित करेगी। उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली के करतारनगर क्षेत्र में पार्टी द्वारा आयोजित रैली को संबोधित करते हुये दिल्ली में सत्तारूढ आप की सरकार को पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त और पूरी तरह विफल होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आप सरकार ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्टों को जनता से छुपाने का देश में एक अनूठा काम किया ताकि उसकी कारस्तानियों से पर्दा न उठे। प्रधानमंत्री ने दिल्ली में सरकार चला रही आप के लिये आप-दा की संज्ञा दोहराते हुये कहा कि उसके विधायकों के प्रति दिल्ली की जनता में जबरदस्त नाराजगी है।



**मोदी-केजरीवाल में कोई फर्क नहीं : राहुल गांधी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को एक ही सिक्के के दो पहलू बताते हुए आज कहा कि दोनों असत्य बोलते हैं और उल्टे सीधे वादे कर जनता को गुमराह करते हैं। श्री गांधी ने यहां बवाना में चुनावी सभा में कहा कि मोदी और केजरीवाल की काम करने की शैली में कोई फर्क नहीं है और दोनों जनता को गुमराह कर राजनीति करते हैं।

**कांग्रेस ने दिल्ली को बदल दिया : खरगे**



नई दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुराड़ी में पार्टी उम्मीदवार मंगेश त्यागी के समर्थन में बुधवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने रैली में आए लोगों को दिल्ली में शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौर की याद दिलाई, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में बड़े पैमाने पर विकास हुआ था। उन्होंने कहा कि राजधानी में बेहतरीन सड़कें, फ्लाईओवर और मेट्रो ट्रेन जैसी विशाल अवसंरचनाएं शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान लाई गई थीं। आम आदमी पार्टी (आआपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने में एक साथ थीं और अब फिर से एक साथ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कैसे भाजपा और केजरीवाल की टीम ने मिलकर कांग्रेस के खिलाफ अन्ना हजारे का आंदोलन शुरू किया।

## गणतंत्र दिवस परेड : उत्तर प्रदेश की झांकी महाकुंभ को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

समृद्धि न्यूज

**जम्मू-कश्मीर राइफल्स को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल का पुरस्कार**

**नई दिल्ली।** 76वें गणतंत्र दिवस परेड के सर्वश्रेष्ठ झांकी और मार्चिंग दल के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश की झांकी महाकुंभ 2025 - स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास के लिए प्रथम पुरस्कार मिला। यह झांकी महाकुंभ मेले की भव्य परंपरा और विकास को दर्शाती है। गौरतलब है कि गणतंत्र दिवस परेड 26 जनवरी को कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में आयोजित हुई थी जिसमें सांस्कृतिक झांकियों और अनुशासित मार्चिंग दलों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

मार्चिंग दलों में, जम्मू-कश्मीर राइफल्स को सशस्त्र बलों में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल घोषित किया गया जबकि दिल्ली पुलिस मार्चिंग दल ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और अन्य सहायक बलों की श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त किया।

वहीं राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों में त्रिपुरा को उसकी खर्ची पूजा : 14 देवताओं की आराधना विषय पर आधारित झांकी के लिए दूसरा स्थान मिला जबकि आंध्र प्रदेश की एटिकोप्पाका बोम्मालु पर्यावरण के अनुकूल लकड़ी के खिलौने थीम वाली झांकी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर कार्यशाला

▸ कलेक्ट्रेट में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट में 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका' विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई, जिसका नारी सशक्तिकरण के फील्ड में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त थारू जनजाति की आरती राना व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संयुक्त रूप से शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का संयोजन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि देश, प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में आपदा के वक्त महिला को फ्रंट रनर माना गया है। समूह की महिलाए प्रशिक्षित होने पर विपदा से निपटने, निजात पाने और उसकी क्षति को न्यूनतम करने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाने में सक्षम साबित होगी। प्रशिक्षण पाने के उपरांत मास्टर ट्रेनर बनकर यह महिलाएं कम से कम 50-50 महिलाओं को आपदा से बचाव के लिए ट्रेंड करेंगी।

डीएम ने कहा कि आपदा जोखिम प्रबंधन हेतु महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व को प्रोत्साहित करना जरूरी है। किसी भी आपदा के दौरान बच्चे, वृद्ध व अस्वस्थ व्यक्ति तथा महिलाएं सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। महिलाओं को आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण देकर समुदाय के सर्वाधिक संवेदनशील समूह को जागरूक, सुरक्षित बनाया जा सकता है।विभिन्न सत्रों के जरिए जो कुछ सिखाया, बताया जा रहा है, उसको अपने जीवन में उतारे तभी इस कार्यशाला का उद्देश्य पूरा होगा।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि जिले के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न आपदाओं के प्रकार, कारण तथा संवेदनशीलता से स्वयं सहायता समूहों को अवगत कराना है। समुदाय की अंतिम इकाई तक आपदाओं के संबंध में जागरूकता फैलाना है। आपदाओं की रोकथाम, शमन की तैयारी तथा आपदा के समय 'क्या करें व क्या न करें' के संबंध में महिलाओं को जानकारी प्रदान करना है। आपदा पूर्व तैयारी, आपदा के दौरान किए जाने वाले कार्य तथा आपदा के पश्चात पुनर्वास में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को रेखांकित करना इत्यादि है।

**प्रशिक्षक राज नारायण वर्मा ने सिखाए आपदा से बचाव के तरीके:** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रशिक्षक राज नारायण वर्मा ने महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को आग, भूकंप, बाढ़ और दूसरी आपदा के दौरान बचाव करने के तरीके सिखाए। आपदा में घायल हुए लोगों को प्राथमिक उपचार करने की ट्रेंनिंग भी दी।कार्यशाला की शुरुआत में एसडीएम अमिता यादव ने कार्यशाला की आवश्यकता, प्रासंगिकता बताई। आपदा प्रबंधन के विभिन्न चरणों, गतिविधियों के कुशल संचालन में महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में प्रशिक्षित करते हुए सम्पूर्ण समुदाय को जागरूक व प्रशिक्षित कर विभिन्न आपदाओं से होने वाली जन-धन एवं पर्यावरण की हानियों को न्यूनतम किया जा सकता है।

**इनकी रही मौजूदगी:** कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, उपायुक्त स्वत रोजगार जेके मिश्र, एसडीएम अमिता यादव, तहसीलदार (सदर) सुशील प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार श्रीश त्रिपाठी, दैवीय आपदा क्लर्क राम नरेश भार्गव, आपदा विशेषज्ञ अंकित राज सहित करीब 150 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।



## डिजास्टर असेसमेंट में दस समूह की महिलाओं ने जीता पुरस्कार, सम्मानित

**दस समूह की महिलाओं को मिले एक-एक हजार के चेक**

**कार्यशाला** में प्रशिक्षण के उपरांत हुए असेसमेंट में प्रश्नोत्तरी में सही जवाब और बेहतरीन परफॉर्मेंस पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर एडीएम संजय कुमार सिंह ने रमियाबेहड से आकांक्षी स्वयं सहायता समूह की बीनू कुमारी, कुम्भी से सरस्वती स्वयं सहायता समूह की प्रेमवती, बाकेगंज से जय मा वैणो देवी प्रेरणा समूह की सीमा देवी, मोहम्मदी से अली प्रेरणा की रंगोली, महक प्रेरणा की बुशरा, मितौली से कल्पना प्रेरणा की कल्पना देवी, पलिया से सीता प्रेरणा की मोनिका, बेहजम से जिन्दबाबा समूह की फरजाना बानो, रमियाबेहड से सानवी प्रेरणा की सरस्वती कुमारी और फूलबेहड़ से विजय प्रेरणा समूह की श्रीमती सूफी को 01-01 हजार की चेक प्रदान किए।

## विद्यारंभ संस्कार एवं पाटी पूजन कार्यक्रम होगा संपन्न

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

दिनांक 2 फरवरी 2025 को ज्ञान की देवी माता सरस्वती के जन्मदिवस पर आर.एम.ज्ञान दायिनी इण्टर कॉलेज राजाजीपुरम राजापुर लखीमपुर खीरी में विद्यारंभ संस्कार एवं पाटी पूजन कार्यक्रम सम्पन्न होने जा रहा है। विद्यालय 1995 से अनवरत आधुनिक शिक्षा संस्कार एवं अनुशासन सहित प्रदान करता आया है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह जी तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी उमा कटियार जी होंगी।

# मीना सुगमकर्ता की दो दिवसीय कार्यशाला हुई संपन्न

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव के मार्गदर्शन में मीना सुगमकर्ता की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को सम्पन्न हुई। कार्यशाला में ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद व इस कार्यशाला में संदर्भ दाता के रूप में सत्येंद्र बहादुर सिंह व गरिमा कुशवाहा ने प्रशिक्षण की बारीकियों को स्पष्ट करते हुए सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे सेल्फ स्ट्रीम, जीवन कौशल, पावर एंजेल, सशक्तिकरण, समावेशी शिक्षा पर प्रभावी चर्चा की गयी। इस कार्यशाला में ब्लॉक के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के सुगमकर्ता ने प्रतिभाग किया। अब यह सुगमकर्ता प्रशिक्षित होने के उपरांत अपने-अपने विद्यालयों में मीना मंच सुगमकर्ता के रूप में कार्य करेंगे। यह प्रशिक्षण जनपद के सभी विकासखंड में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के दिशा निर्देशन व जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रेनू श्रीवास्तव के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग सीमेट प्रयागराज द्वारा की जा रही है। प्रशिक्षण में यूनिसेफ से रिजवान अहमद द्वारा भौतिक रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग की गई और विकास क्षेत्र मितौली में चल रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता से प्रभावित होकर ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद व दोनों संदर्भदाताओं की प्रशंसा की।




# परिवार नियोजन की सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सारथी वाहन हुए रवाना

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जनसंख्या नियंत्रण को लेकर मिशन परिवार विकास के अंतर्गत परिवार नियोजन की सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए आईईसी से सुसज्जित दो सारथी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के द्वारा रवाना किया गया। ब्लॉक स्तर पर भी ऐसे ही तीन-तीन प्रचार वाहन गांव-गांव तक परिवार नियोजन का संदेश पहुंचाएंगे।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि बढ़ती हुई जनसंख्या का स्थिरीकरण करना एक अच्छे भविष्य की शुरुवात से है। परिवार नियोजन की सेवाओं में महिला नसबंदी, पुरुष नसबंदी, कापर टी, अंतरा इंजेक्शन, छाया साप्ताहिक गोली, माला एन, ईसी पिल आदि सभी सीएचसी और पीएचसी पर उपलब्ध है। हमारे देश में सीमित संसाधन है ऐसे में बढ़ाने वाली जनसंख्या से संसाधनों में कमी आएगी, परंतु जनसंख्या नियंत्रण से इनमें व्यापक सुधार भी किए जा सकतें हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मिशन परिवार विकास के अंतर्गत सारथी वाहनों का संचालन गांव-गांव तक जन जागरूकता पहुंचने के लिए किया जा रहा है। इस दौरान एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा, सीएचसी अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ रवि सिंह, डॉ. रामू वर्मा, डॉ. अमित सिंह, डॉ. राकेश गुप्ता, डीपीएम अनिल यादव, डैम सतपाल सिंह, एफएम फैमिली प्लानिंग पद्माकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।




## खबरें एक नजर में

### मौनी अमावस्या: श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** मौनी अमावस्या के अवसर पर गोमती नदी के पावन तट पर श्रद्धालुओ ने स्नान कर बाबा टेंढेनाथ की पूजा अर्चना कर पंडे पुरोहितो को दान कर पुण्य के भागीदार बने। बाबा टेढेंनाथ धाम पर लगने बाले मेले मे श्रद्धालु कई दिन पहले से ही जुटने शुरु हो गये थे वहीं पंडितों और दुकानदारो ने एक दिन पहले से ही पंडाल सजा लिये थे।बाबा टेंढेनाथ धाम पर आने जाने बाले श्रद्धालुओं का सिलसिला सुबह से शाम तक जारी रहने के साथ हर हर महादेव के जयघोष से धाम गूंजता रहा। बुधवार को प्रातः से ही गोमती के पावन तट पर क्षेत्रीय तथा दूर दराज से आये हुए श्रद्धालुओ की भीड़ जमा हो गयी और लोगो ने स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। पंडित चंचल किशोर मिश्र बताते हैं कि पौंराणिक शास्त्रों के मुताबिक माघ महीने की अमावस्या तिथि को मौनी अमावस्या के नाम से जाना जाता है। इस दिन मौन व्रत रखने और मुख से कटु शब्द न निकलने से मुनि पद की प्राप्ति होती है। पवित्र नदी में डुबकी लगाने से जीवन सफल हो जाता है। इस मौके पर कई सेवा समितियों के द्वारा बाबा टेंढेनाथ मंदिर परिसर में आखण्ड रामायण पाठ और अनवरत चलने वाले भंडारे का आयोजन भी किया गया।

### व्यवस्थाएं परखने अयोध्या पहुंचे एडीजी जोन, लिया जायजा



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।** प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा प्रबंधन का पर्यवेक्षण करने बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन एस.बी. शिरोडकर अचानक अयोध्या पहुंच गए। श्री शिरोडकर ने मण्डलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार के साथ मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया तथा रामनगरी में चिन्हित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक श्री शिरोडकर ने अयोध्या के प्रमुख स्थलों यथा येलो जोन कन्ट्रोल रूम,अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन,लता चौक का भौतिक अवलोकन भी किया।उन्होंने मातहत अधिकारियों से येलो जोन कन्ट्रोल रूम में लगी स्क्रीन के माध्यम से धाम के प्रमुख चौराहों आदि की भीड़ की स्थिति रास्तों के डायवर्जन आदि के विषय मे जानकारी ली। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक श्री शिरोडकर ने मंडलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल, आई.जी. प्रवीण कुमार से अयोध्या की तथा डीआईजी देवीपाटन रेंज अमित पाठक से गोंडा की ओर कटरा रेलवे स्टेशन के समीप श्रद्धालुओं के वाहनों हेतु बनाई गई पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा कैंट रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया।

### सपा का सत्ता पक्ष पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप



**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों ने सत्ता पक्ष पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाया है। बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों ने इसे लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिनिधि नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि मिल्कीपुर में मतदान पांच फरवरी को होना है।सत्ता पक्ष की तरफ से आचार संहिता का खुल्लम खुल्ला उलघंन हो रहा है।जानकारी मिली है कि मतदान केन्द्रों पर पीठासीन अधिकारियों और चुनाव में लगे हुए कर्मचारियो की ड्यूटी जो मतदान में लगाई जा रही है वे भारतीय जनता पार्टी के या तो पदाधिकारी रहे हैं या फिर भारतीय जनता पार्टी के सगंठन से उनके सम्बन्ध है। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय से जिन जिन नामों की सूची दी जा रही है,उन्हीं को चुनाव के दिन पीठासीन अधिकारी/सरकारी कर्मचारी के रूप में ड्यूटी पर लगाया जा रहा है। पीठासीन अधिकारियों व ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों में अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति व अल्पसंख्यक लोगों को ड्यूटी में नहीं लगाया जा रहा है, जो चुनाव अचार संहिता के निर्देशों के प्रतिकूल है।ज्ञापन में निवेदन किया गया है कि अच्छा होगा कि 2024 में सम्पन्न हुए 54- लोकसभा फैजाबाद के चुनाव में जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों अथवा वर्ष-2022 के विधानसभा के चुनाव में जिन पीठासीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यदि सेवानिवृत नहीं हुए हैं,उनको चुनाव डयूटी में लगाया जाए। आरोप लगाया गया है कि बीएलओ द्वारा जो पर्ची मतदान के लिए वितरित की जा रही है, वह बहुत ही सीमित है। यहां तक की जहां पर नौ सौ मतदाता है वहां अभी तक मात्र सौ पर्ची ही पहुंच पाई है। साजिश के तहत समाजवादी पार्टी के मतदाताओं को चिह्नित कर उनके मत पर्चियों को रोक लिया गया है। ज्ञापन सपने वालों में सांसद अवधेश प्रसाद,जिला महासचिव बख्तियार खान, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, पार्टी प्रवक्ता राकेश यादव, अधिवक्ता शावेज जाफरी, अरौनी पासवान, छोटेलाल यादव, प्रवीण सिंह, मिर्जा सनी, शाहबाज लकी, अनस खान आदि मौजूद रहे।

## बच्चों व बुजुर्गों को वस्त्र-कंबल वितरण



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय शिक्षा एवं जनकल्याण संस्थान द्वारा पीएमश्री संविलियन विद्यालय हरिहरपुर ब्लॉक बांकेगंज मे बच्चो को वस्त्र व वृद्धजनो को कंबल वितरण किए गए। जिसमे संस्था के अध्यक्ष सुभाष वर्मा, सचिव प्रबंधक मोहम्मद आसिफ, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शफीक, गांव प्रधान नीरज कुमार एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता वर्मा सहित सदस्य व पंचायत के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय मनरेगा मेले का समापन, 38 सूत्रीय ज्ञापन भेजा

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के दो दिवसीय मेले का समापन मंगलवार को हुआ। हैदराबाद थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सकेथू में दो दिवसीय मनरेगा मेले का मनरेगा अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने समापन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, विशिष्ट अतिथि, सुरजनलाल वर्मा, ईश्वरदीन वर्मा, हैदराबाद के प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुबे रहे। मनरेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि पूरे भारत में 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों, के नाम पर एक मेला ग्राम व ग्राम पंचायत सकेथू में लगता है। मेले में भारत की गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, ठेकेदारी प्रथा जड़ से खत्म करने के लिय 38 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला अधिकारी के प्रतिनिधि शिरीष त्रिपाठी नायब तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया, प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा गया। उन्होने कहा कि जब तक पूरे भारत में मजदूर मिस्त्रियों को पोस्टिंग सभी विभागों में नहीं की जाती, ठेकेदारी प्रथा जड़ खत्म नहीं की जाती, तब तक मनरेगा मजदूर मिस्त्रियों, गरीबों, बेरोजगारों, भूमिहीनों, तीन एकड़ से कम जोतकर वाले किसानों को 50 किलो राशन का अंत्योदय कार्ड, आयुष्मान कार्ड, अलग अलग आवास व शौचालय, फ्री शिक्षा, फ्री बिजली, फ्री पानी दिया जाए। गावों एवं शहरों में भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए भारत के सभी जिला पंचायत सदस्यों, सभासदों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम पंचायत सदस्यों की सांसद विधायकों की तरीके से निधि बनाई जाए। गावों में भारत निवास करता है। इसलिए पूरे भारत के गावों में ग्राम न्यायालय की स्थापना की जाए। जिससे गावों के तमाम विवादों का निस्तारण हो सके। न्याय पंचायत स्तर पर जेल कारागार बनाया जाएं। जिससे जो छोटी मोटी धाराओं के अपराधी को कारागार में रखा जा सकें। विधवा, वृद्ध, विकलांग, किसानों को तीन हजार रुपए पेंशन दी जाए। हाईस्कूल से लेकर स्नातक तक के बेरोजगार को पांच हजार रुपए प्रति माह बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, रामाधार शर्मा, शिवकुमार शिल्पकार उपाध्यक्ष, संतोष शर्मा उपाध्यक्ष, विनीत सिंह भदौरिया, सौरभ शर्मा, अखिलेश पैलवी, तेजवली राजवंशी राष्ट्रीय सदस्य, भाई लाल शर्मा संरक्षक, नारायण लाल वर्मा, अनुज शर्मा पूर्व प्रधान, डॉ आरके सिंह प्रभारी अधीक्षक, ध्रव कुमार विश्वकर्मा, एडीओ कृषि अवनीश आदि ने संबोधित किया। मेले की सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवा दुबे मय फोर्स उपस्थिति रहे।



# क्षेत्र को बाढ़ से निजात दिलाने के लिए राजा झंडी आए आगे

▸ घाघी नाले पर नहर व राजस्व विभाग की टीम के साथ निरीक्षण करने पहुंचे राजा राज राजेश्वर सिंह

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा बाढ़ से ग्रसित है और हर साल आने वाली बाढ़ किसानों की फसलों को नष्ट कर देती है व उनके घरों को तबाह कर देती है। निघासन क्षेत्र में बाढ़ की तबाही मचाने वाला घाघी नाला के प्रवाह को यदि सही दिशा देते हुए बंद नाले की खुदाई की जाए तो शायद क्षेत्र में बाढ़ जैसी तबाही न आए। इस विषम समस्या को देखते हुए क्षेत्र के सैकड़ों किसान झंडी स्टेट के राजा व भाजपा नेता राज राजेश्वर सिंह से मिले और अपनी समस्या से उन्हे अवगत कराया। जिसके बाद राजा राज राजेश्वर ने सीएम योगी आदित्यनाथ व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात कर क्षेत्र को बाढ़ से निजात दिलाने के लिए विस्तृत चर्चा की और उन्हें इस समस्या के बारे लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया।



जिसके बाद डीएम के निर्देश पर गिरजा बैराज के अधिशासी अभियंता सोभित कुमार अपनी टीम के साथ झंडी राज महल पहुंचे और राजा राज राजेश्वर सिंह से मुलाकात की व उनके साथ घाघी नाले पर पहुंचे और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ निरीक्षण कर घाघी का पटा हुआ मार्ग चिन्हित कराया। जिससे संबंधित अधिकारियों ने शीघ्र खुदाई व जहां चौड़ाई कम है वहां चौड़ाई बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान राज राजेश्वर सिंह ने संबंधित टीम के साथ घाघी नाले का कई जगह पर जाकर निरीक्षण किया ताकि नाले को सही दिशा दी जा सके। वहीं भाजपा नेता राज राजेश्वर ने यह भी बताया की घाघी नाले से जुड़ा हुआ तामोलीनपुरवा बंधा जो विगत वर्षो में आई बाढ़ से कट गया था, जिसका विकास विभाग की टीम द्वारा सर्वे किया जा चुका है और इस बंधे को जल्द ही मनरेगा श्रमिकों के द्वारा फिर से बनाया जायेगा। इस दौरान निघासन चेयरमैन बद्रीप्रसाद मौर्य, पूर्व प्रधान नेकीराम शुक्ला, प्रधान रमेश भास्कर, बक्शीश सिंह, अमित सिंह के साथ दर्जनों क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

**समय-समय पर क्षेत्रीय समस्याओं का लेते है संज्ञान:** अभी हाल ही में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनी झंडी रोड ऊंची हो गई थी मगर पश्चिम से आने वाली बाढ़ के पानी की निकासी की व्यवस्था संबंधित अधिकारियों द्वारा नही की गई थी। जिसको लेकर क्षेत्रीय लोग राज राजेश्वर सिंह से मिले तो इन्होंने लखनऊ मंडल के कमिश्नर से इस संबंध में वार्ता की और इस समस्या के बारे में अवगत कराया। जिसके बाद झंडी रोड पर जगह-जगह पाइप डालकर पुलिया का निर्माण हुआ।

## इंडेन गैस कैप्सूल ट्रैक्टर-ट्रॉली पर पलटा, एक की मौत



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।** मितौली थाना क्षेत्र के लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर भीखमपुर नहर पुल के पास इंडेन गैस कैप्सूल सवारी भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली के ऊपर पलटने से एक की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए। कैप्सूल पलटने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पास में स्थित भीखमपुर पुलिस पिकेट के सिपाही मौके पर पहुंच गए सभी घायलों को निकलवाया। मौके पर एंबुलेंस को एक घंटे तक नहीं पहुंचने पर सभी को इलाज के लिए प्राइवेट वाहन से भेजा गया। गंभीर घायल को 112 से लखीमपुर भेजा गया। बाद में पहुंची मितौली, हैदराबाद और नीमगांव पुलिस बल ने मौजूद भीड़ को कैप्सूल के पास से हटाया गया। कस्बे के लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर भीखमपुर नहर पुल के पास मोहम्मदी की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे इंडेन गैस कैप्सूल ने टेढ़ेनाथ स्थान पर अमावस्या को जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारते हुए पलट गया जिससे ट्रैक्टर का कुंडा टूट गया जिससे ट्रैक्टर ट्राली पलट गई, ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक कैलाश मिश्रा 60 महात्मा निवासी ग्राम पचपेड़वा थाना फरधान, निखिल कुमार 20 वर्ष निवासी पचपेड़वा जो की बाइक से साथ में जा रहा था वह भी बीच में फंस गया और उसका भी पैर टूट गया। मृतक के भतीजे विपिन कुमार मिश्रा ने बताया। 9 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली मुण्डन कराने घर से निकला था। मृतक ये चार भाई थे जिसमें यह तीसरे नंबर के थे घायल सौरभ बाजपेई 28 निवासी लखीमपुर रोहिनी देवी 22 निवासी पचपेड़वा सुभाषिनी देवी 50, अंजलि देवी 17 गायत्री देवी 35 रिंकी देवी 32 ,डुग्गू 5 वर्ष सार्थक 5 शिवांगी देवी 18 मोना देवी 20 दिव्यांशी देवी 22 निखिल कुमार 20 रामहेत 35 सभी निवासी ग्राम पचपेड़वा के थे जो मुण्डन कराने टेढ़ेनाथ जा रहे थे।

# शहीद दिवस विशेष आईटीएम गीड़ा के छात्रों ने बनाई उन्नत मानव रहित इंटेलिजेंस गन

**सहजनवां, गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आईटीएम गीडा के बीटेक और बीसीए ब्रांच के सात छात्रों-दीपा पांडेय, अंजलि गुप्ता, आरुषि श्रीवास्तव, मेराज हुसैन, अंशित श्रीवास्तव, आदित्य मद्धेशिया और अदनान खान ने अपने कॉलेज के इनोवेशन सेल के सहयोग से एक अत्याधुनिक मानव रहित इंटेलिजेंस मशीन गन का निर्माण किया है। यह तकनीक सीमा सुरक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित हो सकती है।



यह इंटेलिजेंस गन स्वचालित और मैन्युअल मोड दोनों पर संचालित की जा सकती है। इसमें नाइट विजन कैमरा और ह्यूमन मोशन सेंसर जैसे उपकरण शामिल हैं, जो इसे रात के अंधेरे में भी दुश्मनों की गतिविधियों को पहचानने और उन पर कार्रवाई करने में सक्षम बनाते हैं। इस गन का वजन लगभग 65 किलोग्राम है और इसमें 20 मिमी के सात धातु बैरल लगे हैं। इसका संचालन रिमोट या मोबाइल के जरिए वायरलेस तरीके से किया जा सकता है, जिससे जवान सुरक्षित रहते हुए युद्ध लड़ सकते हैं। नाइट विजन कैमरे के जरिए यह गन अंधेरे में दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखती है। स्वचालित मोड में यह सेंसर दुश्मन को पहचानकर सटीक निशाना साधता है। रिमोट और मोबाइल से नियंत्रित होने के कारण यह गन जवानों को जोखिम से दूर रखती है। यह उपकरण न केवल सीमा पर बल्कि अन्य सुरक्षा बलों और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर भी उपयोगी होगा। मशीन गन के मॉडल का सफल परीक्षण किया गया, जिसमें यह दूर से दुश्मनों पर सटीक नजर रखने और गोलियां दागने में सक्षम साबित हुई। इस सफलता पर संस्थान के निदेशक डॉ. एन.के. सिंह ने छात्रों की सराहना करते हुए उनके नवाचार को रक्षा मंत्रालय के पास भी इस कार्य योजना को भेजने का विचार है ताकि इसे उचित मार्गदर्शन मिल सके।

उन्होंने कहा, यह प्रोजेक्ट देश के जवानों की सुरक्षा में बड़ा योगदान देगा। यह इंटेलिजेंस गन भारतीय सुरक्षा बलों के लिए एक प्रभावी उपकरण साबित हो सकती है। इसके अलावा, इसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और अन्य सुरक्षा बलों की जरूरतों के लिए भी किया जा सकता है। आईटीएम गीडा के छात्रों का यह नवाचार न केवल तकनीकी क्षेत्र में उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह देश की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। छात्र अंशित श्रीवास्तव और आदित्य मद्धेशिया ने बताया कि उनका उद्देश्य देश की सुरक्षा को मजबूत करना है। छात्रों ने इस प्रोजेक्ट पर लगभग एक महीने तक काम किया। इसे तैयार करने में रु.60,000 की लागत आई। निर्माण के लिए मोशन सेंसर, आर्डिनो, एंड्रॉयड मोबाइल, जीएसएम मॉड्यूल, 20 मिमी धातु पाइप, शॉकर, कैमरा, 12 वोल्ट बैटरी और रेडियो सर्किट ट्रांसमीटर-रिसीवर का उपयोग किया गया।

# 69000 शिक्षक भर्ती मामले में अभ्यर्थियों का धरना प्रदर्शन जारी, मांग पर डटे अभ्यर्थी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति की मांग कर रहे आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का धरना प्रदर्शन मंगलवार को इको गार्डन में जारी रहा। अभ्यर्थी

अपनी मांग पर अड़े हुए है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा की 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में विसंगति के कारण हम अभ्यर्थी दर -दर की



ठोकर खा रहे हैं जबकि हमें हाईकोर्ट डबल बेंच ने न्याय देते हुए फैसला हमारे पक्ष में सुनाया हैं। सरकार की लापरवाही के कारण यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में चला गया है। हम लोग यही मांग कर रहे हैं कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में हमारा पक्ष मजबूती के साथ रखें और मामला जल्द निस्तारित कराये। मामले की अगली सुनवाई 11 फरवरी को होनी है। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित कमेटी की जांच रिपोर्ट और हाई कोर्ट का ऑर्डर, सभी हमारे पक्ष में हैं। लेकिन फिर भी हमारे साथ अन्याय किया जा रहा और हमें हमारे पदों पर नियुक्ति नहीं दी जा रही है। 69000 शिक्षक भर्ती का आयोजन 2018 मेंं किया गया था। आरोप हैंक भर्ती में आरक्षण नियमों का पालन नहीं किया गया। यह मामला हाई कोर्ट में गया। इस पर लखनऊ हाई कोर्ट की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाया और सरकार को तीन महीने के अंदर फैसले का पालन किए जाने का आदेश दिया। लेकिन सरकार की लापरवाही की वजह से अभी तक फैसले का पालन नहीं हो सका और यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया। सुप्रीम कोर्ट में भी सरकार अपना पक्ष रखने में देरी कर रही है जिसकी वजह से मामला लटकता चला जा रहा है।

## पीएम मत्स्य संपदा योजना के लिए मांगे गए आवेदन

**लखनऊ ।** मत्स्य विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 01 फरवरी से 15 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। इसके लिए विभागीय पोर्टल पर आवेदन किया जा सकेगा। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है।

# प्योर ईवी ने बीई एनर्जी फ्रांस के साथ की साझेदारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी प्योर ईवी ने फ्रांस की प्रमुख क्लाइमेट टेक कंपनी बीई एनर्जी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह भारत में अपनी तरह का पहला सहयोग है, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

यह साझेदारी उन्नत लिथियम-आयन बैटरी पुनर्संवर्धन तकनीक (लिथियम-आयन बैटरी रिकंडीशनिंग टेक्नोलॉजी) को भारतीय बाजार में लाने पर केंद्रित है। इस पहल का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों की पुनः उपयोग क्षमता को बढ़ाना, उनकी स्थिरता में सुधार करना और डिकार्बोनाइजेशन (कार्बन उत्सर्जन में कमी) प्रयासों को मजबूती देना है। यह साझेदारी भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक टिकाऊ और सुलभ बनाने में सहायक होगी। बैटरी रिकंडीशनिंग में वैश्विक तौर पर अग्रणी बीई एनर्जी इस साझेदारी के साथ भारत में अपने कामकाज की शुरूआत करने जा रही है। इस सहयोग के बाद अब बीई एनर्जी के पेटेंटेड हाई-टेक उपकरणों को प्योर ईवी की पेटेंटेड बेट्रिक्सफैराडे तकनीक के साथ संयोजन में इस्तेमाल किया जाएगा। संयुक्त उद्देश्य भारत में लिथियम-आयन बैटरी रिकंडीशनिंग क्षेत्र में खुद को पहले प्योर प्लेयर के रूप में स्थापित करना है। इस सहयोग से ईवी मालिकों के लिए दीर्घकालिक लागत बचत संभव होगी, क्योंकि रिकंडीशनिंग/कायाकल्प प्रक्रिया नई बैटरियों की आवश्यकता को कम करेगी, जिससे कुल लागत कम होगी। यह साझेदारी वाणिज्यिक बैंकों और एनबीएफसी के बैटरी जीवन चक्र को एक नई पहचान देने के लिए तैयार है, जिससे भारत के एक स्वच्छ, अधिक टिकाऊ मोबिलिटी ईको-सिस्टम में परिवर्तन में और तेजी आएगी।

## मंडलायुक्त पहुंचीं अवध बस स्टैंड, रैंप निर्माण में देरी से भड़कीं

**लखनऊ ।** लखनऊ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को अवध बस स्टैंड (कमता चौराहा) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड के पीछे रैंप का निर्माण कार्य शुरू न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। मंडलायुक्त ने एलडीए के मुख्य अभियंता को सख्त निर्देश दिए कि रैंप और गेट चौड़ीकरण का काम मंगलवार से हर हाल में शुरू किया जाए।

डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि रैंप निर्माण और गेट चौड़ीकरण का कार्य जल्द पूरा किया जाना जरूरी है ताकि बस स्टैंड पर जाम की समस्या न हो और यात्रियों का आवागमन सुचारू रहे। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने बस स्टैंड की अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और यात्रियों को हो रही असुविधाओं को दूर करने के लिए कदम उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड पर यातायात का दबाव कम करने और यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के लिए योजनाओं को समय पर पूरा करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

निरीक्षण के समय नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, एलडीए और परिवहन विभाग के संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में देरी के लिए जिम्मेदारियों को तय किया जाए और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

अवध बस स्टैंड, जो लखनऊ का एक प्रमुख परिवहन केंद्र है, पर जाम और असुविधाओं से निपटने के लिए प्रशासन की यह सख्ती यात्रियों के लिए राहत का संकेत है। मंडलायुक्त के निर्देशों के बाद उम्मीद है कि कार्य शीघ्र पूरा होगा और बस स्टैंड की व्यवस्था में सुधार होगा।

# विधायक ने गरीब व जरूरतमंदों को बांटे कंबल

▸ रविंद्रपल्ली के कालीबाड़ी मंदिर परिसर व फॉर्मेटिव डे स्कूल में हुआ कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** पूर्वी विधानसभा में रहने वाले गरीब और जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए विधायक ओपी श्रीवास्तव ने आज कंबल वितरित किये। कंबल लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। सभी को बारी-बारी से कंबलों का वितरण



किया गया।

रविंद्र पल्ली स्थित कालीबाड़ी मंदिर परिसर में और रविंद्र पल्ली में ही फॉर्मेटिव डे स्कूल में करीब 400 से अधिक गरीब और जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया गया। कालीबाड़ी मंदिर में अर्चना दत्ता, शांतनु दत्ता समेत बंगाली समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पार्षद संजय सिंह राठौर, पार्षद कौशल शंकर पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष अभिषेक राय, रीना चौरसिया, भाजपा नेता संदीप पाठक, देवेश उपाध्याय, अध्ययन सिंह सैनी, शशांक शेखर गोल्डी, आशीष तिवारी, संत शरण वर्मा आदि भी मौजूद रहे। उधर फॉर्मेटिव डे स्कूल में मंडल अध्यक्ष अभिषेक राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।












# गोल्डेन कार्ड की प्रगति न मिलने पर डीएम नाराज

**76वें गणतंत्र दिवस पर आशा को डीएम ने प्रदान किया प्रशस्ति पत्र**




समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ 76वें गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में सम्मानित हुई ग्राम भैसाही हुजूरपुर निवासी आशा सत्या सिंह को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड की अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए प्रगति में सुधार लाने का निर्देश देते हुए सबसे खराब प्रगति वाले ब्लाक के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा 70 वर्ष से ऊपर के समस्त लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड निर्माण में तेजी लाये जाने के भी निर्देश दिये। बैठक में अंधता निवारण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि मोतियाबिन्द का आपरेशन लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 23 प्रतिशत है। प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित नोडल अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने एवं आपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान 3485 बच्चे दृष्टिदोष से ग्रसित पाये गये है। जिसमें 1855 बच्चों को चश्मा वितरण कर दिया गया है। शेष बच्चों को शीघ्र चश्मा उपलब्ध करा दिया जायेगा। साथ ही वृद्धों के चश्मा वितरण के सम्बंध में अवगत कराया कि 1743 के सापेक्ष शत प्रतिशत वृद्धों को चश्मा वितरण करा दिया गया है। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि दृष्टिदोष से चिन्हित शत प्रतिशत बच्चों को शीघ्र चश्मा उपलब्ध कराया जाय। बायोमेडिकल वेस्ट की समीक्षा में पाया गया कि सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों/पैथालोजी सेण्टरों के द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण में ढिलाई बरती जा रही है समय से बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण न होने से प्रदूषण एवं जानवरों आदि को बीमारी होने का खतरा उत्पन्न हो रहा है। उक्त के सम्बंध में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं उपस्थित चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि समस्त सरकार चिकित्सालयों एवं निजी पैथालोजी सेण्टर, चिकित्सालयों को कड़ी चेतावनी जारी की जाय कि प्रतिदिन बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण सम्बन्धित फर्म, बायो स्पेट्रम के माध्यम से अवश्यक कराये। यदि कहीं पर भी बायोमेडिकल वेस्ट बाहर जलता या कूडे में फेका पाया गया तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पीपीआईयूसीडी में जिला महिला चिकित्सालय की अत्यन्त कम प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित नोडल अधिकारी को चेतावनी पत्र जारी करने एवं प्रगति में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही निरन्तर समीक्षा करते हुए परिवार नियोजन कार्यक्रम में आपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत माह जनवरी से संचालित 100 दिवसीय टीबी रोगी खोजी अभियान की समीक्षा में उपस्थित चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक सम्भावित टीबी रोगियों के स्पूटम/टू-नाट/एक्स-रे के माध्यम से जांच कर निक्षय पोर्टल पर रिपोर्ट समय से अपलोड करें। अभियान के दौरान विशेश्वरगंज सीएचसी द्वारा मात्र 19 क्षय ग्रस्त रोगियों का चिन्हांकन करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सम्भावित मरीजों की सही से जांच करें जिससे अधिक से अधिक मरीजों का चिन्हांकन हो सके। डीएम ने उपस्थित अधीक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक सीएचसी पर रोस्टर के आधार पर कार्मिकों द्वारा साफ-सफाई की व्यवस्था की जाय। कम्बल, चादर, पेयजल, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। साथ ही समस्त लाभार्थियों आशा आदि के मानदेय समय से उनके खाते में नियमानुसार हस्तान्तिर किया जाय।

# कोर्ट के आदेश पर एडीओ पंचायत समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज

**ग्रामीण को परिवार रजिस्टर में मृत दिखाने और जमीन कब्जे के प्रयास का मामला**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** जिले के हरदी थाने की पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एडीओ पंचायत और महिला समेत चार के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरदी थाना अंतर्गत अंगरौरा दुबहा गांव निवासी राम प्रभाव पुत्र सरदार वर्तमान समय में मोतीपुर थाना क्षेत्र के मंझाव गांव में रहते हैं। राम प्रभाव ने वकील के द्वारा सीजेएम कोर्ट में वाद दाखिल कर कहा है कि उसकी जमीन पर कब्जे को लेकर तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी अंगरौरा दुबहा वर्तमान में एडीओ पंचायत प्रवीण श्रीवास्तव ने उसे परिवार रजिस्टर में मृत घोषित कर दिया था।

जिसके चलते मृत प्रमाण पत्र के द्वारा उसकी जमीन पर अंगरौरा दुबहा गांव निवासी पुष्पा देवी पति राम नारायन, भुल्लन पुत्र शिव चरन, मन्नू पुत्र राम अवतार ने जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। जब इसकी शिकायत दो अगस्त 2024 को की गई तो सभी ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाई नहीं हुई। जिस पर उसने न्यायालय की शरण ली। सीजेएम कोर्ट ने हरदी पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर एडीओ पंचायत प्रवीण श्रीवास्तव,पुष्पा देवी, भुल्लन और मन्नू के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच उप निरीक्षक अशोक सिंह ने शुरू कर दी है।

## मौनी अमावस्या पर लाखों भक्तों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों की संख्या में भक्तों ने जिले के विभिन्न गंगा घाटों और पवित्र गंगा जल में आस्था और भक्ति की डुबकी लगा कर पुण्य के भागी बने। नगर के बरिया घाट, कचहरी घाट, फतहा, सुंदर घाट, पक्का घाट, नार घाट के अलावा विंध्याचल के पक्का घाट, दिवान घाट, कच्चा घाट समेत चुनार के बालूघाट, अदलपुरा शीतला माता गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ नेगंगा स्नान किया। स्नान के बाद गरीबों को अन्न, वस्त्र और द्रब्य का दान कर पुण्य कमाया। इसके बाद जगत जननी मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर कर आशीर्वाद लिया। अदलपुरा बड़ी शीतला माता का भी दर्शन करने के लिए भोर से ही भक्तों की लाइन लगी रही।

## खबरें एक नजर में

### अखिलेन्द्र बने माध्यमिक शिक्षक संघ उपाध्यक्ष

**कैसरगंज-बहराइच, समृद्धि न्यूज।** हुकुम सिंह इंटर कॉलेज कैसरगंज हिंदी प्रवक्ता अखिलेन्द्र चौधरी का माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) जनपद बहराइच के वार्षिक निर्वाचन में उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया। जनपदीय शिक्षक विचार गोष्ठी व निर्वाचन प्रक्रिया में विभिन्न विद्यालय के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया, जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया के द्वारा अखिलेन्द्र चौधरी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचन पर विद्यालय प्रबंधक विश्वपाल सिंह, प्रधानाचार्य ज्ञानचंद, प्रवक्ता राम शंकर सरोज, तेज नारायण, ध्रुव राज सिंह, शिक्षक नीलेन्द्र विक्रम सिंह, मोहम्मद हारुन, अरस्तु, अरविंद कुमार, शिवकुमार, सुरेंद्र कुमार आदि सहित दर्जनों शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### बड़गांव पुलिस चौकी के सामने जानलेवा गड्ढे में कई लोग हो चुके हैं चोटिल



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** आपको बताते चलें कि यह जानलेवा गड्ढा काफी दिनों से है कई बार सभासद इत्यादि ने फोटो भी खींची लेकिन कार्रवाई शून्य रही यह तो कहिए कि वहां दुकानदारों ने लोहे का एंगल वगैरा वहां लगा दिया है तो लोग अंदर घुसने से बच जाते हैं फिर भी चोट खा जाते ऐसे में यदि प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देता है तो कभी भी कोई बहुत बड़ी घटना हो जाने की संभावना है क्योंकि रास्ता बहुत ही चालू है और यह मौका है बड़गांव पुलिस चौकी के सामने यदि जिला प्रशासन इसको सही कर दे तो काफी राहगीर चोट खाने से बच सकते हैं

### अस्पताल में किया गया झंडारोहण



**गोंडा समृद्धि न्यूज़।** टीम शिवम सिंह गौरा 301 के तरफ से हथनीखाश पंचायत भवन भोपतपुर और कई अन्य स्कूल और सरकारी हॉस्पिटल में झंडा रोहन किया गया टीम के संरक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें उपस्थित टीम के सभी पदाधिकारी जैसे प्रशान्त सिंह, विशाल सिंह, पवन सिंह, दिग्विजय सिंह, सचिन सिंह, अवधेश सिंह, प्रमोद सिंह, अनुज सिंह, मयंक सिंह, रिशु सिंह, आदर्श सिंह, राहुल वर्मा, सलमान कुरैशी अन्य कई लोग उपस्थित थे टीम शिवम सिंह गौरा 301 के अध्यक्ष शिवम सिंह ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि हमारी टीम दिन प्रतिदिन जनता की सेवा में लगी है।

### नहीं बंद हो रही कोटेदारों की मनमानी

**धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक मुजेहना मे कोटेदारों की मनमानी कम नहीं हो रही है घटतौली भी कर रहे है। ग्रामीणों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ नहीं मिल पाता है। मिली जानकारी के अनुसार शासन द्वारा निशुल्क राशन का वितरण कराया जा रहा है। पात्र गृहस्थी कार्ड पर प्रति यूनिट पांच किलो राशन व अंत्योदय कार्ड पर 35किलो राशन वितरण के दिया जाता है। कोटेदार प्रति कार्ड पर दो से तीन किलो कम देते है। अंत्योदय कार्ड पर 30किलो राशन देते है। अंत्योदय कार्ड पर तीन किलो चीनी निर्धारित दाम पर वितरण के लिए आता है, किन्तु मात्र दो किलो चीनी 60 रूपये मे देते है। ग्रामपंचायत खीरभारी के कोटेदार के प्रति उदयभान सिंह, सहजराम, सुंदरपता ने शिकायत किया है। जिसकी जाँच पूर्ति निरीक्षक मुजेहना ने एस डी एम गोण्डा के आदेश पर किया। तीन दर्जन लोगों का बयान लिया कम राशन देने और कम चीनी देकर दाम अधिक लेने की बात ग्रामीणों ने बताया। इसी तरह रानीजोत के कोटे दार की शिकायत पर जाँच हुइ। शासन के तमाम प्रयास के बाद भी लोगो को समुचित लाभ नहीं मिल पाता है। इसके जिम्मेदार संबंधित विभाग भी है। क्या इसमें सुधार होगा समय के गर्त मे है!

### विवाहिता ने पति समेत पांच पर दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर) समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के देवहट गांव स्थित मायके मेंरह रही विवाहिता साहिबा बानों ने तहरीर देकर पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। तरना थाना शिवपुर जिला वाराणसी स्थित ससुराल में पति अमन कुरैशी, ससुर मुमताज कुरैशी, सास निशा बेगम, ननद मुस्कान व देवर समीर कुरैशी दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहेहैं। घर से निकाल देने के कारण एक वर्ष सेमाय के में पिता के घर पर रह रही हूं। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार सरोज नेबताया कि महिला की तहरीर पर उसके पति सहित सास, ससुर, ननद तथा देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्जकर मामले की जांच कीजा रही है।

### युवक पर घर में आग लगाने का आरोप

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।** देहात कोतवाली क्षेत्र के कोल्हड़ गांव निवासी हीरालाल, मोतीलाल, रमनलाल नेतहरीर देकर युवक पर पुरानी रंजिश को लेकर घर में आग लगाने का आरोप लगाया है। आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

# लंबित आवेदनों को समय से करें निस्तारित अधिकारी

**डीएम ने की जिला स्तरीय समीक्षा/सलाहकार समिति व बैंकर्स समिति की समीक्षा बैठक**



समृद्धि न्यूज़

**गोण्डा।** जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं बैंकर्स समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के सभी बैंकर्स के पदाधिकारी एवं कृषि विभाग, उद्यान विभाग, डूडा विभाग, केसीसी, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, साइन अप इंडिया योजना, केसीसी रिन्यूअल, प्रीमियम, इंश्योरेंस, पीएमईजीपी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एनआरएलएम विभाग, पीएम स्वानिधी योजना, मत्स्य विभाग, प्रधानमंत्री जनधन योजना, शिक्षा विभाग, मातृ वंदना योजना, किसान फसल बीमा, एनपीए बैंकर्स वसूली सहित कई अन्य विभागों पर गहन समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी बैंक के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लाभार्थियों के द्वारा किए गए लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द स्वीकृत करते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उपरोक्त सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाय, तथा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए।

बैठक में नाबार्ड विभाग से संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकर्स अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एनआरएलएम विभाग से संबंधित जितने भी आवेदन लंबित हैं उन सभी आवेदनों को समय से निस्तारित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी अभिषेक रघुवंशी, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, जिला कृषि अधिकारी, डीसी उद्योग बाबूराम, खादी ग्रामोद्योग विभाग गजेंद्र सिंह, डीडीएम नाबार्ड, अपर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य इन्द्रजीत सिंह, प्रभारी उद्यान अधिकारी, सहित जनपद के सभी बैंकर्स के अधिकारीगण एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महाकुंभ की भीड़ के चलते मिर्जापुर में कक्षा 12 तक के स्कूल बंद, ऑनलाइन होगी पढ़ाई

**मिर्जापुर।** महाकुंभ की भीड़ के चलते जिले के सभी प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक के सभी विद्यालय एक फ़रवरी तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। यह जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम ने बताया कि यह आदेश सभी बोर्ड के विद्यालयों के लिए है।

प्रधानाचार्य व प्रबंधकों से कहा गया है कि वे आवश्यकतानुसार ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर सकते हैं। शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी इस दौरान विद्यालय में उपस्थित होकर अपार आईडी व अन्य कार्यों को पूरा करें।

जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि इस दौरान पूर्व निर्धारित परीक्षाएं व प्रयोगात्मक परीक्षाएं यथावत होंगी। उन्होंने कहा कि इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# तो क्या रतन पांडे तालाब को पाठ देंगे दबंग, बरसात में जनता होगी परेशान

समृद्धि न्यूज़



**गोन्डा।** जनपद में तालाबों के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा जिम्मेदार बेखबर बरसात के दिनों में जल निकासी पर क्यों न उठे सवाल।जन चर्चा है कि नाले नालियों में तब्दील है चूकी है तो वही शहर क्षेत्र के कई तालाब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ते नजर आ रहे है। लोगों के जानकारी देने के बाद मौके पर गोन्डा जनपद के शहर क्षेत्र में स्थित रतनपान्डेय तालाब राजा मोहल्ला की स्थित पर जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा विचार करने की जरूरत है।

मोहल्ला वासियों के मुताबिक इस तालाब का रकबा अतिक्रमण और रखरखाव के कारण कम हो गया है यही नहीं इस तालाब में आने वाली नाली भी बीच से अवरूद्ध है जिससे इस मोहल्ले में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वहीं कई लोगों ने यह भी बताया की कई वर्षों से इस तालाब की साफ-सफाई भी नहीं हुई है वहीं सरकारी अभिलेखों में इसका रकबा देखकर इस पर हुऐ अतिक्रमण आदि को हटाकर सुसज्जित किया जाना चाहिए लोगों का मानना है कि इस तालाब में लगभग कई मोहल्लों का पानी आता है विशेष कर घोसियाना क्षेत्र का पानी आता है।ऐसे जिम्मेदारो को शहर क्षेत्र के अन्य तालाबों और अतिक्रमण हो चुके नालों को चिंहित करके अतिक्रमण मुक्त करते हुए पुनः सुधार कार्य होना चाहिए ताकि शहर में बरसात के समय जल भराव की समस्या उत्पन्न न होने पाये।फिर हाल लोगों को डर सता रहा है कि अभी तक तो रतनपान्डेय तालाब जो राजा मोहल्ला में स्थित है उसके अस्तित्व पर खतरा मंडराता नजर आ रहा है कहीं ऐसे ही रहा तो अन्त में पाटकर परती जमीन न बन जाए?

# विवादित जमीन पर वन विभाग ने दिया परमिट, ठेकेदार ने 14 पेड़ कटवाए

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले के ग्राम पंचायत गूढ़ में स्थित जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बाद भी पेड़ कटान का परमिट वन विभाग ने जारी कर दिया। शिकायत मिलने और इसकी जानकारी होने पर वन विभाग ने मौके पर पहुंच कर पेड़ कटान रुकवा दिया है।मिहींपुरवा तहसील के ग्राम पंचायत गूढ़ में विवादित गाटा संख्या 1292 की जमीन स्थित है।

इस जमीन का मामला उच्च न्यायालय में चल रहा है। इसके बाद भी वन विभाग द्वारा हरे पेड़ों की परमिट जारी कर कटवा दिया गया है। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित राजकिशोर दिक्षित पुत्र राम दुलारे ने प्रार्थना पत्र के माध्यम में थाना मोतीपुर व प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट को अवगत कराया। बताया कि ग्राम सभा गूढ के गाटा संख्या 1192 पर लगे आम के बाग़ पर विपक्षी ललन बिहारी पुत्र जगदेव ने पुत्र पुत्तू लाल, सुरेन्द्र आदि ने युसूफ ठेकेदार की मिली भगत से हरे पेड़ों को कटवा रहें हैं। ज़ब की मामला लम्बे समय से उच्च न्यायालय में लंबित चल रहा हैं। पीड़ित द्वारा बताया गया कि मामला न्यायलय में लंबित होने के बावजूद वन विभाग द्वारा 32 आम के पेड़ों के कटाई का परमिशन जारी कर दिया गया। और मौके पर 14 पेड़ो की कटाई कर दिया गया है। इस मामले में रेंज अधिकारी ककरहा धर्मेंद्र कन्नौजिया से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया की लेखपाल द्वारा गलत रिपोर्ट के कारण परमिशन बन गया हैं मौके पर पेड़ कटाई कार्य रोकवा दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# समय पर उपचार से ठीक हो सकता है कुष्ठ : सीएमओ

**आज से चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता, अभियान 13 फरवरी तक खोजे जायेंगे कुष्ठ रोग के संभावित मरीज**

समृद्धि न्यूज़

**बहराइच** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी से 13 फरवरी तक जिले में ÷स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान÷ चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, शुरुआती लक्षणों की पहचान करना और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना है।

जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. पी.के. वर्मा ने बताया कि कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं बल्कि माइक्रोबैक्टीरियम लेप्रे नामक बैक्टीरिया से होने वाला एक संक्रामक रोग है, ÷यदि त्वचा पर हल्के लाल या तांबे रंग के सुन्न दाग-चकत्ते, हाथ-पैर की नसों में मोटापन, झनझनाहट, कमजोरी या तलवों में सुन्नपन महसूस हो, तो तुरंत जांच कराएं। इलाज में देरी से विकलांगता हो सकती है।÷ उन्होंने बताया कि भारत सरकार का लक्ष्य 2027 तक विकलांगता दर को शून्य और प्रसार दर को 1 तक लाना है। वर्तमान में जिले में विकलांगता दर शून्य है और प्रसार दर 0.58 है।





**आइए, हम जागरूकता फैलाएं**

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपील की स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जा रहा है। आइए, हम जागरूकता फैलाएं, भ्रांतियों को दूर करें और कुष्ठ मुक्त, भेदभाव मुक्त भारत बनाने में योगदान दें।

### कुष्ठ रोग पूरी तरह से है उपचार योग्य

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत संभावित रोगियों की पहचान कर निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेगी ताकि कोई भी रोगी इलाज से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा, ‡कुष्ठ रोग पूरी तरह उपचार योग्य है, लेकिन इससे जुड़ी भ्रांतियों और कलंक के कारण कई लोग समय पर इलाज नहीं करा पाते। हमारा उद्देश्य सिर्फ इलाज देना ही नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो।

### समय रहते पहचान जरूरी

जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. विनय श्रीवास्तव ने बताया कि यदि त्वचा पर लाल या फीके धब्बे, सुन्नपन, गांठें, आंखों से पानी आना या उंगलियों का मुड़ना जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत उपचार कराएं। कुष्ठ रोग की निःशुल्क दवा जिले के सभी अस्पतालों में उपलब्ध है। उन्होंने बताया वर्तमान में जिले में 248 सक्रिय कुष्ठ रोगी हैं जिनका उपचार चल रहा है , जबकि 556 मरीजों को 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण कुष्ठ रोगी योजना के तहत 83 मरीज लाभान्वित हो रहे हैं, जिन्हें आवास मुहैया कराया गया है।


### 265 नए रोगी, 42 पूरी तरह हुए रोगमुक्त, बाकी का इलाज जारी

डीएचइआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में 265, 2022-23 में 345, और 2023-24 में 412 नए कुष्ठ रोगी खोजे गए, जो उपचार के बाद रोगमुक्त हो चुके हैं। वर्ष 2024-25 में 265 नए रोगी पाए गए, जिनमें 42 पूरी तरह रोगमुक्त हो चुके हैं, और बाकी का इलाज चल रहा है।

# बिना लाइसेंस के पालतू जानवर पालने पर रोज घट रही है घटना, प्रशासन मौन

**शहरवासियों में बच्चों व बुजुर्गो को लेकर डर का माहौल**

समृद्धि न्यूज़



**गोन्डा ।** जनपद के शहर हो या गांव आवारा कुत्तों का झुंड जरूर देखने को मिला जाएगा। वहीं शहरों में बिना लाइसेंस के कुत्तों की संख्या बढ़ गई है जिसपर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि कुत्तों के आतंक से बुजुर्गों एवं बच्चों के लिए खतरा बनता जा रहा है, वहीं काफी संख्या में सुबह मार्निंग वाक को जाने में भी डर रहे बुजुर्ग।

सूत्र बताते हैं कि आवारा तो आवारा पालतू कुत्ते भी लगातार लोगों को काट रहे हैं,जिस कारण लोगों में भय बना है। जब से गाजियाबाद में एक बालक को कुत्ते ने काट लिया था जिससे उसकी रैबीज से दर्दनाक स्थिति बन गई थी जिसकी खबर लगातार मीडिया व सोशलमीडिया पर चलने से लोगों में कुत्तों को शहर से भगाने की मांग बढ़ने लगी है।शहर में वार्ड नम्बर 22 मोहल्ला सुभाष नगर में कुत्तों का झुंड रहता है जिससे आये दिन बच्चों व बड़ों को ये आवारा कुत्ते अपना शिकार काटकर बना चुके हैं तथा इसकी शिकायत भी पूर्व में लोगों द्वारा की गई थी परन्तु कोई निर्णय न होने पर कुत्तों से लोग भयभीत हैं। वहीं शहर क्षेत्रों में बिना लाइसेंस के कुत्ते को पालने के साथ ही उनको घूमंतू छोड़ रहे हैं। आवारा कुत्तों के झुंड के झुंड रूप में यह राहगीरों को शिकार बना रहे हैं। जिस कारण स्थानीय लोगों में भय व्याप्त है।

बुजुर्ग, महिलाएं, स्कूली बच्चे आदि कुत्तों के आतंक से परेशान हैं। सुबह घूमने जाने वाले लोग भी डरने लगे हैं।अपनी सुरक्षा व्यवस्था से लैस होने के बावजूद उन्हें कुत्ते निशाना बना रहे हैं।जबकि शासन इस ओर कतई ध्यान नहीं दे रहा है। कुत्ते नगर की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों को भी गंदा कर रहे हैं। मोहल्ले के स्थानीय निवासी विजय,रेनू, आनन्द आदि ने जिलाधिकारी से आवारा कुत्तों को शहर से हटाने और पालतू कुत्तों के लाइसेंस बनाने की मांग की है क्योंकि फिर से किसी बच्चे या बुजुर्ग की जान रैबीज जैसे जहर की वजह से जान न जाए।

**नजरिया** | **पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन संघ ने जिला प्रशासन से फैसले पर विचार करने की मांग की**

# नो हेलमेट नो फ्यूल नियम को बंद करे जिला प्रशासन

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** जिले में नो हेलमेट नो पेट्रोल नियम 26 जनवरी से लागू कर दिया गया है। लेकिन आवश्यक वस्तु पदार्थ में शामिल पेट्रोल और डीजल को बिना हेलमेट वाहन से आने वाले लोगों को न देने पर विवाद हो रहा है। इसको देखते हुए पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन संघ ने जिला प्रशासन से विचार करने की मांग करते हुए इस नियम को हटाने की बात कही है।

पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन बहराइच/श्रावस्ती संघ के महामंत्री मोहम्मद मेराज की अगुवाई में संघ के पदाधिकारी बुधवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी को ज्ञापन देने पहुंचे। सभी ने सड़क हादसे रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए नियम नो हेलमेट नो फ्यूल का स्वागत किया। सभी ने कहा कि नियम सही है, लेकिन इससे पेट्रोल पंप पर विवाद बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के आने वाले लोगों को पेट्रोल न देने पर झड़प की स्थिति बन रही है। इतना ही नहीं जिले के 113 पेट्रोल पंप पर यह स्थिति 26 जनवरी से उत्पन्न हो रही है। ऐसे में इस नियम को हटाकर बाइक चालकों को जागरूक करने, साथ ही सभी पेट्रोल पंप पर जागरूकता बैनर लगवाने के निर्देश देने, बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले लोगों पर पुलिस और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कार्रवाई की मांग की।

डीएम को ज्ञापन देने के बाद सभी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह को पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर नो हेलमेट नो फ्यूल नियम रोकने और अन्य विकल्प पर विचार करने की मांग की। इस दौरान शहर के सभी पेट्रोल पंप संचालक मौजूद रहे।

## शिक्षक न केवल पाठ्य-पुस्तकों से बल्कि अपने आचरण से भी देता है शिक्षा : मनोज कुमार अहरिवार



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन तथा शिक्षकों के शैक्षिक सपोर्ट हेतु जनपद के विभिन्न विकासखंडों में कार्यरत अकादमिक रिसोर्स पर्सन एआरपी,एसआरजी की मासिक समीक्षा बैठक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पयागपुर में आयोजित की गई। प्रभारी डायट प्राचार्य मनोज कुमार अहरिवार की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर से प्राप्त डाटा का विश्लेषण कर विद्यालयों की शैक्षिक प्रगति की विकास खंड वार समीक्षा की गई। इस दौरान विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन हेतु विद्यालयों में शैक्षिक गतिविधियों के नियमित क्रियान्वयन हेतु प्रभावी रणनीतियों, नामांकित बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति एवं ठहराव, शिक्षक संदर्शिकाओं के नियमित उपयोग, निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से बच्चों के नियमित आकलन, शिक्षण कार्य में प्रिंटरिच सामग्रियों के नियमित उपयोग, गणित, विज्ञान किट का प्रयोग तथा सुनियोजित प्रयास द्वारा विद्यालयों को निर्धारित समयावधि में निपुण बनाने के निर्देश दिए गए। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है, वह न केवल बच्चों को बल्कि संपूर्ण समाज का मार्गदर्शन करता है, समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल पाठय पुस्तकों से बल्कि अपने आचरण से भी शिक्षा देता है।

# महाकुंभः होल्डिंग एरिया में रोके गए श्रद्धालु

▸ जिला प्रशासन की तरफ से सभी होल्डिंग एरिया में रहने, खाने की पर्याप्त व्यवस्था कराई



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मौनी अमावस्या में महाकुंभ में स्नान हेतु प्रयागराज जाने वाली भीड़ के दृष्टिगत मध्यरात्रि में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, सिविल लाइन चौराहा, होल्डिंग एरिया आईटीआई, सारस होटल, श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए स्वागत कक्ष, महाकुंभ सहायता केंद्र व अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तथा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि होल्डिंग एरिया व सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रकाश, अलाव, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

**डीएम-एसपी ने अस्थाई रैन बसेरे का किया निरीक्षण:** प्रयागराज महाकुंभ के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ नियंत्रण को लेकर प्रशासन सतर्क है। बुधवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने ऊंचाहार स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का दौरा किया। सुबह करीब 11:20 बजे अधिकारियों ने महाविद्यालय में बनाए गए अस्थाई रैन बसेरे का निरीक्षण किया।

**स्वास्थ्य शिविर, भोजन व्यवस्था और पेयजल सुविधाओं का जायजा:** डीएम ने श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए स्वास्थ्य शिविर, भोजन व्यवस्था और पेयजल सुविधाओं का जायजा लिया। महाकुंभ में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए शासन ने विभिन्न जिलों में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगाई है। इसी क्रम में ऊंचाहार के मुख्य चौराहे और प्रयागराज जाने वाले सभी मार्गों पर भी प्रवेश निषेध किया गया है।

**त्रासदी के समय संगम हॉस्पिटल के द्वारा लोगों को दी गई राहत सामग्री:** आईटीआई के होल्डिंग एरिया में जिला प्रशासन के द्वारा आए हुए लोगों को रहने और खाने की पर्याप्त व्यवस्था कराई जा रही है वही समाजसेवी संगठन और संगम हॉस्पिटल के द्वारा होल्डिंग किए गए लोगों को राहत सामग्री दी गई इस मौके पर संगम हॉस्पिटल के संचालक आदिल खान का कहना था कि मुसीबत का समय है अगर ऊपर वाले ने मुझे उस लायक बनाया है कि मैं दूसरों की मदद कर सकूं तो मैं उसमें पीछे नहीं हूं।

### श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न न होने पाए: एसपी



पुलिस अधीक्षक ने पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुचारु यातायात प्रबंधन व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी संबंधित स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, पुलिस द्वारा निरन्तर पेट्रोलिंग की जाए तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा रात्रि में भ्रमणशील रहकर पर्यवेक्षण किया जाए, जिससे कही पर भी यातायात बाधित न हो और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न न हो।

### होल्डिंग एरिया आईटीआई की कमान संभाली ईओ ने...



रायबरेली के आईटीआई ग्राऊंड में प्रयागराज जा रहे लोगों को होल्ड किया गया है। इस दौरान रोके गये लोगों के लिये जिला प्रशासन के साथ आम लोग भी आगे आये हैं। इस कड़ी में जहाँ नगर पालिका इओ स्वर्ण सिंह सुबह से खुद कैम्प कर खाने पीने शौचालय व मेडिकल व्यवस्था देख रहे हैं वहीं कुछ संस्थान भी आगे आये हैं। प्रशासन के साथ आम लोग जो सहयोग में आगे आये हैं उनका कहना है कि बाहर के जो लोग यहां मजबूरन रुके हैं वह ज़िले से एक अच्छा सन्देश लेकर जायेंगे। वहीं इओ नगर पालिका का कहना है कि प्रशासन के साथ आम लोग भी आगे आ रहे हैं।

## महाकुंभः भगदड़ के बाद अलर्ट मोड़ पर प्रशासन , होल्डिंग एरिया में रोकी गई बसे

**बछरावां, रायबरेली।** महाकुंभ मेले में भगदड़ के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है। कुंभ मेला पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की बसों को उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए होल्डिंग एरिया टोल प्लाजा व इंडोर स्टेडियम में रोक दिया गया है। कस्बे के होल्डिंग एरिया इंडोर स्टेडियम पार्क में सैंकड़ो बसों को रोका गया है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने समय रहते स्थितियों को संभाल लिया है, जिससे उन्हें समस्याओं से सामना नहीं करना पड़ा है। होल्डिंग एरिया में इलाज के लिए मेडिकल स्टॉल लगाया गया। श्रद्धालुओं के खाने पीने के लिए निशुल्क भंडारे का आयोजन करवाया गया है। महाकुंभ में हादसे के बाद देर रात से ही क्षेत्रीय समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मोर्चा संभाल लिया। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी ने निशुल्क भंडारे के साथ ही श्रद्धालुओं की अन्य सुविधाओं के लिए सहयोग शुरू कर दिया। उप जिलाधिकारी महाराजगंज सचिन यादव ने बताया कि प्रयागराज में कुंभ मेले में बढ़ती भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए बछरावां में बने होर्डिंग एरिया में सैकड़ों की संख्या में वाहनों को रोका गया है। यहां पर नगर पंचायत प्रशासन,पुलिस प्रशासन, व्यापार मंडल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी के भोजन पानी की व्यवस्था की गई है। जब तक शासन या प्रशासन का कोई अग्रिम आदेश नहीं आता है। तब तक श्रद्धालुओं को इसी जगह रखा जाएगा।



**लोकगीतों पर थिरकते दिखे श्रद्धालु:** होल्डिंग एरिया में रोक दिये जाने के बाद भी श्रद्धालुओं में आस्था और आशा की कमी न रही। समूह में आए श्रद्धालु लोकगीतों पर थिरकते हुए देखे गए। उनके चेहरे पर परेशानी की शिकन भी देखने को नहीं मिली। एक समूह में बैठी महिलाएं लोकगीतों को गाती हुई मिली। पूछने पर महिला रूपा मुरादाबाद ने बताया कि प्रशासन व क्षेत्रीय लोगों ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर व्यवस्थाओं को चाक चौबंद बनाया है। महाकुंभ तो जाना ही है। जब इजाजत मिलेगी तब चल देंगे। समस्या के बारे में पूछने पर बताया कि कोई समस्या नहीं है , मौज मस्ती से समय कट रहा है।

**क्या बोले श्रद्धालु.....**

**नीनो, इटली:** महाकुंभ में जा रहे इटली के रहने वाले नीनो ने बताया कि वह महाकुंभ जा रहे थे। पर उन्हें यहां रोका गया है। किसी समस्या के के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा की एवरीथिंग इस राइट। हर हर महादेव। जय महाकुंभ।

**ईवान, यूक्रेन:** यूक्रेनी नागरिक ईवान ने बताया कि वह विश्व भ्रमण पर निकले हैं। महाकुंभ जा रहे थे। पर उन्हें रोक दिया गया है। जय महाकुंभ का उद्घोष करते हुए यूक्रेनी नागरिक होल्डिंग एरिया की ओर चला गया।

**आनंद सिंह, नैनीताल:** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के रहने वाले आनंद सिंह ने बताया कि महाकुंभ में स्नान करने के लिए वह जा रहे थे। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने बसों को होल्डिंग एरिया में रोका है। इजाजत मिलने पर वह महाकुंभ के लिए प्रस्थान करेंगे।

**राजबहादुर भंडारी, नेपाल:** नेपाल के रहने वाले राज बहादुर भंडारी ने बताया कि वह 50 लोगों के ग्रुप के साथ बस से महाकुंभ जा रहे थे। जानकारी मिली है कि वहां कुछ प्रॉब्लम हो गई है। जिसके चलते उन्हें रोक दिया गया है। व्यवस्थाएं दुरुस्त होने पर जाने की इजाजत मिलेगी। उसी का इंतजार कर रहे हैं।

## महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के रोके गये वाहन



**सलोन रायबरेली।** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के वाहन रोके गए हैं। जिससे सुरक्षा व्यवस्था के साथ भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।सलोंन कोतवाली क्षेत्र में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सूची चौराहा पर पुलिस प्रशासन द्वारा महाकुंभ प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं के वाहनों को रोका गया। श्रद्धालुओं के बसों को होल्डिंग एरिया में सुरक्षा की दृष्टि से रोक दिया गया हैं।भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है।प्रयागराज जाने वाले सभी मार्गो पर निगरानी रखी जा रही है। मथुरा वृंदावन के रहने वाले तीन बसों से सवार श्रद्धालु प्रयागराज के महाकुंभ जा रहे थे।जिनको सूची कस्बे के पास सुरक्षित स्थान पर रोका गया है। जहां उन लोगों की व्यवस्था कराई गई। श्रद्धालुओं का कहना है आदेश होने पर हम लोग अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। हम लोगों को अभी तक कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ रहा हैं। प्रशासन के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से यह कदम उठाया गया है।भीड़ सामान्य होने पर वाहनों का आवागमन बहाल किया जाएगा।

## आईजी व डीएम ने होल्डिंग एरिया का किया निरीक्षण

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



मौनी अमावस्या में महाकुंभ में स्नान हेतु प्रयागराज जाने वाली भीड़ के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र प्रशान्त कुमार व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आंबेडकर महाविद्यालय ऊंचाहार होल्डिंग एरिया व श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए स्वागत कक्ष, महाकुंभ सहायता केंद्र एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तथा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के समय महाकुम्भ के दृष्टिगत जनपद में बनाए गये होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं हेतु टेंट के पंडाल, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, जेनसेट, खान-पान, स्वच्छ पेयजल, बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था, विश्रमालय, चिकित्सा, कम्बल, अलाव, संगीत हेतु डीजे सेट, एलईडी टीवी, शौचालय व पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित पाई गई, तथा श्रद्धालुओं से वार्ता कर फीड बैंक लिया गया, जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा अवगत कराया गया कि अवागमन व ठहरने में किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं है, रायबरेली जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित प्रबन्ध किए गए है। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया तथा उक्त व्यवस्थाओं को यथावत बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

**अलाव और ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था हो: डीएम-** जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि होल्डिंग एरिया व सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रकाश, अलाव, पर्याप्त कम्बल, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखें, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन व ठहरने में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित करते हुवे कहा कि सुचारु यातायात प्रबंधन व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी संबंधित स्थलों पर शिफ्टवार पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करवाते हुवे, पुलिस द्वारा निरन्तर पेट्रोलिंग की जाए तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर पर्यवेक्षण किया जाए, जिससे कही पर भी यातायात बाधित न हो और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न न हो।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार दोपहर खैरहनी गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार दो युवकों में एक गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं एक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की बाइक सवार विशाल शुक्ला पुत्र कमलेश शुक्ला व उसका साथी शिवम दुबे पुत्र प्रेम नारायण दुबे निवासीगण मसवानपुर थाना रावतपुर जनपद कानपुर नगर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक परीक्षण के दौरान चिकित्सक डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने विशाल शुक्ला को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल शिवम दुबे का प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर का दिया गया है। घायल शिवम दुबे की मानी जाए तो उसका कहना है वह बाइक से अपने मित्र के साथ कुंभ स्नान करने के लिए जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, पारिवारिक जनों को दूरभाष के माध्यम से सूचना दे दी गई है।

### अनियंत्रित हुई कार, डिवाइडर पार कार पेड़ से टकराई

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरूवा मन्दिर के पास अमरोहा से प्रयागराज कुंभ में स्नान करने जा रहे कार सवार की कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार हो गई और दूसरी तरफ स्थित एक पीपल के पेड़ से जा टकराई जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल दिनेश सिंह पुत्र राजपाल सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी ईश्वरदेवा थाना बछरइयों जनपद अमरोहा अपने मित्र अजीत सिंह पुत्र ब्रह्मपाल सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी मीरपुर थाना गजरौल जनपद अमरोहा के साथ अमरोहा से प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने जा रहे थे, तभी चुरूवा मंदिर के पास उनकी कार का टायर फटने से वह अनियंत्रित हो गई और वह डिवाइडर पार कर हाईवे के दूसरी तरफ स्थित पीपल के पेड़ से जा टकराई, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात मौजूद चिकित्सक डॉक्टर गणनायक पांडे ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### विद्यालय में आयोजित की गई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बच्चों को शिक्षा के साथ खेलकूद में निपुण बनाने के लिए तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए डलमऊ क्षेत्र के जोहवा नटकी गांव स्थित एस.एन.जे.एच.(एस. वी.आई.कांवेंट स्कूल) विद्यालय में शीतकालीन वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी विकास सिंह ने फीता काटकर किया। विद्यालय प्रबंधक शिव कांची मौर्य एवं प्रधानाचार्य रमेश यादव व विमल मौर्या ने समाजसेवी विकास सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य रूप से कबड्डी, कुर्सी दौड़, खो-खो,लंबी कूद, ऊंची कूद,क्रिकेट मैच,सहित अन्य खेलों का आयोजन किया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में विद्यालय की एलकेजी की छात्रा दीपिका ने प्रथम अनुष्का ने द्वितीय तथा जानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वही दौड़ प्रतियोगिता में महिमा प्रथम, जानवी द्वितीय तथा दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वही कुर्सी दौड़ की प्रतियोगिता में कक्षा 7 की छात्रा कविता प्रथम, आरती द्वितीय खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता में आरुषि प्रथम, खुशी द्वितीय तथा कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया खेलकूद में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को समाजसेवी विकास सिंह के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने एस. वी.आई.कांवेंट स्कूल द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधक की जमकर सरहाना की और कहा कि खेलकूद से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। ऐसे आयोजन से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान हनुमान, विद्यालय प्रबंधक शिवकांची मौर्या, प्रधानाचार्य रमेश यादव, बाबूजी राम लखन, शिक्षक सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, श्रीकृष्ण, अनुराग, नितिन, माया देवी सौम्या, अमिता, सोनाली, अर्चना एवं विद्यालय परिवार के साथ स्कूल के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## बदहाल सड़क बनी हादसों की वजह, स्कूली बच्चों की सुरक्षा खतरे में

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

प्रशासन की उदासीनता और जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। डुमरियागंज मार्ग से नई बस्ती छिपिया गाँव को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चे और स्थानीय लोग गुजरते हैं, लेकिन सड़क की दुर्दशा के कारण उनका सफर बेहद खतरनाक हो गया है। हाल ही में इस खराब सड़क ने एक बड़े हादसे को जन्म देते-देते छोड़ दिया। स्कूली बच्चों से भरा एक ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया, जिससे एक छात्र को चोटें आईं। घटना के बाद अभिभावकों में भारी आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं हुई, तो भविष्य में और भी गंभीर दुर्घटनाएँ हो सकती हैं। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान कुर्बान अली को जिम्मेदार ठहराया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान ने गाँव की सड़कों के सुधार और मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया। सड़क की स्थिति कई महीनों से बदतर होती जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। गाँव के निवासी भल्लू, झिनकन यादव, अनिल कुमार, मंगरे, वजीहुल, राम दुलारे और दशरथ सहित कई लोगों ने जिला प्रशासन से इस सड़क का निर्माण कराने की माँग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण नहीं कराया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सड़क की बदहाल स्थिति और बढ़ते हादसों के संबंध में जब संबंधित अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जाँच कर जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। हालाँकि, ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## जिले के लिए गौरवांतिक पल

▸ स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ बृजेश बहादुर सिंह किए गए सम्मानित, फेलोशिप सम्मान से नवाजे गए डॉ ब्रजेश बहादुर सिंह

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

इंडियन मेडिकल एसोसियेशन की रायबरेली के दो बार के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ एवं प्रख्यात फिजीसियन डॉ ब्रजेश बहादुर सिंह को एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) ने इंडियन कॉलेज ऑफ फिजीशियन (एफआईसीपी) का फेलोशिप सम्मान प्रदान किया है। कोलकाता में एपीकॉन-2025 द्वारा आयोजित एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के 80वें वार्षिक सम्मेलन में डॉ. ब्रजेश बहादुर सिंह को मिले इस सम्मान से अपने जनपद का गौरव बढ़ा है, क्योंकि डॉ ब्रजेश



बहादुर सिंह रायबरेली के पहले चिकित्सक हैं जिन्हे एपीआई ने फेलोशिप प्रदान की है।

**कोलकाता में किए गए सम्मानित:** बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) ने, डॉ ब्रजेश बहादुर सिंह को इंडियन कॉलेज ऑफ़ फ़िज़िशियन की फ़ेलोशिप, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और मरीजों के प्रति विशेष समर्पण के लिए दिया है। उल्लेखनीय है कि इंडियन कॉलेज ऑफ फिजीशियन की फेलोशिप एक मानद कोर्स है जो डॉक्टरों और मेडिकल कॉलेज के प्रोफ़ेसर को उल्लेखनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है। फेलोसिप पाने वाले डॉक्टरों को सामान्य चिकित्सा अभ्यास के क्षेत्र में सम्मानित किया जाता है। फेलोसिप देने का निर्णय आठ सदस्यों टीम करती है।

**कम खर्च में बेहतर इलाज के है अनुयाई:** डॉ ब्रजेश सिंह का, चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान, शिक्षण व विकास में अहम योगदान है। अपने मरीजों को उच्च कोटि की सुलभ स्वास्थ्य सेवायें देने के लिए पूरे जिले मे चर्चित डॉ. ब्रजेश सिंह का मानना है कि कम खर्च में बेहतर इलाज किया जाना चाहिए। डॉ ब्रजेश की मरीजों के प्रति यही सोंच उन्हे औरों से अलग बनाती है।इससे पहले भी डॉ बृजेश को डायबिटीज इंडिया और इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल मेडिसिन की फेलोशिप मिल चुकी है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

▸ डीएम ने बैठक में शतप्रतिशत नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव ?, जननी सुरक्षा योजना भुगतान सुनिश्चित किए जाने का दिया निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान डीएम ने जनपद में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं नियमित टीकाकरण, आशा भुगतान, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना भुगतान, आयुष्मान भारत, आभा आईडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम , राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की गहन समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने जनपद में आशा के रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया की विकास खंडवार समीक्षा की एवं धीमी रफ्तार पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए एमओआईसी बलरामपुर एवं तुलसीपुर का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं के डाटा फीडिंग सहित विभिन्न कार्य में लापरवाही पर बीपीसीएम बलरामपुर, बीपीएम रेहरा बाजार , बीपीएम उतरौला की संविदा समाप्ति का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि ड्यू लिस्ट बनाते हुए शतप्रतिशत नियमित टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए, कोई भी बच्चा टीकाकरण से न छुटे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किए जाने, जननी सुरक्षा योजना के तहत निर्धारित समयावधि के भीतर शत प्रतिशत सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाने के निर्देश दिया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आरबीएसके टीम द्वारा रोस्टरवार सभी विद्यालयों का भ्रमण करते हुए छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, समस्त सीएमएस, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## नो हेलमेट, नो फ्यूल के अंतर्गत पेट्रोल पंपों पर हेलमेट जरूर पहने जाने को किया गया जागरूक



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जो दिनांक दिनांक पहली जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत डीएम श्री पवन अग्रवाल के निर्देशन में दिनांक 29 जनवरी 2025 को नो हेलमेट, नो फ्यूल के अंतर्गत जनपद बलरामपुर के पेट्रोल पंपों पर जाकर आम जनमानस को जागरूक किया गया तथा कुल 27 वाहन चालकों का हेलमेट के अभियोग में चालान किया गया इसके अतिरिक्त अन्य उद्योगों में आज कल 26 चालान किए गए उक्त जागरुकता कार्यक्रम में एआरटीओ अतिरिक्त यातायात निरीक्षक अतिरिक्त यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सफर-ए-इमाम हुसैन की याद में मजलिस और जुलूस का आयोजन

▸ ग्राम अमया देवरिया में भी हुआ आयोजन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**





सफर-ए-इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में बुधवार को नगर के मोहल्ला रफी नगर स्थित मरहूम सैय्यद मसूद हुसैन रिजवी के अजाखाने में मजलिस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शायर अनीस उतरौलवी, नश्शन उतरौलवी और अली सफदर उतरौलवी ने अपने कलाम पेश किए। इसके बाद मौलाना मोहम्मद अली ने मजलिस को खेताब किया और इमाम हुसैन की कुर्बानी को विस्तार से बयान किया।

मौलाना मोहम्मद अली ने अपने खेताब में कहा कि 28 रजब सन 60 हिजरी को इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम अपने 71 साथियों और परिवार के साथ अपने नाना रसूलअल्लाह के शहर मदीना से कर्बला के लिए रवाना हुए थे। यह सफर लगभग छह महीने तक चला और 2 मोहर्रम 61 हिजरी को वे सर-ज़मीन-ए-कर्बला पहुँचे। उन्होंने इमाम हुसैन और उनके बहत्तर साथियों की शहादत का जिक्र किया तो मजलिस में मौजूद सभी लोगों की आँखें नम हो गईं। मजलिस के बाद जुलूस-ए-सफर-ए-इमाम हुसैन निकाला गया, जो मुख्य मार्ग से होकर कस्बा चौकी, मोहल्ला सुभाष नगर होते हुए पटेल नगर स्थित मरहूम यावर हुसैन के इमामबाड़े में समाप्त हुआ। जुलूस में अंजुमन कमर-ए-बनी हाशिम के नौहाख्वानों मास्टर शारिब, अली हसन जाफर उतरौलवी, शहजादे जाफरी, अली जाफरी और मुसय्यब जाफरी ने पुरदर्द नौहे पेश किए, जिस पर मातमदारों ने सीनाजनी और मातम कर अकीदत पेश की। जुलूस में अलम, अमारी और ज़ुल्जेनाह के साथ बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। इस मौके पर मौलाना सिब्ते हैदर, मौलाना जायर अब्बास, मेहंदी सज्जाद, ऐमन रिज़वी, समीर रिज़वी, हेलाल रिज़वी, नुसरत हुसैन, हसनैन अली आब्दी, ज़करिया रिज़वी, मोनू रिज़वी फूलमियां आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में उतरौला क्षेत्र के ग्राम अमया देवरिया स्थित मस्जिद-ए-मोहम्मदी में अंजुमन हुसैनिया के बैनर तले सफर-ए-इमाम हुसैन की याद में एक मजलिस का आयोजन किया गया। इस मजलिस को जलालपुर से आए मौलाना फरमान हैदर ने खेताब किया। मजलिस के बाद जुलूस-ए-अमारी निकाला गया, जो गाँव में गश्त करता हुआ दरगाह हजरत अब्बास अलमदार के रौज़े पर समाप्त हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए नौहा ख्वानी और मातम किया। आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से लोग शामिल हुए और इमाम हुसैन के उस बलिदान को याद किया, जिसने इंसानियत और सत्य की रक्षा के लिए एक अमिट मिसाल कायम की।

## महाकुंभ व्यवस्थाओं पर भगदड़ ने फेरा पानी


त्रिवेणी संगम प्रयागराज में आयोजित दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं की पूरी दुनिया कायल है। चाहे वो यातायात व्यवस्थाओं की हो अथवा मेले में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के जानमाल की सुरक्षा संबंधी, नवीतम तकनीक के उपकरणों से आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों, जल थल पुलिस के अतिरिक्त आकाश से ड्रोन द्वारा भी पैनी नजर रखी जा रही है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मेला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। पिछले दिनों आग लगने की दोनों घटनाओं पर एंटीफायर टीमों के त्वरित ऐक्शन पर आग पर तुरंत काबू पाया जाना जिसका एक उदाहरण था किंतु कल मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ और 30 की मौत ने पूरी व्यवस्था पर पानी फेर दिया। यह एक हादसा है या कोई साजिश, जांचोपरांत पता चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दुखी और काफी नारा भी है, उन्होंने कहा है कि दोषियों जो भी होंगे उन्हें बक्शा नहीं जाएगा। लेकिन महाकुंभ का आयोजन संभाल रहे लोगों ने साबित करने का प्रयास किया है कि यदि बारीक से बारीक पहलुओं पर ध्यान रखकर यदि व्यवस्थायें की जाएं तो किसी भी बड़े आयोजन को सुरक्षित रूप से पूरा किया जा सकता है। कुंभ में जिस तरह की व्यवस्थाएं हैं, प्रबंधन के लिहाज से वह दुनिया के चुनिंदा आयोजनों में की जा सकती है। इस आयोजन के हर पहलू पर इस बार आईआईटी कानपुर की भी नजर है और आईआईटी कानपुर उसकी हर पहलू पर समीक्षा भी कर रहा है। संस्थान के प्रोफेसर मुनमुन झा ने मीडिया को बताया कि इकोनामिकल, इलेक्ट्रिकल और टेक्निकल समेत अन्य फ्रंट पर 20 फैकल्टी मेंबर कम कर रहे हैं। जिसकी रिपोर्ट जून 2025 तक तैयार हो जाएगी जो भविष्य में देश दुनिया में होने वाले ऐसे बड़े आयोजनों के लिए यह एक तरह की गाइड बुक होगी। संस्थान के प्रोफेसर विमल कुमार एवं प्रोफेसर अजीत चतुर्वेदी ने बताया कि कुछ माह पहले उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर मनींद्र अग्रवाल के बीच बैठक हुई थी। जिसमें सहमति बनी थी कि महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा कर एक ऐसी रिपोर्ट बनाई जाए जो 2019 के कुम्भ में आईआईएम बेंगलुरु ने तैयार की थी, लेकिन उसमें इंजीनियरिंग का पहलू शामिल नहीं था। जिसके अनुसार आईआईटी कानपुर में अलग-अलग फील्ड के विशेषज्ञों को मिलाकर टीम बनाई गई है। यह टीम मोबाइल कंपनियों के टावर का डेटा, बसों और ट्रेनों की टिकट बिक्री, ई-पेमेंट,जीएसटी कलेक्शन और टोल कलेक्शन के लिहाज से निष्कर्ष पर पहुंच कर रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके लिए कई बार संस्थान के वैज्ञानिक प्रयागराज जा चुके हैं। लिडार तकनीक से भीड़ प्रबंधन, प्रदूषण और तकनीकी पहलू भी देखे जाएंगे। कुंभ में लगाए गए कैमरों और तकनीकी उपकरणों को भी जांचा परखा गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई महत्वपूर्ण डेटा लीक न हो जाए। इसके अलावा वहां रोड किनारे पेंटिंग जैसे कामों की भी समीक्षा की की जाएगी, इसकी जिम्मेदारी डिजाइन विभाग को दिया गया है और साइबर सिक्योरिटी के मोर्चे पर आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ पहले से सक्रिय हैं। रिपोर्ट में इस कुंभ की तुलना पिछले कुंभ से की भी जाएगी। इसके बाद तैयार रिपोर्ट देश दुनिया में आयोजित होने वाले किसी भी बड़े आयोजन के लिए बतौर गाइड बुक मददगार साबित होगी। फिलहाल जानकारी ये भी आई है कि मौनी अमावस्या के अमृत स्नान की वजह से ज्यादातर पांटून पुल बंद थे। इस वजह से संगम पर लाखों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई और ज्यादातर श्रद्धालु जल्दी स्नान करने के लिए संगम तट पर ही भोर होने का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए, यह देखकर भगदड़ मच गई और हादसे का कारण बना।

# महात्मा गांधी का पुण्य स्मरण

गिरीश्वर मिश्र

बापू की स्मृति सात्विक मूल्यों के लिए सतत संघर्ष की याद दिलाती है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय (चोरी न करना), अपरिग्रह (जरूरत से ज्यादा धन-सम्पदा न रखना), प्राकृतिक संसाधनों का दोहन न करना, शारीरिक श्रम, आपसी सौहार्द बनाए रखना गांधी जी के जीवन सूत्र थे। इनको लेकर वे निजी सामाजिक जीवन में खुद चलते थे और अपने साथ के लोगों को उनको अपनाने के लिए कहते थे। उनकी संगति में बहुतेरों ने अपने लिए स्वदेशी विचार-व्यवहार को अपनाया भी।

गांधी जी के प्रभाव में खादी और चरखा घर-घर प्रचलित हुआ। स्वावलंबन के लिए सबने व्रत लिया। विकेंद्रीकृत और प्रजातांत्रिक तरीके से स्थानीय स्तर पर सामाजिक जीवन चलाने के कई सफल प्रयोग भी उन्होंने किए। स्थानीय और वैश्विक के अंतर्सबंधों को मानवीय स्तर पर समझने की उनकी कोशिश अनोखी थी। सीधा-सादा, सच्चा और लोक की रक्षा को समर्पित उनकी नीति स्वभाव में समावेशी थी । उन्होंने एक मानवीय राजनीतिक संस्कृति का सूत्रपात किया और साहस के साथ उसे अपनाया। जीवन भर गांधी जी प्रयोग करते रहे और स्वयं को परखते रहे। उनके लिए 'सर्व' का कल्याण उचित अनुचित तय करने की कसौटी थी। इस तरह की सोच समय से आगे थी और स्वतंत्र भारत के कर्णधारों को कदाचित बहुत प्रिय नहीं थी इसलिए उसका हाशियाकरण उनके जीते जी ही शुरू हो गया था जिसे वह प्रकट भी कर रहे थे। स्वतंत्र भारत में मनाए गए पहले और अंतिम जन्म दिवस पर दो अक्तूबर 1947 को उन्होंने बड़े दुखी मन से अपनी मृत्यु की कामना की थी। कुछ महीनों बाद ही 1948 की जनवरी में उनके आकस्मिक और मर्मांतक दैहिक अवसान से देश के सम्मुख कई प्रश्न खड़े हुए। उनके विचार जीवित हैं और उनको स्मरण भी किया जाता है परंतु अब अनुष्ठान अधिक हैं और वास्तविकता के धरातल पर उनको उतारना बेहद मुश्किल हो रहा है। अब तो कई नेता देश की प्राथमिकता को दांव पर लगाने में भी लोग नहीं चूकते।



**अपने मूल सैद्धांतिक स्वभाव से राजनीति जनार्दन की जनता की सेवा के लिए है और सरकार का दायित्व और काम मुख्यतः जनता की सुख-सुविधा की व्यवस्था को सुनिश्चित करना और उनके लक्ष्यों को पाने में मदद करना है। इस दृष्टि से नेतागिरी समाज को समर्पित जनसेवा का उपक्रम हो जाता है। सच्चाई और ईमानदारी देश के निर्माण और प्रगति का आधार होता है। यह दुखद सच्चाई है कि बदलते दौर में अब भारत की राजनीतिक पार्टियां देश सेवा से विराट हो कर व्यापार और उद्योग धंधे का रूप लेती जा रही हैं। अब इन पार्टियों के चुनाव प्रचार का नजारा वोट की फसल खरीदने के लिए बोली लगाने जैसा होता जा रहा है। चुनाव में भाग लेने वाली एक पार्टी हिसाब लगा कर वोट बेंचने के लिए मतदाताओं तक पहुंच कर उसको खरीदने का सौदा करती है। यह कहते हुए वैध या पात्र मतदाता का पंजीकरण किया जाता है और आश्वस्त किया जाता है कि अगर उनकी सरकार बनी तो उसे कुछ हजार रूपये ज़रूर दिए जाएंगे ।**

अपने मूल सैद्धांतिक स्वभाव से राजनीति जनार्दन की जनता की सेवा के लिए है और सरकार का दायित्व और काम मुख्यतः जनता की सुख-सुविधा की व्यवस्था को सुनिश्चित करना और उनके लक्ष्यों को पाने में मदद करना है। इस दृष्टि से नेतागिरी समाज को समर्पित जनसेवा का उपक्रम हो जाता है। सच्चाई और ईमानदारी देश के निर्माण और प्रगति का आधार होता है। यह दुखद सच्चाई है कि बदलते दौर में अब भारत की राजनीतिक पार्टियां देश सेवा से विराट हो कर व्यापार और उद्योग धंधे का रूप लेती जा रही हैं। अब इन पार्टियों के चुनाव प्रचार का नजारा वोट की फसल खरीदने के लिए बोली लगाने जैसा होता जा रहा है। चुनाव में भाग लेने वाली एक पार्टी हिसाब लगा कर वोट बेंचने के लिए मतदाताओं तक पहुंच कर उसको खरीदने का सौदा करती है। यह कहते हुए वैध या पात्र मतदाता का पंजीकरण किया जाता है और आश्वस्त किया जाता है कि अगर उनकी सरकार बनी तो उसे कुछ हज़ार रूपये ज़रूर दिए जाएंगे । इस तरह के अवैध और अनर्गल प्रयास यही साबित करते हैं कि छद्म, छल और कपट से वोट को खरीदना और बटोरना धोखेदार राजनेताओं की पसंदीदा शैली होती जा रही है। ऐसे में राजनीतिज्ञों की बिरादरी की साख तेजी से घट रही है और उन पर आम जनों का भरोसा घटता जा रहा है। अब मंच, रैली और फोन आदि भिन्न-भिन्न तरीकों से मतदाताओं तक अधिकाधिक पहुंच बनाई जाती है। घर-घर चलते घनघोर प्रचार के साथ वादा, संकल्पों और गारंटियों के एक से एक तोहफों की घोषणाओं की भरमार होती है।

पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, धर्माटन आदि को लेकर मुफ्त सुविधाओं की बरसात किश्तों में हो रही है। हर पार्टी दूसरी पार्टी से बढ़चढ़ कर दावे ठोंक रही है। जहां तक पुराने अधूरे वादों का सवाल है और अपनी असफलता का सवाल है उसका ठीकरा विपक्षी दल पर फोड़ना आम बात है। पार्टियां मतदाता को लुभाने और घेर कर अपने पक्ष में करने के सभी जुगाड़ लगा रही हैं। समानता और समता की दुहाई देने वाली पार्टियां जाति, धर्म और क्षेत्र का खुले आम फायदा उठा रही हैं। नागरिक सुविधाओं की कमी और अव्यवस्था से जूझ रहे मध्य वर्ग के लोगों को राजनैतिक पार्टियों के वादे कुछ राहत देने वाले लगते हैं तो गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों को बेहद प्रलोभित करने वाले होते हैं। उनको सम्मान राशि में रुपयों पैसों को लेकर तात्कालिक फायदा दिखता है और भोली भाली जनता उसी के हिसाब से वोट डालने के लिए अपना मन बनाती और बिगाड़ती रहती है। कोई राजनेता यह नहीं बताता कि इन वादों और गारंटियों की अनंत सूची के लिए धन कहां से आएगा और इसकी प्रक्रिया क्या होगी। राजनैतिक विचारधारा से लगाव अब कोई मायने नहीं रखता। समाज, देश और मानवता आदि के व्यापक सरोकार वाली सोच अब पूरी तरह से हाशिए पर पहुंचती दिख रही है। साथ ही चर्चाओं में भी नैतिकता के जरूरी मानक की चेतना जाती रही। सार्वजनिक मंच राजनैतिक वाद-विवाद में होने वाली चर्चाएं हास्यास्पद रूप से चरित्र-हनन पर केंद्रित होती जा रही हैं। सभी एक दूसरे पर कीचड़ उछलते हैं और विगत इतिहास के पन्नों से उदाहरण निकाल-निकाल कर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। पर कौन छोटा है और कौन बड़ा यह कहना मुश्किल होता है क्योंकि सभी दलों के इतिहास ऐसी घटनाओं से भरे पड़े होते हैं।

**विचार**

# दिल्ली में दलित-ओबीसी मत निर्णायक

रमेश सर्राफधमोरा



दिल्ली विधानसभा चुनाव में दलित-ओबासी मत निर्णायक भूमिका में है। इस बार सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आआपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहे है। आआपा चौथी बार सरकार बनाने के लिए संघर्षरत है। भाजपा दिल्ली में डबल इंजन सरकार का सपना पाले है। कांग्रेस को लगता है कि उसका वनवास खत्म होगा। कहने को तो दिल्ली केंद्रशासित प्रदेश है। यहां की सरकार व मुख्यमंत्री के पास अन्य प्रदेशों की तरह अधिकार नहीं होते हैं। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री होना अपने आप में बड़ी बात है।

दिल्ली से ही देश की सरकार चलती है। ऐसे में दिल्ली में जो सरकार बनती है उसके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है। दिल्ली के चुनाव में इस बार दलित, जाट व गुर्जर मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने जा रही है। दिल्ली में 12 विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां करीबन 18 प्रतिशत दलित मतदाता है। दिल्ली की आरक्षित 12 सीटों के अलावा 18 और ऐसी विधानसभा सीटे हैं जहां दलित मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में दिल्ली की 30 विधानसभा सीटों पर दलित मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। बवाना, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, देवली, अंबेडकर नगर, त्रिलोकपुरी, कोंडली, सीमापुरी, गोकुलपुर विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है।

इसके अलावा करीबन 15 से 20 अन्य ऐसी सीटें है जहां दलित मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। इसलिए दिल्ली विधानसभा की 70 में से करीबन 30 सीटों पर दलित मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में सभी 12 आरक्षित सीटों पर आम आदमी पार्टी विजयी हुई थी। इसलिए आआपा का पूरा फोकस दलित मतदाताओं पर है। दिल्ली के अनुसूचित जाति के मतदाताओं में से 38 फीसदी जाटव और 21 फीसदी वाल्मीकि है। पिछले लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के मतदाताओं के लिए देश भर में आरक्षित 84 लोकसभा सीटों में से भाजपा मात्र 30 सीट पर ही चुनाव जीत पाई थी। इंडी गठबंधन के भाजपा द्वारा संविधान बदलने के नारे के कारण दलित मतदाता भाजपा से छिटककर विपक्षी खेमे में चले गए थे। इसी तरह दिल्ली में भी पिछले दो विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी 12 सीटों पर आआपा जीतती आ रही है। इसलिए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा व कांग्रेस इस बार के चुनाव में पूरा जोर लगा रही हैं। भाजपा ने 12 आरक्षित सीटों के अलावा दो सामान्य सीटों मटिया महल से दीप्ति इंदौरा व बल्लीमारन से कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है। इस तरह भाजपा ने कुल 14 सीटो पर दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।कांग्रेस ने भी नरेला से अनुसूचित जाति की अरुणा कुमारी को टिकट देखकर कुल 13 सीटों पर दलित

**पिछले लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के मतदाताओं के लिए देश भर में आरक्षित 84 लोकसभा सीटों में से भाजपा मात्र 30 सीट पर ही चुनाव जीत पाई थी। इंडी गठबंधन के भाजपा द्वारा संविधान बदलने के नारे के कारण दलित मतदाता भाजपा से छिटककर विपक्षी खेमे में चले गए थे। इसी तरह दिल्ली में भी पिछले दो विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी 12 सीटों पर आआपा जीतती आ रही है। इसलिए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा व कांग्रेस इस बार के चुनाव में पूरा जोर लगा रही हैं। इसी से उत्साहित होकर भाजपा अनुसूचित जाति के मतदाताओं की बहुलता वाली सीटों पर विशेष चुनावी प्रबंधन कर चुनावी रणनीति बना रही है।दिल्ली में जाट मतदाताओं की बहुलता वाली 10 सीटों महरौली, मुंडका, रिठाला, नांगलोई, मटियाला, पालम, नरेला, विकासपुरी, नजफगढ़ व बिजवासन पर आआपा का कब्जा है।**

प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। भाजपा व कांग्रेस की रणनीति है कि दलित मतदाताओं को आम आदमी पार्टी से दूर किया जाए। आआपा ने 12 आरक्षित सीटों पर ही अनुसूचित जाति के लोगों को टिकट दिया है। हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में दलित मतदाताओं का रुझान भाजपा की तरफ रहा है। इसी से उत्साहित होकर भाजपा अनुसूचित जाति के मतदाताओं की बहुलता वाली सीटों पर विशेष चुनावी प्रबंधन कर चुनावी रणनीति बना रही है।दिल्ली में जाट मतदाताओं की बहुलता वाली 10 सीटों महरौली, मुंडका, रिठाला, नांगलोई, मटियाला, पालम, नरेला, विकासपुरी, नजफगढ़ व बिजवासन पर आआपा का कब्जा है। इस बार भाजपा आआपा से इन सभी 10 सीटों को छीन कर अपनी वापसी का प्रयास कर रही है। भाजपा ने इस बार करीबन 14 टिकट जाट नेताओं को दिए हैं। इनमें पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा नई दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने चुनाव लड़ रहे हैं। आआआपा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत भी भाजपा के टिकट पर बिजवासन से चुनाव लड़ रहे हैं। गहलोत के भाजपा में जाने से आआपा के पास कोई बड़ा जाट नेता नहीं रह गया है। दिल्ली में गुर्जर मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है। इनके प्रभाव वाली छतरपुर, मुस्तफाबाद, तुगलकाबाद, घोंडा, गोकुलपुरी, ओखला सीट पर आआपा का कब्जा है।

## जलवायु संकट में बच्चे

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। खासकर भारत जैसे देश में जहां अधिकांश कृषि मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सबसे बड़ा संकट हमारे कृषि क्षेत्र पर है, जहां उत्पादकता घटने से हमारी खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ती नजर आ रही है। लेकिन अब 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित वह रिपोर्ट चौंकाती है, जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में करीब साढ़े पांच करोड़ बच्चों की शिक्षा हीटवेव से बाधित हुई है। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। रिपोर्ट दावा करती है कि वर्ष 2024 में लू के कारण भारत में शिक्षा व्यवस्था पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आए, लेकिन बच्चों के प्रति कोई ऐसा संवेदनशील अध्ययन सामने नहीं आया था। जिसने जहां एक ओर अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी, वहीं सरकार पर दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां यथाशीघ्र बनाये। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है क्योंकि अध्ययन में वर्ष 2050 तक बच्चों पर गर्म हवाओं का असर आठ गुना तक बढ़ने की आशंका है। बीता साल एक सदी से अधिक अवधि के बाद का सबसे गर्म साल घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने सूचित किया था कि वर्ष 2024 वर्ष 1901 के बाद सबसे अधिक गर्म साल रहा है। जो ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को ही उजागर करता है। यह भी कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जो न केवल बच्चों की शिक्षा बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालेगा। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट से बच्चों की शिक्षा बाधित होने से उनके भविष्य पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। लू की गर्म लहरों के बीच छोटे बच्चों का स्कूल जाना संभव नहीं हो पाता। अभिभावक भी पढ़ाई की तुलना में उनके जीवन को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में समय रहते स्कूलों के समय निर्धारण में परिवर्तन और बढ़ती गर्मी से जुड़ी सावधानियों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर इस संकट का मुकाबला किया जा सकता है। इसके अलावा देश में जलवायु परिवर्तन प्रभावों का हमारे जन-जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के मूल्यांकन के लिये व्यापक अध्ययन व शोध करने की जरूरत महसूस की जा रही है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो इसके प्रभाव दीर्घकालीन हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यूनीसेफ ने जिस अध्ययन का हवाला दिया है वह ओस्लो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के निष्कर्ष हैं। यह कोशिश भारत के विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों द्वारा की जानी चाहिए ताकि निष्कर्ष भारतीय परिस्थितियों के हिसाब से स्वदेशी अध्ययन के चलते अधिक प्रमाणिक हों। लेकिन इसके अलावा ओस्लो विश्वविद्यालय के अध्ययन में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भारत को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की दृष्टि से अधिक संवेदनशील बताया गया है। हालांकि, बीते वर्ष ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से पूरी दुनिया के चौबीस करोड़ बच्चों की पढ़ाई मौसम की तल्खी से बाधित हुई है। बड़ी संख्या में बच्चे मौसमी व्यवधानों के चलते स्कूल नहीं जा पाए।



## राशिफल

**मेषः-** कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**बृषभः-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। आलस्य कतई न करें।

**मिथुनः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है। पारिवारिक संबंधों में कटुता जैसी स्थिति उत्पन्न न होने दें।

**कर्कः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें।

**सिंहः-** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें।

**तुलाः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कार्यरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कल्पनाएं सार्थकता हेतु उद्वेलित करेंगी।

**धनुः-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकरः-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**कुंभः-** राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

मीनः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति से यूरोपीय संघ को सबसे ज्यादा नुकसान

नित्य चक्रवर्ती




**ट्रम्प ने कहा यह केवल 2 प्रतिशत पर था और अधिकांश देशों ने मेरे आने तक भुगतान नहीं किया। मैंने जोर दिया कि वे भुगतान करें, और उन्होंने किया, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका वास्तव में उस समय अंतर का भुगतान कर रहा था। उन्होंने घोषणा की कि अमेरिका श्अन्य देशों से सम्मान की मांग करना शुरू करेगा, और उसके साथ ही उन्होंने केनेडा और यूरोपीय संघ का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केनेडा अमेरिका का एक राज्य बन सकता है, जो केनेडा के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे को खत्म करने का एक तरीका है। हमें उनकी कारों की जरूरत नहीं है और हमें उनकी लकड़ी की भी जरूरत नहीं है। यूरोपीय संघ के बारे में उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि ब्लॉक द्वारा अमेरिका के साथ बहुत, बहुत अनुचित व्यवहार किया गया है**

डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने और पदभार ग्रहण करने के पहले दिन उनकी नीतिगत घोषणाओं के एक सप्ताह के अन्दर उनका असर हर देश पर अलग-अलग पड़ा है, लेकिन यूरोपीय संघ के देशों, खासकर जर्मनी और फ्रांस में यह सबसे ज्यादा दहशत का विषय है। गत 23 जनवरी को यह प्रक्रिया और भी तेज हो गई, जब ट्रम्प ने डावोस में विश्व आर्थिक मंच के साथ बातचीत के दौरान अपनी नीतियों के बारे में विस्तार से बताया।

यूरोपीय वर्चस्व वाले वर्ल्ड इकानामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के सदस्य, जिन्होंने 20 जनवरी को अपना पांच दिवसीय वार्षिक सत्र शुरू किया था, 23 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ वीडियो सत्र का इंतजार कर रहे थे, क्योंकि सीईओ को अपने स्पष्टीकरणों पर अमेरिकी राष्ट्रपति से सीधे जवाब पाने का अवसर की उम्मीद थी। उन्हें वह अवसर मिल गया और बड़बड़ाहट के बीच, यूरोपीय सीईओ का मूड निराशा और मोहभंग का था। यूरोप पहले से ही अपने निराशाजनक आर्थिक दौर का सामना कर रहा है और ऐसा लगता है कि यह प्रक्रिया लंबी चलेगी। उन्होंने नाटो देशों से रक्षा खर्च को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए अपना आह्वान दोहराया। जब तक कि उन्होंने चुनौती नहीं दी थी, तब तक कई राष्ट्रों ने उनके पहले कार्यकाल के दौरान 2प्रतिशत जीडीपी लक्ष्य को भी पूरा नहीं किया था।

ट्रम्प ने कहा यह केवल 2 प्रतिशत पर था और अधिकांश देशों ने मेरे आने तक भुगतान नहीं किया। मैंने जोर दिया कि वे भुगतान करें, और उन्होंने किया, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका वास्तव में उस समय अंतर का भुगतान कर रहा था। उन्होंने घोषणा की कि अमेरिका श्अन्य देशों से सम्मान की मांग करना शुरू करेगा, और उसके साथ ही उन्होंने केनेडा और यूरोपीय संघ का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केनेडा अमेरिका का एक राज्य बन सकता है, जो केनेडा के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे को खत्म करने का एक तरीका है। हमें उनकी कारों की जरूरत नहीं है और हमें उनकी लकड़ी की भी जरूरत नहीं है। यूरोपीय संघ के बारे में उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि ब्लॉक द्वारा अमेरिका के साथ बहुत, बहुत अनुचित व्यवहार किया गया है। श्वे हमारे कृषि उत्पाद नहीं लेते हैं और वे हमारी कारें नहीं लेते हैं। फिर भी वे हमें लाखों की संख्या में कारें भेजते हैं, उन्होंने कहा। उन्होंने सऊदी अरब और तेल उत्पादक कार्टेलओपेक से तेल की कीमतों में कटौती करने का आग्रह किया, और दावा किया कि इससे यूक्रेन में युद्ध समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा, उन्हें यह बहुत पहले ही कर देना चाहिए था। वास्तव में, कुछ हद तक, जो कुछ हो रहा है, उसके लिए वे बहुत जिम्मेदार हैं।श् ट्रम्प के भाषण के बाद तेल की कीमतों में गिरावट आई।

उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपने ऊर्जा उत्पादन को दोगुना करने की जरूरत है, आंशिक रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने के लिए। ट्रम्प ने कहा कि वे नये बिजली संयंत्रों के लिए मंजूरी को तेज करेंगे, जिन्हें कंपनियां अपने संयंत्रों के बगल में लगा सकती हैं- ऐसा कुछ जो वर्तमान में नियमों के तहत संभव नहीं है। चिंताजनक रूप से, उन्होंने घोषणा की कि कंपनियां अपनी इच्छानुसार किसी भी चीज से इसे ईंधन दे सकेंगी, और बैकअप के रूप में कोयला, अच्छा, स्वच्छ कोयला रख सकेंगी। ट्रम्प की व्हाइट हाउस में वापसी ने पूरे यूरोप में आत्ममंथन की लहर पैदा कर दी है। उनके अमेरिका फर्स्ट सिद्धांत और यूरोपीय संघ के सामान पर टैरिफ की धमकी ने यूरोप के अभिजात वर्ग को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि वे अमेरिका के साथ बढ़ती आर्थिक खाई को कैसे पाट सकते हैं- और अतिरिक्त सैन्य व्यय के लिए आवश्यक अरबों का प्रबंध कैसे कर सकते हैं। डब्ल्यूईएफपर यूरोपीय सीईओ का प्रभुत्व है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# आस्था में कमी नहीं, रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

प्रयागराज में हाल ही में हुए हादसे के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई है। बुधवार को भी भारी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान और चित्रकूट धाम दर्शन के लिए रेलवे स्टेशन पर उमड़े। आस्था के इस ज्वार के बीच ट्रेन की देरी से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बुधवार को कानपुर से चलकर चित्रकूट धाम होते हुए प्रयागराज जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस यात्रियों से खचाखच भरी स्टेशन पहुंची। दोपहर 1: 36 बजे जैसे ही यह ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर रुकीए यात्रियों में चढ़ने के लिए अफरा.तफरी मच गई। पूछे जाने पर यात्रियों ने कहा कि हादसे होते रहते हैंए लेकिन इससे आस्था कम नहीं होती। श्रद्धालुओं ने कहा कि वे संगम स्नान और चित्रकूट धाम के दर्शन के लिए उत्साहित हैं और अपनी यात्रा पूरी करेंगे।सुरक्षा व्यवस्था के तहत जीआरपी जवान पूरी तरह मुस्तैद दिखे। उन्होंने यात्रियों को पुल के जरिए एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने की सख्ती से व्यवस्था की। इसी दौरान दुर्ग से कानपुर जा रही बेतवा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से तीन घंटे की देरी से स्टेशन पहुंची। जिससे कानपुर जाने वाले यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। यात्रियों ने ट्रेन की देरी पर नाराजगी जाहिर की। हालांकि हादसे की खबरों के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रेलवे प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया।

## महाकुंभ में हुई भगदड़ को लेकर प्रशासन सतर्क, सीमाओं पर लगाई श्रद्धालुओं की आवाजाही पर रोक

**महोबा।** प्रयागराज महाकुम्भ में हुयी भगदड़ के बाद बुंदेलखंड के महोबा जिले में स्थित उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा को सील कर दिया गया है। सीमा बैरियरों में बड़ी संख्या में पुलिस को तैनात कर वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। प्रशासन द्वारा यहां रोके गए सुदूर वर्ती विभिन्न राज्यों के श्रद्धालुओं के लिए भोजन ब्यवस्था के इंतिजाम किये गए है। महाकुम्भ में ब्यावस्थाओं के सुचारु होने तक अन्य श्रद्धालुओं की आवाजाही रोके जाने के शासन के निर्देशों के बाद देर रात से ही पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने सुरक्षा ब्यवस्थाओं की कमान सम्हालते हुये यूपी-एमपी सीमा पर स्थित पांचो बैरियरो का निरीक्षण किया और उनमे अतिरिक्त पुलिस फ़ोर्स को तैनात किया। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया की पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि दूरस्थ राज्यों से प्रयागराज कुम्भ हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहद शिष्ट तरीके से समझा कर कम से कम दो दिनों तक रोका जाए और उन्हें रुकने बैठने के उचित इंतिजाम कर उनके भोजन की ब्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की जिले में सीमा के सभी पांचो बैरियरों पहरा, कुम्हाडोरा, केमाहा, अजनर और महोबकंठ में महाकुम्भ जाने वाले कोई सवा लाख से ऊपर श्रद्धालु मौजूद है, जो महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों के निवासी है। इसके अलावा खन्ना के निकट बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में श्रद्धालुओं के वाहनों की करीब दस किलो मीटर तक कतार लगी हुयी है। राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा सुबह से ही प्रयागराज जाने वाली बसों को रोक दिया गया है तो रेलवे द्वारा कुम्भ स्पेशल ट्रेनों को स्थगित कर देने से बड़ी संख्या में सवारियां भटक रही है।

## चकबंदी न्यायालय के लिए तहसील परिसर में जगह उपलब्ध कराने की मांग

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बार एसोसिएशन घाटमपुर के अधिवक्ताओं ने चकबंदी न्यायालय के लिए तहसील परिसर में ही स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है इस संबंध में बुधवार को संगठन के महामंत्री नवीन कुमार कमल ने उप जिला अधिकारी यजुवेंद्र सिंह को एक पत्र भी लिखा है महामंत्री ने बताया कि यहां का चकबंदी न्यायालय किराए के भवन पर चल रहा था अब किराएदारी समाप्त होने के बाद भवन स्वामी भवन खाली करना चाहता है जिसके चलते चकबंदी न्यायालय यहां से दूसरी जगह चला जाएगा जिससे किसानों को और परेशानी बढ़ जाएगी।

## घर के बाहर खून से लथपथ पड़ा मिला युवक का शव

- साढ थाना क्षेत्र के सचौली गांव की है घटना, शुरुआती जांच में नशेबाजी को लेकर विवाद में हत्या की बात आई सामने

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** साढ थाना क्षेत्र के सचौली गांव में एक युवक का शव घर के बाहर खून से लटपट पड़ा मिला सूचना पाकर पुलिस और फारेसिक टीम मौके पर पहुंची तथा परिजनों से पूछताछ की और सबूत जुटाये, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उधर एसीपी रंजीत कुमार ने बताया की मृतक राजेश उर्फ जगिया पुत्र राम



अवतार का विवाद देर रात बुधवार को गांव के ही दो युवकों से हुआ था, जिसको लेकर सुबह दोनों ने उसे डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी। हत्याकांड के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### बाल काटने के आरोपी दोनों युवक गिरफ्तार

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के उमराहट गांव में सोमवार की रात हुई युवती के साथ हुई घटना के आरोपियों को थाना पुलिस ने गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। क्षेत्र के उमराहट गांव में सोमवार की रात में दो युवकों द्वारा घर में घुसकर युवती को बंधक बनाकर कलाई में जख्म कर देने व सिर के बाल काट देने की घटना को करने वाले दो आरोपियों नत्थू पुत्र रामगुलाम व मनोज पुत्र राम अवतार को थाना पुलिस ने गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### नहाने पर वीडियो बनाने का आरोपी जेल गया

**कुरारा(हमीरपुर)।** घर के बाहर बने बाथरूम में बालिका का नहाने के दौरान वीडियो बनाने को लेकर करियापुर ग्राम निवासी पिता द्वारा मुकदमा दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के करियापुर ग्राम निवासी एक युवती बाथरुम ने नहा रही थी तभी खिड़की के पास से गांव का ही गोविंद यादव पुत्र मनभरण यादव अपने मोबाइल से उसका छिपकर वीडियो बना रहा था जिसे हम लोगो ने देख लिया। शोर सुन गोविंद भाग गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपी गोविंद को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। मनकी चौकी इंचार्ज पंधारी सरोज ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### चाइल्ड हेल्पलाइन ने बाल विवाह पर लगायी रोक

**हमीरपुर।** प्रोबेशन विभाग के चाइल्ड हेल्प लाइन के कर्मियों ने सूचना मिलने पर बाल विवाह को करने पर रोक लगा दी है, जाानकारी के अनुसार बजेहटा गांव निवासी रामजश ने अपनी पुत्री की शादी कम उम्र होने के बाद भी तय कर दी थी उसकी शादी करने से दो दिन पहले ही रोक दी गयी है इसी प्रकार अतरौली गांव में रामऔतार ने अपने नाबालिंग बच्ची की शादी तय कर दी थी जानकारी होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन ने उस पर रोक लगा दी है। कर्मियों का कहना है कि किसी भी हालत में बाल विवाह नही होने दिया जायेगा।

### मध्य प्रदेश की पुलिस सभासद समेत तीन को उठा ले गयी, तीन किलो सोना हुआ था चोरी

**राठ(हमीरपुर)।** एक महीने पहले मप्र में हुई करोड़ों के जेवरातों की चोरी के संबंध में मप्र पुलिस ने स्थानीय कोट बाजार स्थित प्रतिष्ठानों से सभासद सहित तीन लोगों को उठाया लिया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि एक माह पहले मप्र के जनपद छतरपुर के लौंडी कस्बे से एक सर्राफा व्यवसायी के यहां से करीब तीन किलो सोना चोरी हो गया था। सर्राफा व्यवसाय के यहां चोरी को लेकर कई बार मप्र पुलिस राठ के विभिन्न स्थानों पर पड़ताल करती रही। दो दिन पहले मप्र पुलिस ने राठ आकर सभासद सहित तीन सर्राफा व्यवसाईयों उठा लिया। सर्राफा व्यवसाईयों पर आरोप है कि दो सर्राफा व्यवसाईयों ने मिलकर करीब 40 ग्राम सोना एक निहारिया से गलवा कर एक प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसाय को बेंच दिया था। संबंधित सर्राफा व्यवसायी ने तत्कालीन समय की मूल्य पर ही सोना खरीदा था।अभी तक पुलिस राठ के करीबी गांव के निवासी उपरोक्त चोरी के आरोपी को नहीं पकड़ सकी है।

### अकीदत के साथ निकाला गया इमामे हुसैन का जुलूस



जैदपुर बाराबंकी। रसूले खुदा स.व.स. के नवासे हजरत इमाम हुसैन अ. की मदीने से कर्बला सफर करने की याद मे निकलने वाला 28 रजब का सफरे इमामे हुसैन अ. का जुलूस आज जिले के कदीमी कस्बा जैदपुर मे पूरी अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। जुलूस की शुरूआत सुबह 9 बजे मस्जिद पचदरी मे मजलिसे अजा से हुई। मजलिस को मौलाना हसनैन बाकिरी ने खिताब करते हुए कहाकि 28 रजब सन् 60 हिजरी को इमाम हुसैन अ. ने अपने नाना के दीन को बचाने और उम्मत की इस्लाह के लिए मदीने को छोड़ा और कर्बला के मैदान मे अपने जानिसारो की कुर्बानी पेश की और उस वक्त के जालिम और जाबिर बादशाह यजीद की बैअत को ठुकराकर हमेशा के लिए इंसानियत की एक ऐसी मिसाल पेश कर दी जो रहती दुनिया तक सीधे रास्ते पर चलने वालो के लिए रहनुमाई करती रहेगी। मौलाना ने आगे कहाकि हमे इमाम हुसैन के मकसद को समझना है तो हमको अपने पड़ोसी के हुकुक को लेकर इंसानियत का हर वह काम करना होगा, जो इमाम हुसैन ने अपने अमल के द्वारा हमे बताया है। अन्त में उन्होंने कर्बला के मसाएब बयान किये जिसे सुनकर अजादार रो पड़े। मजलिस की समाप्ति पर अंजुमन दस्त ए हैदरी के तत्वावधान में जुलूस बरामद हुआ। जिसमे अजादार काले कपड़े धारण किये कर या हुसैन या हुसैन की सदा लगाते हुए साथ साथ चल रहे थे। जुलूस मे शबीहे जुलजनाह,अमारी, झूला हजरत अली असगर,अलम मुबारक आदि मौजूद रहेंगे। जुलूस के दौरान अंजुमन दस्त ए हैदरी के नौहाख्वान जैगम अब्बास द्वारा नौहाख्वानी और नौजवान दस्ते द्वारा सीनाजनी के साथ ही जंजीर का मातम कर नजराने अकीदत पेश की गयी। इसके अतिरिक्त बैरूनी अंजुमन दस्त ए हैदरी लखनऊ व गुंन्चए अब्बासिया बाराबंकी द्वारा भी नौहाख्वानी व सीनाजनी की गई। यह कदीमी जुलूस पीरपांजू, बांध चौराहा, मुख्खिन, गढ़ी जदीद, छोटी बाजार, छोटा इमामबाड़ा, बड़ी सरकार, बड़ी बाजार होते हुए थाना चौराहा स्थित शबीहे कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ। जहां जुलूस की अलविदाई को खिताब करते हुए मौलाना ने मसाएब बयान किये। जुलूस की समाप्ति पर अंजुमन दस्त ए हैदरी के ओहदेदारो और सभी सदस्यों ने आये हुए अजादारों का शुक्रिया अदा किया। साथ ही इस मौके पर सुरक्षा के दृष्टिगत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। जुलूस के दौरान पचदरी मस्जिद, गढ़ी जदीद, छोटी बाजार, हीरो मोटरसाइकिल शोरूम सहित अन्य जगहो पर समाजसेवियों द्वारा जुलूस मे शामिल अजादारो के लिए सबील का इंतेजाम किया गया था।

## मां ने नयी चप्पल नहीं खरीदी तो बेटी ने फांसी लगाकर जान दे दी

- मां को मजदूरी का काम नहीं मिल रहा था, गरीबी के चलते एक जान और गयी

**राठ(हमीरपुर)।** मां के द्वारा नई चप्पल न दिलाने पर किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कस्बे के कांशीराम कालोनी निवासी 15 वर्षीय किशोरी भारती पुत्री जगदीश ने बुधवार को अपने मकान के कमरे में मां की साड़ी के फंदे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। स्वजनों ने किशोरी को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक किशोरी की मां फूलवती ने बताया कि उसकी पुत्री कई दिनों से उससे नई चप्पल दिलाने की मांग कर रही थी। बताया कि उसके पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं और वह कस्बे के पड़ाव लेबर चौक पर मजदूरी का काम करती है। बताया कि वह बीते कई दिनों से



लेबर चौक से खाली हाथ लौटकर घर वापस आ रही है। लेकिन उसे मजदूरी का काम नहीं मिल पा रहा है। जिस वजह से वह अपनी बेटी को चप्पल दिलाने में असमर्थ रही। उसने मजदूरी का काम लगने पर बेटी को चप्पल दिलाने की बात कही थी। लेकिन उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अपने भाई मुकेश और अमित को रोता बिलखता छोड़ गई है। कोतवाल राम आसरे सरोज शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के कारण स्पष्ट नहीं हो सकी।

## अतिक्रमण की चपेट में हैं प्राचीन कुएं, उपला पाथने का बने हैं संसाधन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पूरे जिले में अधिकांश प्राचीन कुएं अतिक्रमण की चपेट में हैं जो उपयोग में न आकर उपले पाथने का साधन बने हुए है।

एक जमाना था जहां इन कुओं से पानी भरने वालीं पनिहारियों के गीतों की आवाज आया करती थीं। सुबह से शाम तक कुओं के पनघटों पर पानी भरने वाली पनिहारियों की भीड़ रहती थी और ये कुंए पूरे गांव में पानी की पूर्ति किया करते थे। आज बदलते परिवेश में नई नई तकनीकियों के चलते इनका स्थान बदल गया है द्य जिस कारण ये प्राचीन कुएं अतिक्रमण की चपेट में आ गए है। या फिर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों ने इन पर उपले थोपने का साधन बना डाला है और इन प्राचीन कुओं पर संबंधित अधिकारी की दूर दृष्टि भी बोना साबित हो रहीं हैं। जिस कारण



आज ये प्राचीन कुंए अपनी किस्मत पर बेबसी के आंसू बहा रहे हैं। और आज यह स्थिति है कि किसी जमाने में पनिहारियों से आबाद रहने वाले ये प्राचीन कुंए आज सुने पड़े हुए और अतिक्रमण की चपेट में आकार उपला पाथने का मुख्य संसाधन बने हुए हैं।

## मौनी अमावस्या पर बुंदेलों ने लगाई गोरखगिरि परिक्रमा, महाकुंभ के लिए की प्रार्थना

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

मौनी अमावस्या पर बुंदेलों ने आज पावन गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई एवं पांच किलोमीटर लंबे परिक्रमा पथ पर आने वाले हजारों वर्ष पुराने मंदिरों में मत्था टेंक कर प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रार्थना की। परिक्रमा सुबह तड़के शिवतांडव मंदिर से प्रारंभ हुई।




परिक्रमा संपन्न होने के बाद बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि 144 साल बाद प्रयागराज में जो महाकुंभ हो रहा है, वह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। महाकुंभ पर पूरी दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। महाकुंभ से हर भारतीय की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। जिस हिसाब से वहां जनसैलाब उमड़ रहा है, हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वहां कोई ऐसी घटना-दुर्घटना न हो जिससे देश का नाम खराब हो और महाकुंभ शांतिपूर्ण संपन्न हो जाए। उन्होंने बताया कि गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि गोरखगिरि में परिक्रमा शिव तांडव मंदिर से सुबह प्रारंभ हुई। उसके बाद महावीरन, पठवा के हनुमान, कबीर आश्रम, सकरे सन्या, भूतनाथ आश्रम, काली माता, खो खो माता, शनिदेव, राम दरबार, छोटी चंडिका, पुलिस लाइन, नागौरिया, काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव में संपन्न हुई। गोरखगिरि की परिक्रमा चित्रकूट के कामदगिरि की परिक्रमा के लगभग बराबर है। इस मौके पर अवधेश गुप्ता, डा. देवेंद्र पुरवार, मुन्ना जैन, गया प्रसाद, सिद्धे, राम किशन सेन, अजय मिश्र, प्रेम, अजय, जागेश्वर, प्रवीण चौरसिया, अमित, प्रहलाद पुरवार, जगभाग सिंह, सत्येन्द्र गुप्ता, गौरव शर्मा, नवनीत मिश्र, प्रवीण श्रीवास्तव, ओम प्रकाश व महेंद्र सोनी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## बनवासी लीला का मंचन कर सभी को किया भाव-विभोर

**कुरारा(हमीरपुर)।** ग्राम पतारा के लालदास बाबा समाधि स्थल में विराजमान श्री राम जानकी मंदिर में वार्षिकोत्सव चल रहा है जिसमें आयोजित रामलीला में कानपुर से आए आरती श्रृंगार मंच के कलाकारों ने बुधवार को बनवासी लीला का मंचन किया जिसमें रावण के द्वारा माता सीता का हरण करने के बाद उनकी खोज में निकले भगवान हनुमान जी द्वारा पुष्प वाटिका उजड़ दी गई तथा रावण के पुत्र अक्षय कुमार का वध कर दिया गया जिससे क्रोधित होकर रावण के बड़े पुत्र इंद्रजीत हनुमान जी को बांध कर रावण के पास ले गए जहां पर हनुमान रावण संवाद का दर्शन एवं लंका दहन तथा भगवान श्री राम एवं रावण के बीच युद्ध एवं श्रीराम जी का राज्याभिषेक किया गया रामलीला का कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ हो कर देर शाम तक चलता रहा। गांव निवासी बुजुर्ग प्रेमनारायण पांडेय, डॉ अमर सिंह गौर, अर्जुन सिंह, जगत महाराज, अश्विनी द्विवेदी, ओमप्रकाश द्विवेदी, बउआ प्रजापति, बबलू प्रजापति, सीतल प्रजापति, बरदानी प्रजापति आदि लोगों ने बताया कि कि विराजमान श्री राम जानकी मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष 20 जनवरी से 26 जनवरी तक श्री मद्भागवत महापुराण की कथा एवं रात्रि में श्रीकृष्ण लीला का आयोजन होता है तथा 27 जनवरी से 29 जनवरी तक दिन के समय श्रीराम जी की पावन लीला का आयोजन होता है। ग्रामीणों के अनुसार ये समस्त कार्यक्रम संपूर्ण ग्रामवासियों एवं अन्य के सहयोग से आयोजित होते हैं।

## आला अधिकारियों ने कालपी पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा

- महाकुंभ में हुई दुर्घटना को लेकर प्रशासन अमला रहा अलर्ट

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

महाकुम्भ में हुई दुर्घटना को लेकर बुधवार को प्रशासन अलर्ट रहा। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिले के आला अफ्सरों के साथ नगर का दौरा किया और व्यवस्थाओं को परखा।



विदित हो कि वुधवार को मौनी अमावस्या के मौके पर महाकुंभ मे भगदड़ मचने से हादसा हो गया था जिसके चलते जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड मे आ गया था इसी के चलते वुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एनडी शर्मा, डीएफओ प्रदीप कुमार, एआरटीओ राजेश कुमार के साथ यमुना घाटो तथा हाईवे की परिवहन व्यवस्था को देखा। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय अधिकारियो के साथ पीडब्लूडी गेस्ट हाऊस में बैठक भी कि जिसमे उन्होने मौनी अमावस्या पर यमुना घाटो पर किये गये इंतजाम के साथ अन्य विषयो पर चर्चा की और निर्देश दिए कि हाईवे से गुजरात, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के आस्थावान महाकुम्भ स्नान के लिए जा रहे हैं इसलिए उन्हें आवागमन और खाने पीने की असुबिधा न होने पाए। इस दौरान एसडीएम सुशील कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव तिवारी, अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**पुलिस कर्मियों ने श्रद्धालुओं डिब्बा खुलवाकर ट्रेन में बैठाया:** इलाहाबाद में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या को पड़ने वाले अमृत शाही स्नान के लिये दो दिनों से व्यास नगरी कालपी रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा देखने को मिला जीआरपी पुलिस चौकी इंचार्ज संजना सिंह ने कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक समेत पुलिस बल की मदद से ट्रेन के डिब्बें खुलवाकर श्रद्धालुओं को ट्रेन में बैठाया। जबकि सैकड़ों श्रद्धालु भीड़ की बजह से नही चढ़ सके। जो रात्रि में दूसरी ट्रेनों में बैठकर प्रयागराज कुम्भ गये।

## कृष्ण जन्म की कथा सुन पंडाल जय कन्हैयालाल के उद्घोष से गूंज उठा

**जालौन (उरई)।** नगर के एकमात्र सरस्वती मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्म की लीला का वर्णन किया। इस दौरान नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की का उद्घोष किया गया। भागवत कथा के चौथे दिन की कथा में कथा व्यास पंडित जगमोहन त्रिपाठी ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब कंस का अहंकार बढ़ गया और वह अच्छाई और बुराई का भेद भूल गया तब भगवान को मानव रूप में पृथ्वी पर प्रकट होना पड़ा। श्रीकृष्ण का मथुरा की जेल में प्राकट्य होने के बाद वासुदेव ने रातों-रात उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहां पहुंचा दिया और उनके यहां जन्मी पुत्री को देवकी की गोद में दे दिया। उधर, गोकुल में जैसे ही सुबह सभी जागे तो नंदबाबा के यहां लाला का जन्म होने की बात पता चलते ही पूरा गोकुल जश्न मनाने लगा। श्रीकृष्ण का जन्म होते ही ब्रजवासी नाचते-झूमते हुए 'नन्द घर आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की' गाते हुए मस्त हो रहे थे। कथा स्थल पर भी श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन होते ही भक्तों ने जय श्रीकृष्ण का उद्घोष किया। इस मौके पर इस मौके पर पुजारी ह्देश नारायण मिश्रा, पारीक्षित अनिल तिवारी, शीतला तिवारी, डॉ. वेद प्रकाश शर्मा, निशा माहेश्वरी, पिंटू तिवारी, बिटोली, श्रवण कुमार तिवारी, शिवकुमारी, प्रदीप तिवारी, अशोक तिवारी, रोहित, शुभ, पूरब, राम दुबे, वरूण, पंकज, अंबर द्विवेदी, चंदन, अरूण आदि मौजूद रहे।

## चुंगी भवन जमींदोज मामले में पालिका बुनने लगी बचने का तानाबाना

- जेसीबी चालक को बनाया गया बलि का बकरा
- भूमाफियाओं की गर्दन को कानूनी फंदे से बचने की कवायद तेज

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

चुंगी भवन को जमींदोज करने के मामले में भी भूमाफिआओं का गठजोड़ बच निकला। पालिका परिषद की जांच में जेसीबी मशीन के चालक की गलती से वह भवन गिरा था इसके लिए उसके खिलाफ कारवाई भी की जा सकती है। हालांकि उसके आसपास तार फेंसिंग किसने की इसका जबाब किसी के पास नही है। वहीं पालिका भवन गिराने के मामले में ईओ जो तर्क दे रहे हैं वह किसी भी नगरवासी के गले नहीं उतर रहा है। नगरवासियों का साफ तौर पर कहना है कि इस मामले के तार पालिका कार्यालय से सीधे तौर पर जुड़े हुये हैं। ऐसे कर्मियों पर कार्यवाही के नाम पर हर बार उन्हें बचाने का काम किया जाता रहा। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि पालिका के जेसीबी चालक में इतना साहस नहीं कि वह पालिका के चुंगी भवन को ही धरासायी कर दें। पुलिस मामले की गहराई से जांच करें तो निश्चित रूप से षड्यंत्रकारियों के चेहरों उजागर हो जायेंगे। विदित हो कि मंगलवार दोपहर सोशल मीडिया पर नगर



पालिका परिषद के कर्बला रोड स्थित चुंगी भवन पर जेसीबी चलने का वीडियो वायरल हुआ था जिसके बाद हरकत में आये पालिका प्रशासन ने मामले को संज्ञान लिया और अधिशाषी अधिकारी ने उक्त भवन गिराने के जिम्मेदार अज्ञात लोगो के खिलाफ कारवाई के लिए पुलिस को तहरीर भी दी थी लेकिन मामला आगे बढ़ता कि उससे पहले पता चला कि जिस जेसीबी से उक्त निर्माण को जमींदोज किया गया था वह मशीन पालिका परिषद की ही थी जिस पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक ने अधिशाषी अधिकारी अवनीश शुक्ला को नामजद तहरीर देने के लिए कहा था। यह मामला रुका ही था कि वुधवार सुबह मामले ने नया मोड़ ले लिया है। अधिशाषी अधिकारी की माने तो उक्त इमारत बेहद जर्जर थी जिसमें कुत्ते का शव पड़ा था जिसे उठाने के लिए जेसीबी का चालक गया था लेकिन गलती से उक्त जर्जर भवन की दीवाल पर मशीन का पंजा लग गया था जिससे वह ढह गई थी लेकिन उक्त भवन गलत तरीके से व मशीन के चालक की गलती से गिरा है इसके लिए चालक के खिलाफ कारवाई की जाएगी। लेकिन नगर में उक्त जर्जर भवन गिराए जाने के मामले में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है।

**पालिका ने भवन स्थल पर शुरू कराया निर्माण:** मामला सुर्खियों में आने के बाद पालिका प्रशासन हरकत में आ गया है। वुधवार सुबह से ही भूमाफिआ की तार फेंसिंग हटाकर उक्त स्थल का मलवा हटा कर निर्माण शुरू कर दिया गया है। ईओ अवनीश कुमार शुक्ला के अनुसार उक्त जमीन पालिका परिषद की है उस पर कब्जा नहीं करने दिया जाएगा इसके लिए उक्त स्थान पर पालिका का बोर्ड भी लगेगा।

### अर्से से चल रहा सरकारी जमीनों व सम्पति पर कब्जे का खेल

**कालपी।** नगर सीमा में सरकारी जमीनों व सम्पति पर कब्जे का खेल नया नही है बल्कि भूमाफिया और पालिका के कुछ कर्मचारी मिलकर इसे अर्से से खेल रहे हैं जिसकी वजह से नगर में सरकारी जमीनों व सम्पत्तियों पर कब्जे हो चुके हैं जिससे नगर सीमा में सरकारी भवनों और परियोजनाओं के लिए भी जगह नही बची है लेकिन किसी के खिलाफभी अपेक्षित कार्यवाही नहीं हुई है जिससे उनके हौंसले बुलंद है।

### देखते-देखते रास्तों व नालों की जमीन पर खड़े हो गये आशियाने

**कालपी।** नगर में सरकारी जमीनों पर कब्जे का यह मामला कोई नया नहीं है बल्कि पालिका के रिकार्ड में ही सरकारी जमीनों पर चार हजार से अधिक मकान बनकर खड़े हो गये है इतना ही नहीं दबंगों व अतिक्रमणकारियों ने आम रास्तों व नालों को भी नही बख्शा है। जहां पर आए दिन निर्माण हो जाता है लेकिन पालिका प्रशासन लाचार बना रहता है जिससे आम रास्ते तंग गली का रूप ले चुके हैं तो कई खड़ंजा ही नहीं बल्कि सीसी सड़कें भी गायब है।

# पत्रकार स्व. अतहर भाई अपने व्यवहार से सबको बना लेते थे अपना

▸ श्रद्धांजलि सभा में नम हुई सबकी आँखें

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।





किसी शायर ने क्या खूब कहा है-खुद की खबर से बेफिक्र,सबकी खबर रखता है। वो पत्रकार खुद खबर है,जो सबकी खबर लिखता है। ये चंद लाइनें दिवंगत मान्यता प्राप्त पत्रकार मोहम्मद अतहर पर सटीक बैठती है। जनपद की पत्रकारिता से अचानक कलम के इस दिग्गज का जाना सबकी आँखें नम कर गया। एक तरफ जहाँ उनकी कलम की धार ने मिसाल कायम की तो वहीं उनकी सादगी ने सभी के दिल में जगह बनाई। बुधवार को गांधी भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे पूर्व सांसद व दिग्गज कांग्रेस नेता पीएल पुनिया की भी आँखें भर आई अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा-हमने कहावतें सुनी थी कि जिसका किरदार जितना बड़ा होता है उसका जीवन उतना ही सादगी से भरा। हमारे बीच अब नहीं रहे अतहर जी से लगातार प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुलाकात होती रहती है। उन्होंने अपने सरल व्यवहार से अभी के दिलों में जगह बनाई चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम। सभा की अध्यक्षता करते हुए गांधीवादी विचारधारा के प्रखर विद्वान राजनाथ शर्मा ने कहा- वह बिल्कुल अपने पिता की तरह सरल व कुशल व्यवहार के धनी थे। उनकी सादगी ने सभी का दिल जीता। बड़े दुःख से कह रहा हूं आज मेरा भतीजा इस दुनिया में नहीं रहा। उत्तर प्रदेश मान्यता समिति कार्यकारिणी सदस्य तथा उत्तर प्रदेश जिला मान्यता पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव अब्दुल वहीद ने बताया-दिवंगत पत्रकार साथी लगभग 20 वर्ष से इस क्षेत्र के साथी रहे। अचानक उनका जाना कमजोर सा कर गया है। यहां उपस्थित सभी की मंशा है और मेरी भी इच्छा है कि मोहम्मद अतहर जी हमेशा हम सबके दिल में रहे। उनकी पत्रकारिता की सादगी के उस लहजे पर हम चलने का प्रयास करें यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभा का संचालन संदौली टाइम्स के जिला प्रतिनिधि प्रदीप सारंग ने किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी पत्रकार साथियों का मत रहा कि दिवंगत मोहम्मद अतहर जी के नाम से एक राहत कोष बनाया जाए और परिवार की मदद में सभी लोग बढ़-चढ़कर मदद करें। इस राहत कोष के गठन से इससे जुड़ने वाले सभी पत्रकारों को विपत्ति पड़ने पर आर्थिक मदद करने की भी पहल हो सके।

इस अवसर पर अपने शब्दों से श्रद्धांजलि व्यक्त करने में रत्नेश कुमार, अखिलेश ठाकुर,पाटेश्वरी प्रसाद,हुमायूँ नईम,चंद्रकांत मौर्य, के के द्विवेदी राजू भैया,परवेज अहमद, मुबीन अहमद,तारिक किदवई, मोहसिन, आमिर अली,मो अशरफ अल्वी,शोभी मोहसिन, उमाकांत बाजपेयी,मास्टर अज़ीज़, वसीम,राहुल त्रिपाठी,डॉ उस्मानी, सूरज सिंह गौर,सोनू कुमार,दुर्गेश शुक्ला, हुमायूं कबीर,मो0 फैज शामिल रहे।

# दिल्ली विस चुनाव में कांग्रेस नेता बनाये गए चुनाव पर्यवेक्षक



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

वरिष्ठ क्षेत्रीय कांग्रेस नेता ईश्वर कुमार पासी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र मादीपुर का पर्यवेक्षक बनाए जाने पर क्षेत्रीय कांग्रेसियों ने खुशी का इजहार किया है। खुशी का इजहार करने वालों में नितिन मौर्य, विवेकानंद चौरसिया, शिवकुमार शुक्ला, शिव बहादुर रावत, रोहित कुमार पासी, महावीर प्रसाद, रामकुमार लोधी, चंद्र मोहन दीक्षित, अनुराग यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व सांसद एवं के के सी के चेयरमैन डॉ उदित राज पूर्व आई आर एस ने इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर कुमार पासी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में मादीपुर विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ईश्वर कुमार पासी ने अपने नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गाँधी व सांसद प्रियंका गाँधी, किशोरी लाल शर्मा व पूर्व सांसद चेयरमैन डॉ उदित राज और शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया है। ईश्वर कुमार पहले भी कई बार चुनाव पर्यवेक्षक बनाऐ जा चुके हैं।

# बीडीओ ने आवास निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

मसौली,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत बड़ागांव के पंचायत भवन, अम्बेडकर पार्क, एव प्रधानमंत्री आवास योजना का जायजा लिया तथा आवास के लाभार्थियों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव के पंचायत भवन मे संचालित लाइब्रेरी मे शिक्षारत बच्चो से जानकारी लेते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद एव पंचायत सचिव जैसराम से लाइब्रेरी मे कम्पटीशन की पुस्तके उपलब्ध कराने के निर्देश दिये खण्ड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत मे बने डा0 भीमराव अंबेडकर पार्क का जायजा लिया तथा बाउंड्रीवाल मे बने महापुरुषों के चित्रो को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। ग्राम पंचायत मे बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के आवास निर्माण का जायजा लिया तथा लाभार्थियों से जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने के निर्देश दिये तथा मोहल्ला नईबस्ती मे बन रही भूमिगत नाली निर्माण को देखकर बेहतर कार्य बताया। निरीक्षण के दौरान प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सचिव जैसराम, तकनीकी सहायक अजय कुमार वर्मा, कंसल्टिंग इंजीनियर प्रदीप कुमार, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, क्षेत्र पंचायत सदस्य पप्पू गौतम, अंगद गौतम, सुरज यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर लोनी कटरा थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात हुए सड़क हादसे में घायल 22 वर्षीय युवक की आज ट्रामा सेंटर लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के भिलवल चौराहा निवासी 22 वर्षीय पंकज तिवारी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मंगलवार की देर रात हुसैनाबाद चौराहे से घर की ओर लौट रहा था कि तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार मोटरसाइकिल में टक्कर मारते हुए खाई में चली गयी, घटना के बाद कार वहीं छोड़ चालक फरार हो गया।

घायल पंकज को स्थानीय लोगों ने सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुँचाया, जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर अवस्था के कारण ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था,जहां उपचार के दौरान आज मौत हो गई।

# कार्यालय में ना रखे जाएं निष्प्रयोज्य वस्तुएं : डीएम



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, राजस्व अभिलेखाकार, चकबंदी न्यायालय, जिला कोषागार सहित कलेक्ट्रेट परिसर आदि का निरीक्षण किया और कहा कि सभी कार्यालयों को हर हाल में स्वच्छ बनाए रखे जाने के प्रयास हर स्तर पर सतत प्रक्रिया के तहत किए जाने चाहिए। डीआरडीए सभागार में लगे हुए फोटोग्राफ्स का अवलोकन किया और ब्लॉक मैप को भी देखा। उन्होंने कहा कि कार्यालय में निष्प्रयोगी वस्तुएं न रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त अधिकारी और कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी मुख्यमंत्री की मंशानुरूप सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। कार्यों में विलंब या लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान राजस्व अभिलेखागार पहुंचकर नकल सवाल जवाब की जानकारी प्राप्त की और पेंडेंसी कार्यों को एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। चकबंदी न्यायालय के निरीक्षण के दौरान वहां पर लटके तारों को सुव्यस्थित कराने तथा विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जहां पर भी गंदगी या फिर कूड़े के ढेर है, उनको तत्काल हटाकर परिसर में साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में समयांतर्गत कार्यो का संपादन किया जाए। उन्होंने कहा कि साफ़ सफ़ाई के प्रति सभी कर्मियों को सदैव सजग रहना चाहिए। जलिाधिकारी ने कहा कि राजस्व अभिलेखों के आधुनिक ढंग से संरक्षित करने के प्रयासों के कार्यों में तेज़ी लाई जाए और नियमित रूप से अभिलेखों का निरीक्षण भी किया जाए। इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त मजिस्ट्रेट विवेकशील, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, प्रशासनिक अधिकारी गुरू सहाय निगम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बहादुरपुर कला वि.ख. पनवाड़ी, महोबा**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 30.01.2025 से 05.02.2025 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जाएंगी।

| क्र. सं. | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | गोट सेन्टर निर्माण कार्य सविता w/o महेन्द्र | 149647 | | ईंटा, गिट्टी, बालू, सीमेन्ट चद्दर,आदि | | 6 माह |
| 2. | मनरेगा | गोट सेन्टर निर्माण कार्य जीत कुमारी w/oचन्द्रशेखर | 149493 | | ईंटा, गिट्टी, बालू, सीमेन्ट चद्दर,आदि | | 6 माह |
| 3. | मनरेगा | गोट सेन्टर निर्माण कार्य राज कुमारी w/o राजाराम | 149699 | | ईंटा, गिट्टी, बालू, सीमेन्ट चद्दर,आदि | | 6 माह |
| 4. | मनरेगा | गोट सेन्टर निर्माण कार्य लवली w/o हरीओम | 149827 | | ईंटा, गिट्टी, बालू, सीमेन्ट चद्दर,आदि | | 6 माह |

**निविदा शुल्क** 100 रू.

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।

2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।

3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।

4. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान सचिव


## खबरें एक नजर में

### 149026 पांच पहले घर से निकला अधेड़ युवक लापता

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पांच दिन पूर्व हैदरगढ़ आने के लिए घर से निकला 55 वर्षीय अधेड़ लापता हो गया। इस मामले मे अधेड़ के पुत्र ने कोतवाली हैदरगढ़ में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। पड़ोसी जनपद अमेठी के थाना शिवरतनगंज अंतर्गत हिंदू का पुरवा गांव निवासी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनके पिता 55 वर्षीय सरजू प्रसाद पुत्र शिव गुलाम गत 25 जनवरी की सुबह 10 बजे घर से हैदरगढ़ जाने की बात बताकर निकले थे, परंतु वापस नहीं आए तो देर शाम तलाश शुरू की गई तो पता चला कि हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर स्थित गांव की शिवम फर्नीचर की दुकान पर सुबह 11:00 बजे साइकिल खड़ी करके लखनऊ जाने की बात कह कर चले गए। इसके बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। पीड़ित पुत्र दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि परिचित और रिश्तेदारों में तलाश के बाद भी कोई पता न चलने पर उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई हैं। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।

### बेटी प्रियांशी ने वृद्धजनों के बीच जन्मदिवस मना कराया भोजन



**जालौन,उरई।** नगर में स्थित वृद्ध आश्रम में श्यामजी गुप्ता ने पुत्री प्रियांशी का जन्म दिवस वृद्धजनों के साथ मनाया। उन्हें भोजन कराया गया और उन्हें कुछ मुद्राएं भी दी गई। वृद्धाश्रम में श्यामजी गुप्ता ने कहा कि वृद्ध की लकुटी, वृद्ध की चालय वृद्ध ही जाने अपना जीवन-हाल। न कोई आलम्बन, न कोई बातय वृद्ध की लकुटी, जीवन-प्राण। ना कोई आस, ना कोई ढालय वृद्धाश्रम एक नई ही चाल। इधर का मारा उधर पड़ाय वृद्धावस्था में निशक्त पड़ा। रामजी गुप्ता ने कहा कुछ वृद्ध धान्य-से, घर में पड़े सब धन हैय बेटे दो हैं विदेश में, कमाते सब रत्न हैं। वृद्ध की सुध न उनको, मां-बाप लाचार हैं ऐसा दिन भी आएगाय ये सोच वृद्ध परेशान है।

### कुल्हाड़ी से हमले में युवक की मौत

**जालौन,उरई।** तीन दिन पूर्व घर के बाहर खडे ग्रामीण पर गांव के ही एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने घटना में आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी चंद्रमोहन वर्मा (39) पुत्र पन्नालाल तीन दिन पूर्व सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे घर बाहर खड़े थे। इसी दौरान उनका पड़ोसी वीरबल वहां आ गया और चंद्रमोहन के साथ गाली, गलौज शुरू कर दी। जब उसने मना किया तो वीरबल ने चंद्रमोहन के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के सिर पर तीन चार वार होने से वह बेहोश होकर गिर गया था। पहले सीएचसी से उसे मेडिकल कॉलेज उरई फिर कानपुर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान रात में ही उसकी मौत हो गई थी। मृतक की मां विमला देवी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

## घर मे फांसी से झूलता मिला युवती का शव

**सिद्धौर बाराबंकी।** कोठी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती का शव मकान के भीतर फांसी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। थाना क्षेत्र के बक्सावां मजरे कोठी गांव की मुस्कान बानो (20) पुत्री इरशाद अली मंगलवार देर रात भोजन करने के बाद घर पर सोई हुई थी। बुधवार सुबह परिजन जब सोकर उठे तो उसका शव संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर ही फांसी के फंदे से लटकता मिला। यह देख घर में चीखपुकार मच गई। मौके पर भीड़ एकत्र हो गई । इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। एसएसआई कोठी शिवसागर तिवारी का कहना है कि घटना से घबराए परिजन ने शव को फंदे से उतारकर सूचना दी थी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। घटना के बाबत कोई भी तहरीर नहीं दी गई है।

# सर्राफा मंडी की चार दुकानों के टूटे ताले, हजारों का माल साफ

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज




नगर पंचायत हैदरगढ़ के सराफा मंडी मार्ग के किनारे स्थित चार दुकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों के माल पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सराफा मंडी के निकट गौरव स्वीट्स मोबाइल मुन्ना गैस रिपेयरिंग जन सेवा केंद्र एवं पराग भूत स्थित है जिसमें बीती रात ताला एवं शटर तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया और गौरव स्वीट्स से ड्राई फ्रूट्स के कई पैकेट और 500 की चोरी की गई। प्रार्थीजन संतोष कुमार सुधीर जायसवाल मुन्ना बृजेश कुमार वैश्य जब सुबह अपनी अपनी दुकानों पर पहुंचे तो उन्हें अपनी दुकानों के ताले टूटे मिले और सारा सामान अस्त-व्यस्त बिखरा हुआ मिला। प्रार्थी जनों ने उक्त घटना के प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## बालाजी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ जारी

**जालौन,उरई।** पेट्रोल पंप स्थित श्रीवीर बलाजी हनुमान मंदिर में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर 22 जनवरी से शुरू हुआ अंखड सवा लाख श्रीहनुमान चालीसा का पाठ का आठवें दिन भी जारी रहा। भक्त बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रीहनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमानजी को प्रसन्न कर धार्मिक पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। उरई मार्ग स्थिति श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में कमलेश पुजारी के नेतृत्व में 22 जनवरी से अखंड सवा लाख सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ का शुभारंभ हुआ था। मंदिर परिसर में बने पंडाल में भक्त बड़ी संख्या में पहुंचकर हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नटर्रा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 30.01.2025 से 05.02.2025 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जाएंगी।

| क्र. सं. | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | गोट सेन्टर निर्माण कार्य सविता s/o लघुचन्द्र | 149026 | | ईंटा, गिट्टी, बालू,सीमेन्ट चद्दर, सरिया आदि | | 6 माह |
| 2. | मनरेगा | गोट सेन्टर निर्माण कार्य देवेन्द्र s/o रतन सिंह | 149094 | | ईंटा, गिट्टी, बालू,सीमेन्ट चद्दर,सरिया आदि | | 6 माह |

**निविदा शुल्क** 100 रू.

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।

2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।

3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।

4. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान सचिव



**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम RAMCHANDRA SINGH व जन्मतिथि 01.07.1940 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम RAMCHANDRA व जन्मतिथि 01.01.1957 है। RAMCHANDRA F/o of Army N0-2999370H, रैंक-हवलदार (DSR), अबनेश कुमार, यूनिट 23 राजपूत, निवासी-ग्राम व पोस्ट ऊगरपुर सुल्तान पट्टी, तहसील-फर्रुखाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद, यू.पी. पिन-209743, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA154901, दिनांक-29.01.2025 फतेहगढ़ कोर्ट.


# नो हेलमेट-नो फ्यूल में चेकिंग अभियान के तहत वाहनों के किए चालान

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

बुधवार को ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अंतर्गत सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन एवं प्रर्वतन), राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल व विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर, मालकर अधिकारी द्वारा अपने प्रवर्तन स्टाफ के सहयोग से ''नो हेलमेट'' ''नो फ्यूल'' के तहत जनपद के पेट्रोल पम्पों के आसपास बिना हेलमेट के वाहनों का संचालन करने व ईंधन भरवाने आने वालों के विरुद्ध चेकिंग की गयी। उक्त चेकिंग में सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन एवं प्रर्वतन), राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल व विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर, मालकर अधिकारी द्वारा जनपद के पेट्रोल पम्पों के आस-पास बिना हेलमेट के वाहनों का संचालन करने व ईंधन भरवाने आने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी। इसके अतिरिक्त शहर के प्रमुख चौराहों व नेशनल हाइवे पर भी बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहनों का संचालन करने वाले चालकों के विरुद्ध भी चालान की कार्यवाही की गयी। अभियान में समस्त चालकों व आमजनमानस को यातायात, सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया तथा हेलमेट व सीट-बेल्ट एवं वाहन के समस्त वैध प्रपत्रों सहित वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी।

## नगर में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना के लिए भेजे प्रस्ताव

**कालपी,जालौन।** हमेशा से आंगनबाड़ी केंद्र से अपेक्षित कालपी नगर को इस दिशा में बड़ी सौगात मिलने वाली है। इसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेकारउद्दीन के द्वारा प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेज दिये गये हैं। भारत सरकार से मंजूरी मिलते ही कालपी में नगर में आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। उल्लेखनीय हो कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की उपेक्षित नीति से कालपी नगर में आज तक एक भी आंगनवाड़ी केंद्र न होने से नौनिहालों एवं बच्चों के सामने समस्या बनी हुई थी। जबकि आबादी के हिसाब से उरई नगर के अलग-अलग स्थानों में 179 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा है। इस मामले को संज्ञान में आते ही विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा मामले को जोर-जोर से उठाया गया।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोहम्मदाबाद-फर्रुखाबाद**

पत्रांकः /लेखाकार/राज्य केंद्रीय वित्त यो0/निविदा 2024-2025 दिनांक 28/01/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय निधि वित्त आयोग के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत मोहम्मदाबाद जनपद-फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना के निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 29/01/2025 से 04/02/25 की अपरान्ह 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमात्रिंत की जाती है जो दिनांक 04/02/2025 की सायं 04:00 बजे विकास खण्ड कार्यालय मोहम्मदाबाद खण्ड विकास अधिकारी, अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0) सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) एवं उपस्थिति निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 29/01/2025 से 04/02/25 की अपरान्ह 2:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद से रूपया-500-00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम वनकिया के मजरा रसूलपुर में पातीराम के घर से रामसनेही के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण | 9.63 | 20000 | 500-00 |
| 2- | ग्राम हरकमपुर में मेन रोड से आदित्य कुमार के घर से हरीराम के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण | 7.84 | 16000 | 500-00 |
| 3- | सिनौढ़ा ईश्वरी में रामगोपाल शाक्य के घर से बाबूराम के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण | 6.11 | 12500 | 500-00 |
| 4- | वरारिख में लाला के घर से कमलनारायन दुबे के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 9.95 | 20000 | 500-00 |
| 5- | ग्राम कुबेरपुर जुन्नारदार में हजारी लाल बाथम के घर से सौदान सिंह बाथम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.95 | 20000 | 500-00 |
| 6- | ग्राम पखना में मुकेश के घर से मानसिंह के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.89 | 20000 | 500-00 |
| 7- | ग्राम बराकेशव में श्यामलाल के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 9.94 | 20000 | 500-00 |

**नियम व शर्ते**- खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मोहम्मदाबाद-फर्रुखाबाद**


## अलाप ताप रहे युवक के साथ की मारपीट

**जालौन,उरई।** आग तापते समय हुए गांव के युवक ने दूसरे युवक के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरकौती निवासी आनंद कुमार ने पुलिस को बताया कि सर्दी के चलते वह घर के बाहर अलाव जलाकर आग से ताप रहा था। तभी वहां गांव का ही एक युवक आया और विवाद करते हुए गाली, गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो उसने लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। आसपास के लोगों ने उसे बचाया तो वह धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आठ मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, जनपद न्यायाधीश ने की समीक्षा

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के मंशानुरूप तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन पंकज कुमार सिंह जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के लिए जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में अनिल कुमार शुक्ल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में एवं श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए विभिन्न प्रकृति के दीवानी, फौजदारी वादों तथा प्रीलिटिगेशन वादों को नियत व निस्तारित कराये जाने के क्रम में दीवानी एवं फौजदारी न्यायालयों के न्यायाधीश, के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सुधा सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शाम्भवी यादव सिविल जज (सीडि), रूचि तिवारी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शिवानी रावत अपर सिविल जज (सीडि) दिवाकर कुमार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उज्ज्वल उपाध्याय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रद्धा लाल अपर सिविल जज (सीडि), वंदना सिविल जज (सीडि), सबा फातिमा सिविल जज (जूडि), प्रीति भास्कर सिविल जज (जूडि), एवं हरिहर कुमार विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अनिल कुमार शुक्ल ने सभी न्यायिक अधिकारियों को विभिन्न प्रकीर्ण वादों, विभिन्न अधिनियमों के निस्तारण योग्य वादों तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम के अधिकाधिक वादों के ज्यादा से ज्यादा वादों को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया, तथा राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन में अधिक से अधिक वादों को निस्तारित करने के लिये प्रेरित किया गया। सभी अधिकारियों को यह भी सुझाव दिया गया कि वह अपने अपने न्यायालयों में निस्तारण योग्य सभी प्रकृति के वादों के लिए संबंधित पक्षकारों को सूचित करने के लिए कम से कम दो बार नोटिस जारी करें तथा नजारत अनुभाग से एवं आवश्यकतानुसार पुलिस विभाग को सम्मन एवं नोटिसों के शत प्रतिशत तामीला हेतु प्राप्त करावें। श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह सचिव द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित-08.03.2025 के आयोजन पर प्रकाश डाला गया और इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी पत्रों पर चर्चा की गई। बैठक में अधिकारीगण द्वारा अपने अनुभव व सुझाव प्रस्तुत किये गये तथा राष्ट्रीय लोक अदालत का जन सूचनाओं के माध्यम से प्रचारित व प्रसारित किये जाने की आवश्यकता पर भी सुझाव दिये गये।

# प्रयोगात्मक परीक्षा में धन उगाही को लेकर छात्रों में आक्रोश

- ऋषि भूमि इंटर कालेज में परीक्षा में वसूली को लेकर छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

**सौरिख, समृद्धि न्यूज़।**


विद्यालय में विरोध प्रदर्शन करते छात्र व मौजूद पुलिस

इंटर मीडिएट की बोर्ड परीक्षा से पहले प्रयोगात्मक परीक्षा के नाम पर छात्रों से वसूली को लेकर विरोध हो गया।छात्रों ने विद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए नाराजगी जाहिर की और आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए पैसे देने में असमर्थता जताई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँची और छात्रों व अध्यापकों से बात कर मामला शांत कराया। नगर के ऋषि भूमि इंटर कालेज में इंटर मीडिएट की बोर्ड परीक्षा से पहले एक फरवरी से प्रयोगात्मक परीक्षा शुरू हो रही है।छात्रों से फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी विषय के छात्रों से प्रति विषय ढाई सौ रुपये वसूली का आरोप लगाते हुए छात्रों ने विरोध किया और विद्यालय परिसर में हंगामा किया और कहा अगर तीन विषय प्रयोगात्मक है तो 750 रुपए और दो है तो 500 रुपए वसूले जा रहे है। तीनों विषयों में 469 छात्र पंजीकृत हैं। मामले की सूचना पर विद्यालय प्रबंधक शिखा अग्निहोत्री के अलावा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और छात्रों से घटना की जानकारी ली। छात्रों का कहना है। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के चलते हम सरकारी विद्यालय में पढ़ रहे हैं। और प्रतिदिन स्कूल आ रहे हैं। पैसा होता तो हम भी अच्छे निजी स्कूल में पढ़ सकते थे।

> मामले में विद्यालय प्रबंधक शिखा अग्निहोत्री ने विद्यालय के अध्यापको पर आरोप लगाते हुए कहा विद्यालय को बदनाम करने के लिए माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। वसूली का आरोप गलत है। फिर भी जांच की जाएगी।

प्रयोगात्मक परीक्षा के नाम पर वसूली गलत है। वही बच्चों के क्लास टीचर का कहना है। कि प्रबंधक के इशारे पर वसूली कराई जा रही है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह से संपर्क किया तो बेल बजी लेकिन कॉल रिसीव नही हुई।

# मौनी अमावस्या पर बांटा प्रसाद


जीटी रोड पर प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु।

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मौनी अमावस्या के पर्व को लेकर भक्तों ने खीर का प्रसाद चखा। इस दौरान प्रसाद वितरण के दौरान भक्तों की भीड़ लगी रही और भक्तों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए गए। जिससे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। बुधवार को नगर के जीटी रोड सब्जी मंडी गेट के समीप गौरव वर्मा, हरिओम गुप्ता, रवीश गुप्ता, धर्मेन्द्र वर्मा, बड़े वर्मा, मंगल वर्मा के नेतृत्व में मौनी अमावस्या पर्व को लेकर खीर वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें नगर व क्षेत्र के हजारों की संख्या में भक्तों ने खीर के प्रसाद को चखा। इस दौरान भक्तों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए और नगर का माहौल भक्ति मय हो गया।

# भक्तों ने गाजे बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा

- यात्रा के बाद नव दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ
- महिला पुरुष भक्तों ने मंदिरों में की पूजा अर्चना

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


नगर में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

शंख, घंटा ध्वनि के साथ निकली कलश यात्रा के साथ रामकथा का शुभारंभ हो गया। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा के साथ नव दिवसीय श्री राम कथा का श्री गणेश हो गया। बुधवार को नगर के तिर्वा रोड पर नव दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ हो गया। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने कलश में जल भर कर अपने सिर पर रख नगर के मंदिरों की परिक्रमा की और कथा स्थल पर पहुंची। नौ दिवसीय श्री राम कथा में पहले कथा व्यास मानस मंजरी रत्नेश द्विवेदी ने प्रभु नाम की महिमा की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा संत समागम और हरि कथा अत्यंत दुर्लभ है। समस्त ग्रंथों का निचोड़ श्री रामचरितमानस में ही है। सभी शास्त्रों का रस श्री रामचरित मानस है। सभी को राम से ही मिलना है, भगवान आवरण से नहीं आचरण से मिलते है। यही संदेश संतों और महात्माओं ने संपूर्ण सृष्टि को दिया है। इस मौके पर कथा परीक्षित राजेश गुप्ता पप्पू भैया व उनकी पत्नी अनीता गुप्ता, नीतू, सोनी यादव, शिवदेवी चौहान, बृजेश कौशल, बृजेश गुप्ता रामू, सहित तमाम भक्त मौजूद रहें।

# श्रद्धालुओं के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के तिर्वा रोड स्थित कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बुधवार की शाम प्रयागराज कुम्भ मेला क्षेत्र में मची भगदड़ से हुए श्रद्धालुओं के निधन पर शोकसभा का आयोजन किय गया। जिसमें कांग्रेसजनों ने मोमबत्ती जलाकर सभी मृत आत्माओं की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्र श्रद्धालुओं के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की। नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना ने कहा कि सरकार द्वारा समुचित व्यवस्था न होने के कारण उक्त घटना हुई। इस अवसर पर संदीप त्रिवेदी, जुगुल किशोर पाठक, सुहैल मंसूरी, विनय तिवारी, शानू खान, प्रभात बाथम, डॉ. आरपी सैनी, नीतेश शाक्य, शानू चौरसिया, दीपू बाथम, टिंकू मिश्रा, दीपू यादव, उमेश यादव, अमर तिवारी, विनय त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।



## खबरें एक नजर में

### शराब सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध शराब बिक्री करने ले जाते समय गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर इंदुईयागंज रोड के समीप से 28 जनवरी की शाम 4.30 बजे 10 लीटर अवैध शराब सहित ग्राम खाड़ेदेवर निवासी साहिल पुत्र अन्नू को धर दबोचा। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

### किशोरी को भगा ले गया युवक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोसी युवक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इसके बाद किशोरी के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया है कि 28 जनवरी की सुबह 03 बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी को पड़ोस का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। इसके बाद पीड़ित पिता ने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर चार लोगों को किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर आरोपितों ने घर में घुसकर चार लोगों के साथ अभद्रता की और मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला सीमांत नगर निवासी सानू पुत्र अब्दुल गफ्फार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 28 जनवरी की शाम लगभग 7.30 बजे अपने घर के अंदर अपने मामा के लड़के इमरान के साथ खाना खा रहा था। तभी मोहल्ले के ही पांच नामजद व 06 अज्ञात लोगों ने रंजिश को लेकर उसके घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके मामा के लड़के इमरान, भाई अंसार व शाहबाज भी गंभीर रूप से घायल हो गये। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रूपये मांगने पर युवक से की अभद्रता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रुपये देने के बावजूद भी खाद न देने और रुपए वापस न करने पर पीड़ित के साथ आरोपी युवक ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के ग्राम बरगावां निवासी महेंद्र कुमार तिवारी ने पुलिस को बताया है कि उसने 06 माह पूर्व गांव के ही राजेश कुमार को खाद के लिए 450000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। उसके बाद भी युवक के द्वारा उसे न तो खाद दी गई और न ही रुपए वापस किए गए। जब उसने अपने रुपये वापस मांगे। तो युवक ने उसके साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मौनी अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा तटों पर स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया। सीओ सदर ने कोतवाली पुलिस के साथ गंगा तटों पर सुरक्षा का जायजा लिया। बुधवार को मौनी अमावस्या पर्व पर चियासर व जलेसर स्थित गंगा तट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ स्नान करने के लिए लग गई। भक्तों ने गंगा स्नान के बाद गंगा तट पर स्थित मंदिरों में पूजा अर्चना की और संत महात्माओं को दान पुण्य किया। जलेसर गंगा तट पर क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कोतवाल आलोक दुबे, एसआई रविन्द्र कुमार, नीलम सिंह, पुलिस कर्मी प्रियंका, अक्षय कुमार, शेर पाल, सचिन आदि मौजूद रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को आठ साल की कैद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म के मामले में दोषियों को जुर्माने के साथ जेल भेज दिया गया। थाना सौरिख में पॉक्सो एक्ट में पंजीकृत अभियोग में न्यायालय ने अभियुक्तगण को दोषी पाते हुये 08 वर्ष का कठोर कारावास और 14000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियुक्तगण द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना सौरिख पर पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो ने अभियुक्त सलमान पुत्र डोली निवासी निहालपुर थाना एलाऊ- मैनपुरी को 08 वर्ष का कठोर कारावास व 14000 रुपये, डोली पुत्र राजमोहम्मद को 03 वर्ष व 8000 रुपये, भावशेन पुत्र राजमोहम्मद को 03 वर्ष का कठोर कारावास व 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# निकायों की दुकानों का किराया न जमा हो तो करें कार्रवाई

- डीएम ने बोले जगह-जगह कूड़ा डंप न किया जाएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम

वाटर कूलर, रिक्शा, मोबाइल टॉयलेट, ट्रैक्टर ट्रॉली, डस्टबिन आदि आवश्यकता अनुसार सामान जैम पोर्टल के माध्यम ही क्रय किया जाए और स्टॉक रजिस्टर में अंकित की जाए। क्रय किए गए सामान की क्वालिटी बेहतर होना चाहिए। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में 15 वें वित्त आयोग की समीक्षा बैठक में कही। जिलाधिकारी ने 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत टाइड एवं अनटाइड ग्रांड में प्राप्त धनराशि के प्रस्तावों की स्वीकृति के संबंध में गहनता से समीक्षा करते हुये।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि जगह-जगह कूड़ा डंप न किया जाए। सॉलिडवेस्ट मैनेजमेंट प्रोटोकॉल के अनुसार फिट होना चाहिए। उन्होने कहा कि निकायों की दुकानों का किराया बढ़ाया जाये तथा जिन दुकानों का किराया जमा नही हो रहा है। ऐसी दुकानों को चिन्हित कर निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि मार्केट एरिया में स्थान चिन्हित कर वाटर कूलर लगाकर कमेटी को हैंडओवर किया जाए, जिससे उसका समय- समय से साफ- सफाई और मेंटिनेंस होता रहे एवं पानी अनावश्यक बर्बाद न होने पाए। नगरीय क्षेत्र के खंभों में तिरंगा लाइटें लगाई जाएं। जिन खंभे की लाइट धीमी हो गई हैं उन्हें बदल कर हाईमास्क की लाइट लगाई जाएं। सुंदरता हेतु बेहतर डेकोरेट कार्य किए जाएं। हेल्थ कैंप लगाएं जाएं और साफ- सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्र के लोग बाजारों में मार्केट करने आते हैं, वहां पर पिंक टॉयलेट की व्यवस्था की जाए।

# नूरपुर गांव में अटल काव्य संध्या में कवियो ने खूब बटोरी स्रोताओं की ताली

- उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान एवं गुलजार फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया कवि सम्मेलन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बंकी ब्लॉक के ग्राम नूरपुर गदिया में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान एवं गुलज़ार फाउंडेशन संयुक्त तत्वाधान में अटल काव्य संध्या आयोजित की गई,जिसमे स्थानीय कवियों सहित दूर दराज से आये नामचीन कवियों ने स्रोताओं की खूब ताली बटोरी।

कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ.विवेक वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साहित्यकार प्रदीप सारंग ने आए हुए सभी कवियों को सम्मानित तथा स्वागत भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ विवेक वर्मा तथा उपस्थित कवियों को शाल,सम्मान पत्र व फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कवि राजकुमार अंजाना प्रयागराज,डा.अमरीश अंबर ओज कवि,अजय प्रधान हास्य व्यंग कवि,सनत कुमार वर्मा अनाड़ी,डॉक्टर ओपी वर्मा ओम ओज कवि,अनिल श्रीवास्तव लालू रायबरेली,प्रदीप महाजन हास्य कवि,किरन भारद्वाज कवयित्री,अंकित शुक्ला कानपुर कवयित्री,नीता सिंह नवल गोंडा श्रृंगार, फैज खुमार बाराबंकवी शायर, सूर्यवंश सूर्य कवि,साहब नारायण वर्मा कवि द्वारा अपनी रचनाएं प्रस्तुत की गई,जिस पर स्रोताओं ने खूब ताली बजाई। विभिन्न प्रकार की कविताओं को पढ़कर श्रोताओं को मंतमुग्ध किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि तबस्सुम निशा पत्नी मोहम्मद नसीर अहमद, प्रधान कलीम कुरैशी,मनोज कुमार, रत्नेश कुमार, सदानंद वर्मा, सुनील मौर्या जी ,शैली मौर्य जी ,निशा शुक्ला, जैनुलाब्दीन ,मोहम्मद फैज ,डॉ खदीजा, दिनेश प्रसाद वर्मा राम कुमार यादव, भाजपा भाजपा नेताओं सहित हजारों की तादाद में सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में गुलजार फाउंडेशन की सचिव ने सभी का आभार व्यक्त किया और अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के होने से समाज में एक बहुत अच्छी जागरूकता लाई जा सकती है साहित्य प्रेमियों का उत्साह वर्धन हो सकता है सरकार से अनुरोध किया कि इस तरह के कार्यक्रमों को कराने से हमारे नए कवियों का उत्साह वर्धन होता है।

# कॉलेज व ब्रांच का चयन इंजीनियरिंग स्टूडेंटस के लिए महत्वपूर्ण

- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक ने छात्रों को दिए टिप्स

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।**


छात्र-छात्राओं को संबोधित करते इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो.मनोज शुक्ला

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को इंटरमीडिएट के छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो.मनोज शुक्ला ने कहा कि छात्रों को कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अपनी क्षमता रूचियों के हिसाब से कैरियर का चयन करना चाहिए।

निदेशक ने मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाने के इच्छुक छात्रों को जेईई की परीक्षा पास करनी होगी। परीक्षा पास करने के बाद प्रवेश के दौरान छात्रों को कॉलेज का चयन व बीटेक डिग्री के लिए ब्रांच का चयन सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसमें छात्रों को अपनी रूचि के मुताबिक ब्रांच का चयन करना चाहिए। इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रानिक्स विभाग के एचओडी प्रो.अश्वनी उपाध्याय ने कहा कि कैरियर के चयन के लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि छात्रों को खुद से सवाल पूछना चाहिए कि उनकी रूचि व इच्छा किस क्षेत्र में है। इसके अलावा उन्हे अपनी क्षमता को भी ध्यान में रखना चाहिए। उन्होने इक्लेट्रानिक एवं कम्प्यूटर सांइस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मौजूदा दौर में सबसे अधिक उपयोगिता इसी क्षेत्र की है। इसके पूर्व विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा, बरिष्ठ आचार्य अनन्तराम व वीरेश गुप्ता अतिथियों को शॉल व चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

### तीन लोगों ने युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बाजार से सामान खरीद कर घर लौट रहे युवक को तीन शराबियों ने रास्ते में रोक कर गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद पीड़ित के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम दिलावरपुर निवासी शिवलोक पुत्र अशोक तिवारी ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि 27 जनवरी की शाम 05 बजे उसका भाई आलोक तिवारी पड़ोस के गांव वरगावां से सामान लेने गया हुआ था। उसी समय अमोलर रोड पर देसी शराब ठेका से पूर्व उसके भाई को मगदूं, पट्टू व अंसार ने शराब के नशे में उसके भाई को रास्ते में रोक कर गाली गलौज की। जब उसके भाई ने इस बात का विरोध किया तो उसके भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के भाई की तहरीर पर तीनों आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- मुख्यमंत्री महानिदेशक वित्त संस्थान, पुलिस महानिदेशक को भी भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


ज्ञापन देते ठगी पीड़ित परिवार के लोग

ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि जनपद में अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 और उत्तर प्रदेश के जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम 2016 का उल्लंघन करके विभिन्न कम्पनी एवं क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी बगैरा पोंजी स्कीम्स चला रही थीं। जिन्हें भारत सरकार एवं राज्य सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था और जमाकर्ताओं/ठगी पीड़ितों के जमाधन की वापसी का दायित्व आवेदन लेकर सक्षम और सहायक सक्षम अधिकारियों को दिया था। राज्य सरकार ने प्रत्येक मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी को जमाकर्ता हित संरक्षण अधिकारी (सक्षम अधिकारी) बनाकर ठगी पीड़ितों से आवेदन लेकर उनके जमा धन के भुगतान की व्यवस्था की है। उक्त भुगतान कानूनों की अनुपालना करवाने के लिए हमारा संगठन ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार, तपजप लगातार सत्याग्रह कर रहा है और सरकार से ठगी पीड़ितों के समुचित भुगतान की मांग कर रहा है। अलीगढ़ मंडल के सभी जिलों में सरकार ने भुगतान आवेदन के लिए भुगतान पटल/विंडोज ओपन किए थे और सक्षम अधिकारी एवं अधिकारी पीड़ितों के आवेदन ले रहे थे। पीड़ितों की समस्या के समाधान के लिए सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल के बाद राज्य में खुले ऑनलाइन पोर्टल भी स्थापित किए थे। जो प्रायः बंद रहते हैं। जिससे पीड़ित अपनी शिकायत दर्ज नहीं करपा रहे हैं और राज्य में निवेशकों एवं एजेंट्स के बीच हाहाकार मचा हुआ है और आपस में लड़ रहे हैं जो गंभीर रूप लेता जा रहा है। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 का दुरूपयोग निवेशक एजेंट्स के खिलाफ कर रहे हैं जिसके कारण राज्य के लाखों एजेंट्स में भय व्यास हो गया है और वह आत्महत्या तक कर रहे हैं। सभी कम्पनी और सोसाइटी बंद हो चुकी हैं और उनके प्रबंधक जेलों में हैं या फरार हैं। इन कम्पनीज में काम करने वाले एजेंट् जो स्वयं निवेशक भी हैं पुलिस द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के कारण अत्यंत तनाव में हैं और आए दिन उनके साथ अप्रिय वारदात हो रही हैं। ठगी पीड़ितों ने कहा कि सरकारी थाना स्तर पर ठगी पीड़ितों के आवेदन लेने के लिए शिविरों का आयोजन कर दे तो उपरोक्त समस्या का समाधान किया जा सकता है। इस मौके पर मुरारी लाल, श्यामपाल सिंह, प्रणवीर सिंह कटियार, कृष्णा दीक्षित, महेशचंद्र राठौर, विक्रान्त, रवि प्रताप सिंह यादव, धर्मेंद्र सिंह, नासिर खान, अशोक बाबू, अमित यादव, सुमित कुमार, राम प्रताप सिंह, मनोज कुमार, राजरानी, प्रीती, सुधा, जीतू, गिरन्द सिंह, सोनी देवी, रानी देवी, सुदामा सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण

## वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पुलिस ने वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पीड़िता द्वारा दिनाँक 28.01.2025 को सूचना दी गयी कि अभियुक्तगण द्वारा उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की गयी तथा शिकायत करने पर अभियुक्तगण द्वारा पीड़िता के पुत्र के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की गयी। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कमालगंज पर दिनांक 28.01.2025 को मु0अ0सं0 18/2025 धारा- 115(2)/74/352 बी.एन.एस. व 9/10 पाक्सो एक्ट बनाम 1. सलमान पुत्र गुड्डू निवासी ग्राम सबासी थाना कमालगंज 2. सोहेल पुत्र राजू निवासी ग्राम रिजगिर देवकली बांगर कोतवाली कन्नौज पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त अभियुक्तगणों को पुलिस ने आज गिफ्तार कर लिया।

# मौनी अमावस्या पर हर-हर गंगे के बीच भक्तों ने लगायी गंगा में डुबकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


गंगा स्नान करते भक्तगण

मौनी अमावस्या पर भक्तों ने पांचाल घाट गंगा तट पर पहुंचकर हर-हर गंगे के बीच गंगा में डुबकी लगायी और गंगा तट पर पूजा अर्चना की। कई भक्तों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार पुरोहितों को दान दक्षिण दी। जानकारी के अनुसार मौनी अमावस्या पर स्नान दान का महत्व बहुत अधिक माना जाता है। मौनी शब्द का अर्थ है मौन यानी चुप रहने से संबंधित है। इसे मौन रहने और आत्मचिंतन के लिए विशेष दिन माना जाता है। मौन रहने से व्यक्ति आत्मचिंतन करता है और अपने अंतर्मन की शांति प्राप्त करता है। इस साल मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी योग का शुभ संयोग बन रहा है। त्रिवेणी योग को सुख समृद्धि प्राप्ति के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी कड़ी में भक्तों ने ब्रह्ममुर्हत में पांचाल घाट गंगा तट पर पहुंचकर गंगा स्नान किया और पूजा अर्चना की। कई भक्तों ने कथा का आयोजन कराया। किसी अनहोनी घटना के मद्देनजर पुलिस तैनात की गयी थी। जो एक दायरे में ही भक्तों को स्नान करने की अनुमति दे रही थी।

वहीं बेरीकेटिंग भी की गयी थी। बेरीकेटिंग के अंदर ही स्नान करने की अनुमति थी। भारी भीड़ के चलते पुल पर कई बार जाम भी लगा। जिससे पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

अपने जनपद के अलावा आसपास के जनपद जैसे हरदोई, मैनपुरी, कन्नौज, शाहजहांपुर आदि जनपदों से भी भक्तों ने आकर गंगा में डुबकी लगायी। इस बार महाकुम्भ के चलते पांचाल घाट पर भक्तों की भीड़भाड़ कम देखी गयी, क्योंकि अधिकांश लोग प्रयागराज कुम्भ के लिए रवाना हो गये।

# साहसी बालिका संस्था ने नेकी की दीवार कार्यक्रम के तहत वितरित किये कपड़े

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


गरीबों को कपड़े वितरित करते संस्था के पदाधिकारी

साहसी बालिका संस्था द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नेकी की दीवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्यों द्वारा विगत 6 माह से कायमगंज नगर के घर-घर में जाकर इन कपड़ों, घरेलू सामानों को एकत्रित किया जाता है और भट्टों पर रहने वाले मजदूरों को यह कपड़े और समान वितरित किए जाते हैं। संस्था ने लोगों से अपील की है कि वह अपने पुराने अथवा नये कपड़े दान कर सकते हैं।

जिससे गरीबों का भला होगा। कार्यक्रम में प्रयाग नारायण अस्पताल से डॉक्टर कविता शर्मा, कायमगंज के आर.एस.एस. नगर प्रचारक चन्द्रेश, पुलिस मंडी समिति प्रभारी अवधेश, रामकुमार अग्रवाल, सुभाष गुप्ता, धनपाल शाक्य के साथ संस्था से खुशबू मिश्रा, शिल्की मिश्रा, अंकुर मिश्रा, निकेता, अंजू, कशिश, संजना,सा दिव्या, गरिमा, चांदनी, चिराग आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पाठक नई कालोनी निवासी प्रमोद शर्मा उम्र 40 वर्षीय पुत्र रामदत्त शर्मा मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। वहीं मेरापुर थाना क्षेत्र के गॉव मनिक नगला निवासी अनुज कुमार उम्र 18 वर्षीय पुत्र सुखदेव कुमार बाइक द्वारा किसी काम से जा रहा था। रास्ते में मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### युवक ने जहरीला कीटनाशक पिया

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव बिराहिमपुर नरोत्तम निवासी शिवानी उम्र 19 वर्षीय पुत्र रामबक्श ने घरेलू विवाद के चलते जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव घसिया चिलौली निवासी सुनील कुमार सक्सेना उम्र 40 वर्षीय पुत्र रामप्रसाद की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई। परिजनों ने बताया की अचानक हालत बिगड़ी और हम लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुँचे जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले आए। ग्रामीणो की चर्चा के अनुसार सुनील कुमार शराब पीकर घर आया और आते ही पत्नी सुधा के साथ झगड़ा करने लगा। कुछ देर बाद सुनील ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी सुधा सहित तीन बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### वृद्धा समेत दो महिलाओं की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के नगर के मोहल्ला चिलॉका निवासी मीना बेगम उम्र 60 वर्षीय पत्नी रव्वानी की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही छः बच्चे शाहीन, चन्दा, शवीना, रजिया, अर्शी, बेटा कलीम सहित आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं दूसरी ओर कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पितौरा निवासी ताहिरा बेगम उम्र 45 वर्षीय पत्नी कलीम अली की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर जितेन्द्र कुमार ने ताहिरा बेगम को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### शौच गई किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने अपनी 14 वर्षिय पुत्री के लापता हो जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 23 जनवरी की रात 9 बजे मेरी 14 वर्षीय किशोरी पुत्री घर से शौच करने की बात कहकर गई थी, लेकिन वापस घर नहीं आई। काफी खोजबीन की पर उसका कोई पता नहीं चल सका। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मोबाइल हेल्थ टीम ने संतों का किया चेकअप, दी दवाइयां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


धर्म चेतन्य महाराज का चेकअप करती मोबाइल हेल्थ टीम

मिनी कुम्भ मेला रामनगरिया में मोबाइल हेल्थ टीम ने संतों के शिविरों में जाकर उनका चेकअप किया और दवाइयां वितरित कीं।

जानकारी के अनुसार बुधवार को मेला रामनगरिया में मोबाइल हेल्थ टीम ने धर्म चेतन्य महाराज के शिविर में पहुंचकर महाराज का चेकअप किया और आवश्यक दवायें वितरित कीं। इसके अलावा टीम ने अन्य संतों के शिविर में भी जाकर उनका चेकअप किया और आवश्यक दवायें वितरित कीं।

मोबाइल टीम के चिकित्सकों ने संतों को सलाह दी कि सर्दी का मौसम है। ऐसे में जरा सी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है। इसलिए उम्र को देखते हुए विशेष एतियात बरतने की जरुरत है। सांस आदि के मरीजों को सर्दी बहुत जल्द लगती है। इसलिए उन्हें सर्दी से विशेष रुप से बचने की जरुरत है। सर्दी में कफ रोग ज्यादा होते हैं, जैसे निमोनिया, जुकान, खांसी आदि। इस मौके पर डॉ. शालिनी द्विवेदी, डॉ. पुष्पेद्र, फार्मासिष्ट पंकज कुमार, सपोर्ट स्टाफ राम किशोर एवं वालंटियर प्रबल शुक्ला टीम में मौजूद थे।

# मस्जिद के मौलाना सहित चार पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

- मौलाना ने किशोरी का धर्म परिवर्तन कराने की भी दी धमकी
- थानाध्यक्ष ने बताया मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर लिया गया है

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

मवेशी बांधने गयी किशोरी के साथ मौलाना ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर छेड़छाड़ कर दी। मौलाना व साथी किशोरी का मुँह बंद कर गाड़ी में घसीटकर ले जाने लगे। किशोरी की माँ के आ जाने पर आरोपी फरार हो गये। पिता के द्वारा शिकायत पर आरोपी ने जानमाल की धमकी दी है। मौलाना ने किशोरी का धर्म परिवर्तन कराने की भी धमकी दी है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मौलाना सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की किशोरी पुत्री 17 जनवरी को दरवाजे पर बंधे मवेशी को खोलकर घर में बांधने गयी थी। घात लगाकर बैठे जनपद बरेली के मूल निवासी मस्जिद के मौलाना ने अपने साथी सादाब के साथ किशोरी का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। मौलाना किशोरी का मुँह बंद कर खींचकर गाड़ी में ले जाने लगा। किशोरी की माँ के आ जाने पर आरोपी मौलाना फरार हो गया। सुबह आरोपी सादाब के पिता महमूद अली व भाई आमिर अली ने थाने मे शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी है। दबंग युवकों ने किशोरी का धर्म परिवर्तन कराने की भी धमकी दी है। पीड़ित दबंग युवक है। पीड़ित के पिता ने परिवार को खतरा बताया है। थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्या ने बताया मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर लिया गया है। आरोपी सादाब का शांतिभंग मे चालान किया गया है।

# शुभ मुर्हत में डीएम व ईश्वरदास महाराज ने लगायी गंगा में डुबकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


गंगा में डुबकी लगाते डीएम व ईश्वरदास महाराज

मौनी अमावस्या पर अमृत योग में स्नान करने के लिए शहर के पांचाल घाट पर लाखों श्रद्धालुओं नें आस्था की डुबकी लगाकर पुन्य कमाया। वहीं दूसरी तरफ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने महंत ईश्वर दास महाराज के साथ डुबकी लगाकर सुख समृद्धि का कामना की। बुधवार को पौ फटते ही जिलाधिकारी पांचाल घाट दुर्वाषा ऋषि आश्रम पंहुचे और ईश्वरदास महाराज का आशीर्वाद लिया। आश्रम का भ्रमण करने के बाद उनके साथ गंगा के पवित्र जल में स्नान कर मंगलकामना कर सूर्य को जल अर्पित किया। इसी दौरान उन्होंने नें आश्रम की गायों को गुड़ आदि भी खिलाया और आश्रम के मन्दिरों के दर्शन किये। उन्होंने गंगा को और साफ व अविरल बनाने की लोगों से अपील की। अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति भी साथ रहे। ईश्वर दास महाराज से जिलाधिकारी ने जनपद के कई मसलों पर वार्ता की। साथ ही आध्यात्मिक चर्चा भी की।

# अचानक शुरू हुए कटान से कल्पवासियों की मुश्किलें बढ़ीं

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**


गंगा में हो रहा कटान का दृश्य

ढाईघाट शमशाबाद जहां माघ का महीना आरंभ होते ही रामनगरिया का मेला सजने लगा था। आजकल मेला सबाब पर है। चारों ओर कल्पवासियों साधु संतों के टेंट सजे हुए हैं। साधु संत गंगा मैया की पवित्र जलधारा में गोते लगाकर भगवान के गुणों का गुणगान कर रहे हैं। हर तरफचकाचौंध का माहौल है। मेले की सजावट देखते ही बन रही थी। कहावत है ज्यादा खुशियां कभी-कभी मुश्किलों का कारण बनने लगती हैं। जी हां आजकल ढाईघाट शमशाबाद की पवित्र गंगा नदी जहां बसी रामनगरिया में कल्पवास करने वाले कल्पवासियों साथ कुछ अलग होता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है गंगा नदी के किनारे कल्पवास कर रहे कल्पवासियों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं, क्योंकि गंगा की जलधारा से कटाव बढ़ गया, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। परिणाम कल्पवासी साधु संत के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिखने लगीं हैं। मायूस कल्पनासियों का कहना था अगर कटान यूं जारी रहा तो उन्हें तंबू आदि उखाड़ कर दूसरी जगह पर जाना पड़ेगा। बुधवार को रामनगरिया पहुंचे हमारे संवाददाता को कल्पवासियों ने बताया गंगा मैया का जलस्तर बढ़ने लगा है। जिससे नदी के किनारे कटाव देखा जा रहा, जो कल्पवासियों के लिए एक चिंता का विषय है। देखना है गंगा मैया का आदेश क्या होता है। संतो ने कहा अगर गंगा मैया की मर्जी होगी तो कल्पवास करेंगे नहीं तो झुग्गी झोपड़ी आगे पीछे करेंगे। संतों का कहना था यह उनका सौभाग्य है जो उन्हें पौराणिक ऐतिहासिक स्थलढाई घाट शमशाबाद में कल्पवास करने का मौका मिला। वरना कोई नहीं जानता कल क्या होगा। बाकी सब गंगा मैया की मर्जी।

# तालाब में फिर दिखा मगरमच्छ, दहशत के साये में जी रहे ग्रामीण

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**


तालाब से निकला मगरमच्छ

राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोंटिया में पहली बार 25 दिसम्बर को तालाब में मगरमच्छ देखा गया था। वन विभाग की टीम पहुंचने पर मगरमच्छ तालाब में घुस गया था। तालाब में घनी जलकुंभी होने पर वन विभाग ने रेस्क्यू ऑपरेशन करने से हाथ खड़े कर दिए।

ग्रामीण तब से मगरमच्छ के खौफ के बीच जीने को मजबूर है। खंड विकास अधिकारी राजेपुर सुनील कुमार जायसवाल के निर्देश के बाद ग्राम सचिव राजीव सुमन ने ग्रामीणों के साथ मिलकर जलकुंभी हटवाने का अभियान चलाया। पिछले एक सप्ताह से कई पंप सेट लगाकर तालाब का पानी कम कराया गया। एक दर्जन मजदूर लगवाकर और जेसीबी से तालाब की जलकुंभी को हटा दिया गया। अब तालाब में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने लायक हालत बन गए हैं। जानकारी के अनुसार गांव वालों ने कई बार वन विभाग की टीम से संपर्क किया, लेकिन वन दरोगा ने फोन नहीं उठाया। अब पुनः ग्राम सचिव ने ग्रामीणों की मदद से तालाब की जलकुंभी को साफ कर दिया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए वन विभाग की टीम का इंतजार है। अगर वन विभाग की टीम बिना लापरवाही समय पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करती है। तो कुछ ही दिनों में मगरमच्छ के खतरे से ग्रामीणों को निजात मिल जाएगी। हालांकि जिला वन अधिकारी प्रत्यूष कटियार ने बताया था कि कि जल्द ही वन विभाग की टीम मौके पर जायेगी। मगरमच्छ को रेस्क्यू करने का काम भी शुरू किया जाएगा, लेकिन उसके वावजूद भी वन विभाग टीम रेस्क्यू करने नहीं पहुंची। खतरनाक जीव मगरमच्छ के खतरे को देखते हुए गांव के ग्रामीण अब उस तालाब के आसपास तक जाना मुनासिब नहीं समझते है। खेतों में काम करने वाले किसान भी अनजाने भय से लगातार सहमें रहते हैं। इस स्थिति को देखते हुए वन विभाग को चाहिए कि वह मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर जल्द से जल्द मगरमच्छ को वहां से हटाने का काम करें। जिससे खेतों में काम करने वाले किसान भय मुक्त होकर अपनी फसलों की देखभाल कर सकें।

# अग्निवीर सैनिक भर्ती में युवाओं ने दिखाया दमखम, 259 ने पास की दौड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


भर्ती देखने जाते युवा

अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के पहले दिन युवाओं ने अपना दमखम दिखाया। इस दौरान फतेहगढ़ के तीन स्कूल अग्निवीरों के रुकने के लिए चिंहित किये गये। जानकारी के अनुसार बुधवार को पहले दिन अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया शुरु की गयी। अग्निवीरों की भर्ती सैनिक भर्ती बोर्ड बरेली की तरफ से आयोजित की जा रही है। स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में युवाओं के डॉक्यूमेंट चेक चेक किए गए। इसके बाद युवाओं को राजपूत रेजीमेंट सेंटर के करिअप्पा ग्राउंड पर भेज दिया दिया गया। जहां युवाओं ने रनिंग ट्रैक पर दौड़ लगाकर अपना दम कम दिखाया। फतेहगढ़ के अधिग्रहित किये गए तीन स्कूलों में अग्निवीर भर्ती देखने आए युवाओं के रुकने की व्यवस्था की गई है। जहां सभी सुविधायें उपलब्ध हैं। इस दौरान सिविल पुलिस भी जगह-जगह तैनात की गयी। जिससे युवा कोई उपद्रव न कर सकें। बताते चलें कि 734 युवाओं को कॉल लेटर भेजे गये थे। जिसमें 536 उपस्थित रहे। जिसमें से 259 युवा ही दौड़ निकाल सके।

# घुमना व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दिलीप गुप्ता व महामंत्री धीरेन्द्र राजपूत बने

**नवनियुक्त पदाधिकारियों का मनोनय पत्र देकर किया गया स्वागत**



स्वागत के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी व मनोनयन पत्र देते अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक अंगूरीबाग स्थित विपिन गार्डन में सम्पन्न हुई। नगर अध्यक्ष मोहम्मद हाजी इखलाक खां व नगर महामंत्री राकेश सक्सेना ने घुमना इकाई का गठन करते हुए घोषणा की। दिलीप गुप्ता को घुमना व्यापार मण्डल का अध्यक्ष, महामंत्री धीरेन्द्र कुमार राजपूत, कोषाध्यक्ष रामकुमार पाण्डेय व संयुक्त महामंत्री विनय कुमार गुप्ता को बनाया। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला व जिला उपाध्यक्ष अनिल उर्फ लालू कनौजिया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। हाजी इखलाक खां व राकेश सक्सेना ने माल्यार्पण कर मनोनित पदाधिकारियों का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए हर समय तैयार है। जिला उपाध्यक्ष अनिल उर्फ लालू कनौजिया ने कहा कि व्यापार मण्डल दिनों-दिन मेहनत कर रहा है और परिवार बढ़ता जा रहा है। मोहम्मद हाजी इखलाक खां ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के लिए हर समय तैयार है। इसके लिए हमें चाहें क्यों न प्रशासन व नगर पालिका से लड़ाई लड़ना पड़े हम व्यापारी हित में आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हूं। शीघ्र ही रेलवे रोड का सुंदरीकरण किया जाये। नगर महामंत्री राकेश सक्सेना ने कहा कि शहर की सभी इकाईयों का गठन होगा। सुतहट्टी, घुमना, अंगूरीबाग, मऊदरवाजा, पक्कापुल, लालगेट आदि का शीघ्र गठन होगा। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला व नगर अध्यक्ष प्रीती गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किये। इस मौके पर जिला महामंत्री नरेश पालीवाल, रामजी लाल पाठक, श्यामसुंदर गुप्ता, आदित्य कटियार, अंकुर गुप्ता, राजन राय जौली, जगदीप सिंह, सर्वेन्द्र सिंह, अनुपम रस्तोगी, अंकुर श्रीवास्तव, सीता भदौरिया, डॉ. अरुण अग्निहोत्री, डॉ. महेन्द्र श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, राजू गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# समय पर वेतन का भुगतान कराये जाने की डीआईओएस से मांग

**प्रधानाचार्य परिषद ने दिया ज्ञापन**



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानाचार्य परिषद ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में आधार आइडी का कार्य प्रगति पर चल रहा है शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

जिन छात्रों का डाटा मिसपैच है उनमें समस्या आ रही है, उन्हें भी ठीक कराया जा रहा है। ऐसे में माध्यमिक विद्यालय के वेतन बिल स्वीकार कर भुगतान समय पर किया जाये। जो विद्यालय कुछ कारणवश आधार आइडी फीड करने में पिछड़ गये है उन विद्यालयों का वेतन न रोंका जाये। उनके भी विद्यालय आधार आइडी का कार्य पूर्ण करने में लगे है और समय रहते कर लिया जायेगा। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री संदीप चतुर्वेदी, अनिल सिंह, डॉ. बृजभूषण सिंह, राकेश गुप्ता, इंदू मिश्रा, सुमन त्रिपाठी, राघवेन्द्र मिश्रा, डॉ. विनीत चौहान, डॉ. अनिल मिश्रा, संतोष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# चित्र, मित्र और चरित्र से जीवन बनता है पवित्रः आचार्य चन्द्रदेव



प्रवचन करते आचार्य प्रदीप शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीराम नगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा प्रयागराज कुम्भ मेले में हुई भगदड़ में जिन लोगों ने अपनों को खोया है उनके परिजनों के प्रति वैदिक क्षेत्र की ओर से शोक संवेदना प्रकट करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत हुई आत्माओं को सद्गति प्राप्त हो। मध्यान्ह की सभा में आचार्य ने बताया कि चित्र, मित्र और चरित्र से जीवन पवित्र बनता है। जिनके घरों में श्रेष्ठ आदर्श महापुरुषों के चित्र हों, जिसके मित्र श्रेष्ठ स्वभाव वाले हों और जिसका चरित्र महान हो उसका जीवन निश्चित रूपेण पवित्र बनता है। हमारे घरों में सुन्दर और श्रेष्ठ चित्र होने आवश्यक हैं, क्योंकि चित्र को देखकर भी हमारा चरित्र बनता है।

हमारे मित्र भी अच्छे हों, शास्त्रों में कहा गया है कि जो मित्र को पापों से बचाने वाला हो वो सच्चा मित्र है। चरित्र के बारे में विचारकों का कथन है कि धन गया तो कुछ नहीं गया, स्वास्थ्य गया तो कुछ गया और जिसका चरित्र गया तो उसका सब कुछ चला गया। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को चरित्र की यत्न पूर्वक रक्षा करनी चाहिए। आचार्य प्रदीप शास्त्री, पण्डित धनीराम बेधड़क, पण्डित शिवनारायण आर्य आदि ने भी अपने उपदेशों से समाज उत्थान की चर्चा की। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य आदि उपस्थित रहे।

# मौनी अमावस्या पर कचहरी में तहरी भोज का हुआ आयोजन



तहरी परोसते अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मौनी अमावस्या पर जिला बार एसोसिएशन की तरफ से फतेहगढ़ कचहरी प्रांगण में तहरी भोज का आयोजन हुआ। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव की मौजूदगी में सभी पदाधिकारियों ने तहरी भोज का आयोजन किया। मौनी अमावस्या के पर्व को देखते हुए बार एसोसिएशन की तरफ से अधिवक्ताओं के लिए तहरी भोज भण्डारा सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं व वादकारियों ने भी भण्डारे में प्रसाद पाया और एक दूसरे को मौनी अमावस्या की शुभकामनायें दी। मौनी अमावस्या होने पर न्यायालय परिसर में वादकारी कम संख्या में पहुंचे। इसी के चलते तहरी भोज का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह यादव, अधिवक्ता सोनू मिश्रा, सुनील राठौर, अरविन्द कुमार राजपूत, सचेन्द्र प्रताप सिंह यादव, शिखर सक्सेना, शेर सिंह यादव आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता व कलेक्ट्रेट आदि लोगों ने भाग लिया।



शिविर में फार्म भरवाते बुजुर्ग

# आयुष्मान योजना के अन्तर्गत 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों के भरे गये फार्म

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेठ गली स्थित अग्रवाल सभा भवन में आयुष्मान योजना के अन्तर्गत 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों के कार्ड बनवाने हेतु फार्म भरे गये। आयुष्मान योजना के तहत जो लोग पात्र है उनके पास कार्ड उपलब्ध नहीं है। उन बुजुर्गों के लिए शिविर लगाकर फार्म भरवाये गये। बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु फार्म भरे। सभासद अतुल शंकर दुबे, संजय गर्ग ने आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग किया। कैम्प शिविर में शाम 5 बजे तक बड़ी संख्या में फार्म भरे गये। तीन दिवसीय शिविर में प्रथम दिन एक सैकड़ा बुजुर्गों के फार्म भरे गये। आयुष्मान कार्ड योजना के तहत गरीब, जरुरतमंद लोगों के लिए सरकार पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज कराती है। इस कार्ड के बन जाने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिन्हित अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारक अपना मुफ्त इलाज करा सकेंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत जनपद स्तरीय प्रतियोगितायें सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

माध्यमिक शिक्षा की जनपद स्तरीय राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की भाषण, क्विज तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन एमआईसी में सम्पन्न हुआ।

परिवहन विभाग तथा जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह के आदेश अनुसार म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट के गिरिजाशंकर को माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय भाषण, क्विज तथा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन कराये जाने हेतु जनपदीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। बुधवार को 10 बजे से जनपद स्तरीय राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयी। तीनों प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए जनपद के विभिन्न विद्यालयों से छात्र-छात्राएं जिनका चयन विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार हेतु चयन किया गया। जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के भाषण प्रतियोगिता में 24, क्विज प्रतियोगिता में 23 तथा पोस्टर प्रतियोगिता में 34 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। भाषण हेतु निर्णायक की भूमिका कै. बलविंदर सिंह व प्रवक्ता सोनी कटियार ने निभायी। क्विज प्रतियोगिता हेतु निर्णायक आदेश गंगवार व सरिता त्रिवेदी रही। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक संतोष कुमार सरोज, निरुक्त मिश्रा रहे। प्रतियोगिताओं में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कृति शुक्ला मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज रहीं। द्वितीय स्थान पर राबिया बानो आरपी इंटर कॉलेज कमालगंज की छात्रा रही, जबकि तृतीय स्थान पर सौम्या मिश्रा एनएकेपी बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा रहीं। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मुस्कान महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, द्वितीय स्थान पर वैष्णवी दुबे मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलज फर्रुखाबाद तथा ग्रंथ बाथम म्युनिसिपल इण्टर कॉलेज फतेहगढ़ रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जैनब उस्मानी डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखिरिया, द्वितीय स्थान पर दिव्यांशी कुशवाह, मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज, जबकि तृतीय स्थान पर अवंतिका अग्निहोत्री एनएकेपी बालिका इंटर कॉलेज की रही। समापन होने पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत तथा प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट की गिरिजाशंकर ने सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई। प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र को 3000 रुपये, द्वितीय स्थान पर विजेता छात्र-छात्रा को 2000 तथा तृतीय स्थान पर विजेता छात्र को 1500 रुपए की धनराशि छात्र-छात्रा के खाते में सीधे ट्रांसफर की जाएगी। विजेताओं को पुरुस्कार डीएम द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में 31 जनवरी को दिया जायेगा। इस मौके पर शिक्षक विश्व प्रकाश, मयंक रस्तोगी, अरविंद कुमार, प्रबल प्रताप सिंह, डॉ0 दिनेश चंद्रा, अशोक कुमार कठेरिया, सत्येंद्र सिंह, अमिताभ आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# फर्जी नसबंदी करने वाली महिला डॉक्टर के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद में तैनात महिला चिकित्सक ने रुपये मांगने की शिकायत करने की बात पर एक महिला की फर्जी नसबंदी कर दी। पीड़ित महिला ने आरोपी महिला डाक्टर के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर कर कार्यवाही की मांग की गई।

थाना मऊदरवाजा के क्षेत्र टिमरुआ निवासी रेनू पत्नी संजय शर्मा ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि वह गरीब महिला है और उसके पहले से ही पांच बच्चे है। अपनी नसबन्दी कराने के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहम्मदाबाद में तैनात डाक्टर आशा अरोड़ा से सम्पर्क किया। तब डॉ0 अरोणा ने मेरे पति से कहा कि मैं आपकी पत्नी की नसबन्दी कर दूंगी और आपको दवाई व नसबन्दी का 10 हजार रुपये देना होगा। जिस पर मैं व मेरे पति राजी हो गये। 21 फरवरी 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुलाया गया और डाक्टर आशा अरोड़ा ने मुझसे 5 हजार रुपये लिये। बांकी रूपये ऑपरेशन के बाद देने को कह दिया। नसबंदी का आपरेशन करते समय मैंने डा0 आशा अरोड़ा से कहा कि आप ने और लोगों से रुपये नहीं लिये मुझसे 10 हजार रुपये तय कर लिये। इतना सुनते ही आशा अरोड़ा नाराज हो गयी और धमकी दी कि तेरा ऑपरेशन मैं अब अच्छी तरह से करूंगी और ऑपरेशन करके ओटी से बाहर निकलकर अपने कमरे पर चली गयी। मैंने बात अपने पति को बतायी। कुछ समय बाद मैंने 21 अक्टूबर 2024 को डॉ. राममनोहर लोहिया महिला चिकित्सालय में जांच करायी तो मालूम हुआ की मैं गर्भवती हूं। जिसके बाद मैंने अल्ट्रासाउंड कराया तो मुझे गर्भधारण करने की पुष्टि हुई।

मैंने दूसरे दिन डॉ0 आशा अरोड़ा से बात की तो उसने बताया कि तुम्ही रेनू हो जो बांकी रुपया देने के लिए किसी से शिकायत की बात कह रही थी, इसलिए मैंने तुम्हारी फर्जी नसबन्दी करके तुम्हे गुमराह करके रखा है। पीड़िता का आरोप है कि डाक्टर आशा अरोड़ा ने मुझे नसबंदी के कागजात भी छीन लिये और धमकी दी कि तुम्हारे पास कोई साक्ष्य नहीं है।

तुम लोग मेरा कुछ नहीं कर सकते। घटना की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़िता ने आरोपी महिला डाक्टर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कराये जाने की गुहार लगायी है।

# प्रयागराज घटना पर कांग्रेसियों ने मृतक श्रद्धालुओं को दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मृतकों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

प्रयागराज के महाकुम्भ में अमृत स्नान को लेकर उमड़े जन सैलाब में कुछ लोग दबकर हादसे का शिकार हुए। उनकी आत्मा की शांति के लिए कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी के नेतृत्व में नीबलपुर स्थित लक्ष्मणदास गढ़ी पर प्रयागराज में हुई घटना को लेकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। प्रयागराज में घटी घटना में कई श्रद्धालु मौत का शिकार हुए है और काफी संख्या में श्रद्धालु चुटैल हुए है। उन सभी के लिए कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही घायल श्रद्धालुओं के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की भगवान से प्रार्थना की। कांग्रेस का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते घटना घटित हुई है यह निंदनीय है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, वरुण त्रिपाठी, डॉ. अरुण अग्निहोत्री, हिलाल शफीकी, धर्मेन्द्र शाक्य, मनोज कुमार, विशाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## एआरटीओ ने दो पिकअप पकड़ीं एक सीज, दूसरे का किया चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** आरटीओ सुभाष वर्मा ने नवाबगंज क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें एआरटीओ ने दो पिकअप गाड़ियों को पकड़ लिया। जिसमें एक गाड़ी सचिन कुमार पुत्र यशकरन निवासी चांदपुर थाना नवाबगंज गाड़ी नंबर यूपी 76 टी5756 जिसके फिटनेस प्रदूषण बीमा आदि गाड़ी पर नहीं मिले। एआरटीओ ने गाड़ी को सीज कर दिया। दूसरी गाड़ी यूपी 32टीएन1430 जिसके मालिक हरिओम महोई पडयाना लखनऊ उनकी गाड़ी भी पकड़कर चालान किया गया। दोनों गाड़ियों को थाने में लाया गया। थाना में प्रपत्र देकर थाने की सुपुर्दगी में दी गयीं। दो गाड़ियों के पकड़े जाने से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। काफी वाहन चालकों ने अपने-अपने वाहन इधर-उधर रोककर खड़े कर लिए। सुबह- सुबह आरटीओ को देखकर वाहन चालकों में पूरे दिन दहशत का माहौल रहा।

# धक्का लगाकर स्टार्ट हो रही है रोडवेज की खटारा बसें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



खटारा बस में धक्का लगाते लोग

रोडवेज विभाग में कई बसें खटारा हो गयी है, तो कई बसों में से बैटरी खराब है। सड़क पर अचानक रोडवेज बसें बंद हो जाती है। जहां एक तरफ जाम की समस्या का कारण बनती है तो वहीं सवारियों को ही अपना पसीना बहाना पड़ता है। बस को स्टार्ट कराने के लिए सवारियों को भी धक्का लगाना पड़ता है। तब जाकर वह स्टार्ट होती है।

जब विभाग सवारियों से पूरा पैसा टिकट का लेते है तो धक्का लगाने का काम किसका है। अधिकांश बसों में बैटरी खराब होने के कारण बीच रोड पर खड़ी हो जाती है। जिससे कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आम नागरिकों व सवारियों को ही धक्का लगाना पड़ता है। इसे एआरएम व विभाग की लापवाही समझे। जबकि कोई भी बाहन हो परिवहन एक्ट के अनुसार उसकी अवधि निर्धारित है। उसके बाद वह कंडम यानी कबाड़े की श्रेणी में आ जाती है, लेकिन परिवहन विभाग में ऐसी कई बसें आपको देखने को मिलेगी जिनमें आप अगर बैठ जाये तो निश्चित ही आप बीमार हो जायेगे। अन्य वाहनों के हार्न का इतना शोर नहीं होगा जितनी यह बसें आवाज करती है। सर्दी के मौसम में ऐसी बसों में सफर करने का मतलब है कि जान जोखिम में डालना, अधिकांश बसों की खिड़की के शीशे ही गायब है। कभी-कभी खराब बसों के कारण लोग घंटों इंतजार करते है और समय पर नहीं पहुंच पाते है। यह रोडवेज परिवहन विभाग की बड़ी लापरवाही है। ऐसी ही बस फर्रुखाबाद डिपो की जो हरदोई, दिल्ली तक संचालित है। यूपी 76के/9540 जो 13 से 14 वर्ष पुरानी है, वह भी रोड पर दौड़ रही है। इन खटारा बसों में सवारियां बैठने में एतराज करती है, उसके बावजूद भी विभाग ऐसी बसों को रोड पर चलवा रहा है तो जिम्मेदारी किसकी बनती है। विभाग समय रहते ऐसी बसों की मरम्मत करायें या कंडम करके नई बसों का संचालन करें। काफी सवारियां धक्का लगाने में एतराज करती है, ऐसे में चालक-परिचालक धक्का लगाने के लिए मजबूर कर देते है। वहीं चालक-परिचालक की अगर माने तो उनका कहना है कि बस की कंडीशन के बारे में विभाग को एक नहीं अनेकों बार बता चुके है, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चालक-परिचालक पर भी विभाग का दबाव रहता है कि वह प्रत्येक चक्कर में तय की गई धनराशि से कम की सवारियां का पैसा जमा करते है तो उनकी कटौती होती है। लेकिन खुलकर कोई बोलने को तैयार नहीं है।

# बागवानी में मशीनीकरण से लाभान्वित कृषकों को सांसद ने सौंपी सांकेतिक चेक

**दो दिवसीय कृषक गोष्ठी/मेला व भ्रमण कार्यक्रम का हुआ आयोजन कृषक अपनाये जैविक खेती**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कृषक को चेक प्रदान करते जनप्रतिनिधि व अधिकारी

एकीकृत बागावानी विकास मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय कृषक गोष्ठी/मेला व भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन स्थान सांस्कृतिक पाण्डाल मेला श्री रामनगरिया, पांचालघाट में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किया गया। औद्यानिक खेती से संबन्धित तकनीकी जानकारी कृषि विज्ञान केन्द्र, जाजपुर बंजारा, के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वीके शर्मा एवं डॉ. अभिमन्यु के द्वारा दी गई। गोष्ठी में सांसद मुकेश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह राठौर प्रदेश सह संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ भाजपा, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र एवं जिला विकास अधिकारी एसके तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए तथा कृषकों की मौजूदगी में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत समस्त संचालित योजनाओं के बारे में सर्व प्रथम आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी द्वारा अतिथियों/अधिकारियों का स्वागत किया गया तथा जनपद में संचालित योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। रूपेश गुप्ता ने किसानों को उद्यान विभाग की तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष ने उच्च गुणवत्तायुक्त शाकभाजी एवं पौध रोपण पर कृषकों से चर्चा की, एवं सांसद ने कृषकों को जैविक खेती अपनाने पर जोर दिया साथ ही साथ कृषकों के मध्य प्रचार-प्रसार पर जोर दिया, ताकि उन्नति खेती अपनायी जा सके।

सांसद ने बागवानी में मशीनीकरण से लाभान्वित कृषकों को अनुदानित धनराशि की सांकेतिक चेक प्रदान की। मुख्य विकास अधिकारी ने जैविक खेती, फसलों में कम से कम खरपतवारनाशक, कीटनाशक एवं रासायनिक खाद के प्रयोग के लिए आवाह्न किया।

# अनुज राजपूत ने मौनी अमावस्या पर किया भण्डारा, भक्तों ने पाया प्रसाद

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



भक्तों को प्रसाद परोसते प्रधान अनुज राजपूत आदि

मौनी अमावस्या के पर्व पर समाजसेवी अनुज राजपूत ने ढाई घाट स्थित गंगा तट पर पूजा अर्चना कर भण्डारे का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद पाया। ढाई घाट शमशाबाद की पतित पावनी मां गंगा के तट पर इस समय मेला लगा हुआ है।

जनपद के दूर दराज से आये भक्त कल्पवास कर रहे है। कई पाण्डालों में श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन चल रहा है तो वहीं बुधवार को मौनी अमावस्या पर्व होने के चलते हजारों लोगों ने गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की। ग्राम रमापुर जसू के प्रधान/ समाजसेवी/जनप्रतिनिधि अनुज कुमार राजपूत द्वारा रामनगरिया मेले में भंडारे का आयोजन कराया गया। भंडारे में सैकड़ो भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद पाया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि के अलावा बड़ी संख्या में लोग भण्डारे में शामिल हुए। मेले में इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर भी प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ।

